ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 10 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 24 सितम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 231 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म 'मिशन ... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### फायरिंग मामले में गृह सचिव ने डीसी और एसएसपी से मांगी रिपोर्ट

**रांची।** गृह सचिव अविनाश कुमार ने रांची के कांके थाना क्षेत्र स्थित ब्लॉक चौक के पास जमीन कारोबारी अवधेश कुमार पर हुई फायरिंग मामले का संज्ञान लिया है। गृह सचिव ने डीसी और एसएसपी से रिपोर्ट मांगी है। गृह सचिव की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि घटना में संभावित अभियुक्तों के खिलाफ 107 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई शुरू करने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की गयी है जबकि चितरंजन (अवधेश पर गोली चलाने वाला) उस इलाके का जाना-माना भू-माफिया है। उसके खिलाफ स्थानीय थाने में एक से अधिक मामले लंबित हैं। घटना के पूर्व में दिये गये निर्देशो का अनुपालन करते हुए और इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने को लेकर रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### सामूहिक दुष्कर्म करने के 3 आरोपी दोषी करार

**रांची।** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को नाबालिग को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपितों को दोषी करार दिया है। अदालत तीनों दोषियों की सजा की बिंदु पर 29 सितम्बर को फैसला सुनायेगी। दोषी करार आरोपितों में विजय रजवार, प्रेम कुमार और एक नाबालिग शामिल है। यह मामला डोरंडा थाना क्षेत्र के पोखर टोली में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना से जुड़ा है।

### सीसीएल एनके एरिया में कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे हाइवा में आगजनी

**रांची।** खलारी थाना क्षेत्र स्थित सीसीएल एनके एरिया के पुरनाडीह परियोजना क्षेत्र जामडीह में कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे हाइवा में शुक्रवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने आगजनी की है। जानकारी के अनुसार हाइवा जामडीह स्कूल के पास खड़ी थी। इसी दौरान चार से पांच की संख्या में आये युवकों ने पहले हवाई फायरिंग क और टंकी से डीजल निकालकर हाइवा में आग लगा दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस शनिवार सुबह मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

### फुटबॉल मैच के दौरान वज्रपात से दो युवकों की मौत, तीन घायल

**दुमका।** हंसडीहा मिशन के पास फुटबॉल मैदान में हिरला मरांग बुरु क्लब की ओर से आयोजित फुटबॉल मैच के दौरान वहां लगाये गये तंबू में आसमानी बिजली गिरने से घटनास्थल पर दो युवकों की मौत हो गयी। जबकि तीन लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार शनिवार को खेल के दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई। मैच देखने के लिए दर्शक बारिश से बचने के लिए मैदान के समीप बने टेंट में शरण लेने लगे। इसी दौरान टेंट पर वज्रपात हो गया और टेंट के अंदर बैठे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि तीन युवक घायल हो गए।

## लाह की खेती से महिलाओं का जीवन हुआ आसान



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
कल तक जिन महिलाओं का जीवन घर की चहारदीवारी के अंदर कैद थी और उनकी खुद की पहचान से वंचित थी, आज वही महिलाएं वनोपज उद्यमी के रूप में अपनी अलग पहचान बना रहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की ये महिला किसान लाह की खेती के जरिये बेहतर आजीविका की ओर अग्रसर हो रही हैं। लाह की खेती से महिलाएं न सिर्फ अपने गांव में ही रहकर अच्छी आमदनी अर्जित कर रहीं हैं, बल्कि राज्य में लाह उत्पादन में झारखंड को एक अलग पहचान दे रही हैं। ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के जरिये सखी मंडल की ग्रामीण महिलाओं को लाह की वैज्ञानिक खेती से जोड़कर आधुनिक कृषि तकनीक के माध्यम से उनकी आय में बढ़ोतरी के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

लाह की खेती से जीवन में बदलाव का उदाहरण हैं रनिया प्रखंड की डाहू पंचायत के सेमरटोली गांव की जोसफिना कंडुलना। जोसफिना बताती हैं कि वह 2016 में झारखंड लाइवलीहूड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के माध्यम से सखी मंडल से जुड़ी और 2020 में महिला समूह के माध्यम से वैज्ञानिक रूप से लाह की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया और लाह की खेती करना शुरू किया। वर्तमान में जोसफिना अपने पेड़ों के अलावा दूसरों के पेड़ों पर भी लाह का खेती कर रही है।

जोसफिना ने बताया कि वह साल में दो बार लाख की खेती करती है वैशाखी और केतकी। इससे वह हर साल लगभग दो लाख की कमाई करती है। लाह खेती करते-करते वह क्षेत्र में लाख विशेषज्ञ के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। अब जोसफिना का चयन आजीविका वन मित्र के रूप में हो गई है। जोसफिना बताती है कि उसके साथ अन्य 50 महिला किसान भी वैज्ञानिक तरीके से लाह की खेती कर रही हैं। आजीविका वन मित्र से दीदी को साल में लगभग 15 से 18 हजार रुपये की अलग आमदनी भी हो रही है। इस आय वृद्धि से जोसफिना अपने बच्चों को अच्छे विद्यालय में पढ़ा रही है। जोसफिना बताती हैं कि अब डाहू गांव ही नहीं, अन्य गांवों की महिलाएं भी लाह की खेती में रुचि दिखा रही हैं और अच्छी आमदनी प्राप्त कर अपनी जीवन शैली में सुधार ला रही हैं।

## पीएम आज रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाएंगे हरी झंडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 सितंबर को रांची-हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हरी झंडी दिखायेंगे। ट्रेन संख्या 02098 रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन उद्घाटन के बाद रांची से दिन के 12:30 बजे प्रस्थान करेगी। इसका सामान्य परिचालन 27 सितंबर से होगा। ट्रेन संख्या 02098 सप्ताह में छह दिन (मंगलवार छोड़ कर) प्रस्थान करेगी। रांची प्रस्थान सुबह 05:15 बजे, मूरी से प्रस्थान 06:17 बजे, कोटशिला से प्रस्थान 06:40 बजे, पुरुलिया से प्रस्थान 07:17 बजे, चांडिल से प्रस्थान 07:57 बजे, टाटानगर से प्रस्थान 08:45 बजे, खड़गपुर से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### ईडी ने 17 को भेजा था चौथा समन

# मुख्यमंत्री नहीं पहुंचे कार्यालय, भेजा पत्र



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के चौथे समन के बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय नहीं पहुंचे। ईडी ने जमीन घोटाले मामले में मुख्यमंत्री को 17 सितम्बर को समन भेजकर शनिवार को कार्यालय बुलाया था लेकिन उनकी जगह सीएम सचिवालय का कर्मचारी सूरज कुमार एक पत्र लेकर ईडी दफ्तर पहुंचा। ईडी को दिए पत्र में हेमंत सोरेन ने हाई कोर्ट में सुनवाई न होने तक कोई कार्रवाई नहीं करने का आग्रह किया है। इस दौरान पत्रकारों ने सीएम सचिवालय से आए सूरज कुमार से बातचीत करनी चाही लेकिन उन्होंने सिर्फ इतना ही कहा कि वह सीएमओ से आये हैं। पत्र देने आये थे। इसके बाद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### तीसरा समन जारी कर 9 अगस्त को बुलाया

**गौरतलब** है कि लैंड स्कैम मामले में ईडी ने सीएम हेमंत को 8 अगस्त को पहला समन जारी कर पूछताछ के लिए 14 अगस्त को बुलाया था। दूसरी बार 19 अगस्त को समन जारी कर 24 अगस्त को और तीसरी बार 01 सितंबर को समन जारी कर 9 सितंबर को बुलाया था। लेकिन इस बीच सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन दाखिल कर दिया था।

### चौथा समन जारी कर 23 सितंबर को बुलाया

**इसी** दौरान ईडी ने 17 सितंबर को चौथा समन जारी कर 23 सितंबर को आने को कहा था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 18 सितंबर को हुई सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता मुकुल रोहतगी को कहा था कि आपको पहले हाईकोर्ट जाना चाहिए। इसी आधार पर याचिका वापस लेने पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया था।

### मनी लांड्रिंग को लेकर ईडी कर रही कार्रवाई

**गौरतलब** है कि अवैध खनन मामले में 18 नवंबर 2022 को करीब 10 घंटे तक ईडी ने सीएम हेमंत से पूछताछ की थी। उसी पूछताछ के कुछ दिन बाद सीएम की ओर से ईडी को अपनी संपत्ति की सारी जानकारी मुहैया करा दी गई थी। जमीन घोटाला मामले में हुए मनी लांड्रिंग को लेकर ईडी लगातार कार्रवाई कर रही है। फिलहाल इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन के अलावा कारोबारी अमित अग्रवाल और विष्णु अग्रवाल समेत दस्तावेज में छेड़छाड़ के कई आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। अभी तक इस मामले में किसी को जमानत भी नहीं मिली है।

## नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव मामले में बहस पूरी, 30 को फैसला





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
वर्ष 2014 में पूरे देश में चर्चित हुए नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में रांची स्थित सीबीआई की स्पेशल कोर्ट 30 सितंबर को फैसला सुनाएगी। सीबीआई ने इस मामले की जांच वर्ष 2015 में शुरू की थी। इस मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के मामले में शनिवार को सीबीआई और बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई।

इसके बाद सीबीआई की विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने मामले में फैसले की तिथि 30 सितंबर निर्धारित की है। सीबीआई की ओर से की गई बहस के दौरान तारा शाहदेव द्वारा कोहली उर्फ रकीबुल पर लगाए गए धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना आरोपों को सही बताया गया। वहीं, बचाव पक्ष ने बहस के दौरान तारा शाहदेव द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया। बता दें कि नेशनल शूटर तारा शाहदेव ने रंजीत सिंह कोहली पर धोखा देकर शादी करने का आरोप लगाया था। दोनों की शादी 7 जुलाई 2014 को हुई थी। शादी के बाद उसे पता चला कि रंजीत सिंह कोहली पहले ही अपना धर्म बदलकर इस्लाम धर्म कबूल कर चुका था और उसने अपना नाम रकीबुल हसन रख लिया था। तारा शाहदेव से शादी के बाद रंजीत उर्फ रकीबुल उस पर इस्लाम कबूलने का दबाव बनाने लगा। तारा शाहदेव ने पुलिस में दर्ज कराए गए मामले में बताया था कि ऐसा नहीं करने पर उसकी पिटाई की जाती थी और कई बार कुत्ते से भी कटवाया गया था।

शाहदेव के मुताबिक, कई-कई दिनों तक उसे खाना भी नहीं दिया जाता था। रकीबुल और उसकी मां दोनों तारा को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे और उससे कहते थे कि अगर वह चाहती है कि उसकी शादीशुदा जिंदगी सामान्य रहे तो वह इस्लाम कबूल कर ले। उसे सख्त चेतावनी दी गई थी कि वह 'सिंदूर' न लगाए, अन्यथा उसके हाथ तोड़ दिए जाएंगे। तारा ने आरोप लगाया था कि ससुराल वालों की ओर से दहेज की भी मांग की गई। करीब डेढ़ महीने की प्रताड़ना के बाद 17 अगस्त 2014 को अपने भाई को एक घरेलू नौकर के मोबाइल फोन से कॉल किया और उसे पुलिस के साथ अपने ससुराल आने के लिए कहा। इसके बाद तारा को मुक्त कराया गया था। पूरे देश में चर्चित हुए इस केस को हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने 2015 में टेक ओवर किया था। जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 2017 में रंजीत उर्फ रकीबुल, उसकी मां कौशल रानी और झारखंड उच्च न्यायालय के तत्कालीन रजिस्ट्रार (सतर्कता) मुश्ताक अहमद के खिलाफ चार्जशीट फाइल की थी। आरोपियों के खिलाफ दो जुलाई 2018 को आरोप गठित किया गया था। इसके बाद से तीनों ट्रायल फेस कर रहे थे।

## हाईकोर्ट ने महाविद्यालय कर्मियों को वेतन भुगतान का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाईकोर्ट में नवांगीभूत महाविद्यालय, मांडर के तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को पंचम पुनरीक्षित वेतनमान दिलाने का आग्रह करने वाली मोहम्मद सलीम एवं अन्य की याचिका की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने उच्च शिक्षा निदेशक को चार सप्ताह के अंदर याचिकाकर्ताओं को पंचम पुनरीक्षित वेतनमान का भुगतान करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट के न्यायाधीश डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने उच्च शिक्षा निदेशक के इस दलील को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि आयोग की रिपोर्ट में याचिकाकर्ताओं का नाम नहीं था इसलिए इन्हें पंचम पुनरीक्षित वेतनमान का लाभ नहीं दिया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि चूंकि विश्वविद्यालय द्वारा याचिकाकर्ताओं को पंचम पुनरीक्षित वेतनमान देने की अनुशंसा कर दी गई थी। ऐसे में उच्च शिक्षा निदेशक को भी इस पर सहमति देनी चाहिए थी। राज्य सरकार को पावर नहीं है कि जब विश्वविद्यालय ने पंचम पुनरीक्षित वेतनमान के संबंध में किसी के नाम के अनुशंसा कर फिक्सेशन कर भेजा है तो वह इस अनुशंसा को दरकिनार करते हुए उसे पंचम पुनरीक्षित वेतनमान का भुगतान न करे। सुनवाई के दौरान उच्च शिक्षा निदेशक कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। उच्च शिक्षा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## डकैती की योजना बनाते पांच लुटेरे गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**
मगढ़ और चैनपुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर डकैती की योजना को विफल करते हुए इसमें शामिल पांच लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तीन देशी कट्टा, 315 बोर की पांच जिंदा गोली, एक मोबाइल फोन, एक फोलडेड चाकू और एक अस्तूरा बरामद किया गया है। शनिवार को चैनपुर थाना में पत्रकारों को जानकारी देते हुए डीएसपी सुरजीत कुमार ने बताया कि पुलिस की तत्परता से डकैती की योजना को विफल कर पांच लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक नाबालिग भी शामिल है।

डीएसपी ने बताया कि 22 सितंबर की रात 10:15 बजे गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के कुट्टी मोड़ के पास 5-6 अज्ञात अपराधी जमा होने वाले हैं तथा मार्ग डकैती की घटना को अंजाम देने वाले हैं। सूचना के आलोक में एसपी ने चैनपुर के थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे एवं रामगढ़ के थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

डीएसपी सुरजीत कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम घटनास्थल पर पहुंची और कार्रवाई कर मौके से पांच आपराधकर्मियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। अपराधियों ने बताया कि नावाडीह माइंस की तरफ से आने वाले हाइवा को रोक कर डकैती करने की योजना बनायी गयी थी। पूछताछ के दौरान अपराधी शाहरूख खान, मुबारक अंसारी एवं एक नाबालिग के द्वारा 16-9-2023 को शाहपुर में एक हाइवा से 74 हजार रुपये एवं मोबाइल लूटने की बात स्वीकार की गयी। इस संबंध में रामगढ़ थाना में कांड संख्या 50/2023 अंकित किया गया है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार लुटेरों में शाहपुर के शाहरूख खान (20), शाहपुर हुसैनी मुहल्ला के इरदास खान (22), शाहपुर नई मुहल्ला के मो. शमशाद (19), शाहपुर हरिजन मुहल्ला के मो. मुबारक अंसारी (19) एवं एक नाबालिग शामिल है।

### माइक्रोन 22,500 करोड़ रुपये की लागत से भारत में लगाएगा प्लांट, अश्विनी वैष्णव ने कहा

# चिप निर्माण में मानक स्थापित करेगा



**एजेंसी। साणंद (गुजरात)**
केंद्रीय आईटी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को बताया कि वैश्विक चिप निमार्ताओं ने भारत की क्षमता को महसूस किया है और अमेरिका स्थित माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने यहां अपनी 22,500 करोड़ रुपये के संयंत्र के लिए आधार तैयार किया है, जो हमारी सेमीकंडक्टर यात्रा के लिए एक मानक स्थापित करेगा। यह कहते हुए कि माइक्रोन के संयंत्र से पहली 'मेक इन इंडिया' चिप दिसंबर 2024 में आने की संभावना है, मंत्री ने कहा कि जिस गति से माइक्रोन ने साणंद परियोजना पर काम शुरू किया, वह बेहद सराहनीय है।

वैष्णव ने जोर देकर कहा, यह संयंत्र भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के लिए एक बड़ा मील का पत्थर स्थापित करता है - जिस तरह से देश ने मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, रेलवे, विमानन और कई अन्य क्षेत्रों में प्रगति दिखाई है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि साणंद में माइक्रोन संयंत्र देशभर में ऐसे बुनियादी उद्योग बनाने के लिए एक बुनियादी उद्योग के रूप में काम करेगा। माइक्रोन की असेंबली, टेस्ट, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) साणंद जीआईडीसी-2 औद्योगिक एस्टेट में 93 एकड़ में स्थापित की जा रही है और 18 महीने के भीतर चालू होने की उम्मीद है। यह सुविधा वेफर्स को बॉल ग्रिड ऐरे (बीजीए) में बदलने पर ध्यान केंद्रित करेगी - एकीकृत सर्किट पैकेज, मेमोरी मॉड्यूल और सॉलिड-स्टेट ड्राइव। मंत्री के अनुसार, सरकार को कुछ और सेमीकंडक्टर विनिर्माण प्रस्ताव भी प्राप्त हुए हैं और जल्द ही एक घोषणा की जाएगी।

वैष्णव ने को बताया, चिप्स आज हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग हैं। सेमीकंडक्टर विनिर्माण भी आईटी हार्डवेयर पीएलआई 2.0 को बहुत बड़े पैमाने पर मदद करने जा रहा है, क्योंकि इस पीएलआई में उन चिप्स के लिए विशेष प्रोत्साहन है जो भारत में निर्मित होते हैं।

मंत्री ने कहा, पीएलआई हार्डवेयर 2.0 के तहत 45 से अधिक कंपनियों ने आवेदन जमा किए हैं और उनमें से कई पहले से ही अपने संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं। उन्होंने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर्स की मांग अब तक लगभग 2 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर अगले कुछ वर्षों में 5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। वैष्णव ने यह भी कहा कि अगले छह महीनों में अहमदाबाद और साणंद के बीच एक हाई-स्पीड ट्रेन चलने लगेगी।

## गढ़वा में लूटकांड के 3 आरोपी गिरफ्तार, 3 नाबालिग निरुद्ध




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिले में पुलिस ने लूटकांड के दो मामलों का खुलासा किया है। साथ ही तीन नाबालिगों को निरुद्ध करते हुए अन्य तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से देसी पिस्टल, गोली, स्कूटी समेत कई सामान बरामद किए हैं।
पहला मामला भंडरिया थाना क्षेत्र का है, जहां अपराधियों ने एक हफ्ते पूर्व इस लूटकांड की घटना को अंजाम दिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के रामानुजगंज थाना क्षेत्र से एक अपराधी दबोचा। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीन अन्य नाबालिगों को भी पकड़ा, जिन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया। इन लोगों के पास से पुलिस ने दो पिस्टल, लूट के मोबाइल और बाइक बरामद किए हैं।

दूसरा मामला भी भंडरिया थाना क्षेत्र का है। यहां पर जिले की रंका पुलिस ने एंटी क्राइम जांच अभियान के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से जब्त एक स्कूटी की डिक्की से देसी कट्टा और गोली बरामद किया है। मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। यह जानकारी एसपी दीपक पांडेय ने शनिवार को दी।

## लगातार हो रही वर्षा से टेंगरिया में अरविंद तिग्गा का गिरा घर



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** लगातार हो रही वर्षा के कारण शुक्रवार की दोपहर लगभग दो बजे दिघिया पंचायत के टेंगरिया गांव निवासी अरविंद तिग्गा का कच्चा मकान गिर कर ध्वस्त हो गया। जहां पीड़ित ने बताया कि वे खेत मे काम करने गए हुए थे। घर पर पत्नी शोभा तिग्गा व दो माह की बच्ची आश्मी तिग्गा व बड़ी मां इग्नेशिया तिग्गा किसी प्रकार जान बचाकर घर से बाहर निकले। लेकिन घर के गिरने से इस बरसात के मौसम में बेघर हो गए। वही दीवार के गिरने से घर में रखी दो साइकिल,बर्तन,घर का एल्वेस्टर दस पीस पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया व कुछ जरूरी सामान दबकर व भींग कर बर्बाद हो गए। इधर घटना की जानकारी मिलने पर समाज सेवी सह मुखिया प्रतिनिधि अजित तिर्की ने पीड़िता के घर का मुआयना किया। साथ ही आपदा प्रबंधन के तहत उचित मुआवजा दिलाये जाने का आश्वासन दिया।

### मारवाड़ी सहायक समिति का चुनाव 01 अक्टूबर को

## निर्वाचन के लिए प्राप्त नामांकन के उम्मीदवारों की प्रथम सूची जारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी सहायक समिति रांची की साधारण सभा एवं समिति की निर्वाचन सत्र-2023- 25 का चुनाव 1 अक्टूबर को मारवाड़ी भवन में होगा। चुनाव के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कमल कुमार केडिया ने बताया कि मारवाड़ी सहायक समिति के चुनाव में सत्र 2023 - 25 के लिए संस्था के पदाधिकारियों में अध्यक्ष-एक, उपाध्यक्ष दो, सचिव एक, उप सचिव दो, कोषाध्यक्ष एक, एवं बीस कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन होगा। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि 19 सितंबर से 22 सितंबर तक था। शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच कर उम्मीदवारों की प्रथम सूची जारी कर दी गई, जिसमें पदाधिकारियों में अध्यक्ष-प्रेम मित्तल एवं मनोज चौधरी, उपाध्यक्ष-पवन कुमार कनोई, कौशल राजगढ़िया, सुरेश कुमार जैन, सज्जन कुमार पाड़िया एवं भरत कुमार बगड़िया, सचिव - अशोक कुमार पुरोहित, अरुण कुमार केजरीवाल एवं रमन बोडा, उपसचिव-मनीष लोधा, कन्हैया लाल भरतिया, राजकुमार मित्तल, विजय कुमार खोवाल, एवं अजय कुमार डीडवानिया, तथा कोषाध्यक्ष-कृष्ण कुमार पोद्दार का नाम वैध पाया गया तथा कार्यकारिणी सदस्यों में-आनंद जालान, किशन अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल, प्रकाश चंद्र नाहटा, अजय कुमार खेतान, कन्हैयालाल भरतिया, राजकुमार मित्तल, नंदकिशोर आर्या, संजय बजाज, अजय कुमार बजाज, ललित कुमार पोद्दार, पद्म कुमार जैन, प्रमोद बगड़िया, निर्मल कुमार बुधिया, कमल खेतावत, अशोक लाठ, जितेश अग्रवाल, कमलेश कुमार संचेती, रमाशंकर बगड़िया, कमल शर्मा, मुकेश जाजोदिया, सुरेश कुमार पोद्दार, श्रवण कुमार अग्रवाल, सुरेश कुमार चौधरी, राजेश कौशिक, अर्चना साबू, राम बांगड़, पुरुषोत्तम अग्रवाल, कैलाश सिंघानिया, विनोद बेगवानी, रंजय कुमार खेतान, नितेश लोहिया, का निर्वाचन हेतु नामांकन प्राप्त हुए तथा इन सभी आवेदन वैध पाए गए है, उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र की वापसी 24 सितंबर से 25 सितंबर तक होगा। तथा उम्मीदवारों की अंतिम सूची 25 सितंबर को संध्या 6 बजे प्रकाशित कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि लगभग पच्चीस सौ समिति के सदस्य इस चुनाव मे अपना मताधिकार का प्रयोग कर पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन करेंगे। इस चुनाव के लिए सह निर्वाचन पदाधिकारी राजेंद्र केडिया, पवन शर्मा एवं विनोद कुमार जैन है। उक्त जानकारी मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

## एनाकुंलम पुलिस ने रांची से चार साइबर ठगों को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केरल के एनार्कुलम थाने की पुलिस ने रांची के सुखदेवनगर पुलिस के सहयोग से चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए साइबर अपराधी लॉटरी लगाने के नाम पर रांची से देशभर के लोगों से 1.12 करोड़ रुपए की ठगी कर चुके हैं। गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के नवादा जिले से वारीसलिगंज निवासी ज्योतिष कुमार, मोहन कुमार, अजीत कुमार और रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के इरगू टोली निवासी नीरज कुमार शामिल है। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने 45 एटीएम कार्ड, 23 स्मार्ट फोन, 30 बैंक पासबुक, एक लाख नगद के अलावा महंगी बाइक के अलावा कार बरामद किया है। सुखदेवनगर थाना और एनार्कुलम पुलिस ने चारो साइबर अपराधियों से पूछताछ की। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे लोग इरगू टोली में किराया का मकान लेकर एक साल से रह रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को यह भी जानकारी दी कि उनके गिरोह के सदस्य झारखंड समेत देशभर में हैं। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि चारो आरोपियों को एनार्कुलम पुलिस अपने साथ ले जाएगी। साइबर ठग गिरोह के सदस्य फर्जी कागजात के आधार पर विभिन्न बैंक में एकाउंट खोलते हैं। इस एवज में उन्हें गिरोह से 20 हजार रुपए मिलता है। इसके बाद गिरोह के सदस्यों द्वारा लॉटरी समेत अन्य तरह का झांसा देकर लोगों को ठगी की राशि उस खाते में डालते हैं। जिसे एटीएम कार्ड के माध्यम से निकासी कर संबंधित साइबर ठग तक वे पहुंचा देते हैं। इस एवज में उन्हें अलग से कमीशन भी मिलता है। एनार्कुलम की रहने वाली शोभा मेनन से साइबर अपराधियों ने डेढ़ करोड़ रुपए की लॉटरी निकलने का झांसा दिया। इस एवज में साइबर ठगों ने विभिन्न तरह से उनसे 1.12 करोड़ रुपए खाते से उड़ा लिया।

### 651 लीटर दूध से बना खीर के महाप्रसाद का किया गया वितरण

## गणेश महोत्सव पर लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो में श्री राधे कृष्ण यूथ संगम के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय गणेश महोत्सव के पांचवें दिन शनिवार को गणपति बप्पा की संध्या महाआरती के बाद गणपति बप्पा को खीर के रूप में बने महाप्रसाद का भोग चढ़ाया और गणपति बप्पा महोत्सव के पांचवे दिन 651 लीटर दूध के बने खीर के रूप में प्रसाद का वितरण श्रद्धालु ग्रामीणों के बीच में किया गया। खीर के महाप्रसाद वितरण के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए लोगों में होड़ सी मच गई। वही गणेश पूजा महोत्सव के पांचवे दिन और विद्युत चलित प्रतिमा के अंतिम दिन बेड़ो प्रखंड के कई गांवों के श्रद्धालु गणेश पूजा पंडाल पहुंचकर विद्युत चलित प्रतिमा का अवलोकन करते हुए खीर के रूप में बने प्रसाद का ग्रहण किया। विद्युत प्रतिमा चलित में ग्रामीणों ने मां दुर्गा द्वारा भव्य रूप में महिषासुर के वध का श्रद्धालुओं ने अवलोकन किया। इधर 6 आदिवासी गणेश महोत्सव के पांचवें दिन विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ रविंद्र नाथ भगत, मांडर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, शिवसेना झारखंड प्रदेश प्रमुख दीपक सिंह समेत कई अतिथियों ने पूजा पंडाल पहुंचकर खीर के बने महाप्रसाद का ग्रहण किया। इसके अलावा उन्होंने गणपति बप्पा से प्रार्थना कर क्षेत्र में खुशहाली व अमन चैन को लेकर कामना किया। मौके पर अमन कुमार गुप्ता, अजय कुमार, अविनाश कश्यप, आकाश रक्षित, शिवा कुमार, शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, गौतम समेत दर्जनों कमेटी के सदस्य अभिभावक और गणमान्य लोग मुख्य रूप से मौजूद थे।

### कार से मोबाइल की चोरी की, तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** डोरंडा थाने की पुलिस ने मोबाइल चोरी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में विवेक थापा, विवेक राय और सद्दाम गद्दी शामिल है। तीनों डोरंडा इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार डोरंडा थाना क्षेत्र के गोरखा चौक के पास शुक्रवार को एक कार से मोबाइल चोरी हो गई थी। इस मामले में डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### 75 किलो लोहा चोरी

**रांची।** रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र में स्थित एचईसी के बंद पड़े एसएफडब्ल्यू शॉप से 75 किलो लोहा की चोरी हो गयी है। इस संबंध में वरीय प्रबंधक बिरसा तिर्की ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि एसएफडब्ल्यू काफी दिनों से बंद पड़ा है।

## एमए इन थिएटर के टॉपर बने चंद्रदेव सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डिपार्टमेंट आफ परफॉर्मिंग आर्ट एंड फाइन आट्र्स, रांची विश्वविद्यालय, रांची द्वारा संचालित मास्टर ऑफ आर्ट इन थियेटर आट्र्स के 2021 -23 सत्र की परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। जिसमें चंद्रदेव सिंह 76 .75% अंक के साथ टॉपर बने। 1600 में 1228 अंक लाकर फर्स्ट क्लास के साथ डिस्टिंक्शन से उत्तीर्ण हुए हैं।

चंद्रदेव सिंह पिछले 25 वर्षों से गीत नाटक प्रभाग, सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, सूचना एवं जन संपर्क विभाग झारखंड सरकार एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान से जुड़कर पूरे राज्य में नुक्कड़ नाटक, थिएटर और रंगमंचीय आयोजन में सक्रिय है। चंद्रदेव सिंह वर्तमान में जिला सी एम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खूंटी में शारीरिक शिक्षा शिक्षक के पद कर कार्यरत है एवं शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग, राज्य परियोजना में प्रतिनियुक्त है।



**डीपीएफएम के सेकंड टॉपर हैं चंद्रदेव सिंह :** मारवाड़ी कॉलेज के डिजिटल फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण (डीपीएफएम )डिप्लोमा कोर्स के पहले बैच 2020 -21 सत्र की सेकंड टॉपर है, बीसीसीआई के सीनियर वीडियो वीडियो एनालिस्ट है इसके अलावा चंद्रदेव सिंह बीसीसीआई के सीनियर वीडियो वीडियो एनालिस्ट के पद पर वर्ष 2009 से कार्यरत हैं ,इस दरमियान बीसीसीआई के सभी फॉर्मेट के डोमेस्टिक मैच रणजी ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली, विजय हजारे, कर्नल सीके नायडू, विनू मांकड, विजय मर्चेंट एवं अन्य राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर के सभी मैचों में तकनीकी सहायक के रूप में क्रिकेट खेल में अपना योगदान देते आ रहे है। चंद्रदेव सिंह के इस उपलब्धि पर झारखंड लोक कलाकार संघ के पदाधिकारी और कलाकार, भारतीय लोक कल्याण संस्थान के पदाधिकारी एव कलाकार, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख , पद्मश्री मुकुंद नायक , डॉ सुशील अंकन, अजय मलकानी, डॉक्टर कमल बॉस, मनपुरण नायक, विपुल नायक, कोर्स कोआर्डिनेटर सुजीत कुमार, राज्य समन्वयक धीर सेन ए सोरेग, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के प्रभात रंजन तिवारी, समीर कुमार, जगजीत सिंह, विद्या कुमारी, एम मुदस्सर, कलावती कुमारी ,जावेद अंसारी, उमेश कुमार दास, शंकरपाल जितेंद्र कच्छप, झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव मधुकांत पाठक , झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन एवं रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन,के साथ बीसीसीआई के वीडियो एनालिस्ट साथी गण ढेर सारी बधाइयां और शुभकामनाएं दी है।

### भाड़े पर गाड़ी बुककर ले उड़ा, एक आरोपी गिरफ्तार और तालाश जारी

**रांची।** एयरपोर्ट थाने की पुलिस ने थार गाड़ी लेकर फरार होने वाले को आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम रवि शंकर सिंह है और राजस्थान के जोधपुर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने 16 सितंबर को हुंडरू स्थित गोप ट्रैवल्स से थार गाड़ी बुक की। 21 सितंबर को लौटाने की बात कही। कुछ पैसा एडवांस भी किया था। 21 सितंबर तक जब आरोपी ने गाड़ी नहीं लौटायी तो संचालक सीधे एयरपोर्ट थाना पहुंच गया। रवि शंकर के खिलाफ एयरपोर्ट थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि अब तक गाड़ी बरामद नहीं हुई। पूलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि इस घटना को अंजाम देने में और भी लोग शामिल है, जिसकी तलाश में पुलिस लगी हुई है। अभी इस संबंध में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

### 108 वां श्री कृष्ण अन्नापूर्णा भंडारे का होगा भव्य कार्यक्रम आयोजित

## स्वर्ण रेखा महंता अपनी भजनों मधुर आवाजों से बांधेंगी समा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज द्वारा संचालित एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट शनिवार को संस्था के पुंदाग स्थित निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्री राधा अष्टमी के होने वाले कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा हुई, जिसमें मंदिर परिसर में होने वाले कार्यक्रम श्री राधा अष्टमी एवं उडीसा से आई हुई भजन गायिका स्वर्ण रेखा महंता के साथ कलकता से आई हुई रास मंडली के द्वारा होने वाली नृत्य नाटिका को बहुत ही धूमधाम से संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में मनाया जायेगा। राधा अष्टमी महोत्सव की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। मंदिर परिसर को फूलों एवं गुबारों से सजाया जा रहा है। मंदिर परिसर के साफ-सफाई का कार्य जोर-शोर से चाल रहा है। फूलों और गुबारों की सजावट के लिए कोलकता से बिमल मालाकार ग्रुप के कारीगर रांची पहुंच चुके हैं। श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में दोपहर 12:30 बजे से श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिती एवं उनके परिवार के सौजन्य से 108 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण रविवार 24 सितंबर 2023 को किया जायेगा। श्री कृष्ण प्रणामी संस्था का यह 37 वां वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम में श्री राधा अष्टमी कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को उड़ीसा से आई हुई भजन मंडली की स्वर्ण रेखा महंता और कलकता की रास मंडली द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी के सहयोग से संचालित किया जायेगा। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।



### अग्रवाल सभा का वैवाहिक परिचय सम्मेलन आज

रांची। अग्रवाल सभा के तत्वाधान में अग्रवाल एवं संपूर्ण मारवाड़ी समाज का 26 वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन रांची में दिनांक 24 सितंबर 2023 दिन रविवार को प्रातः 10:30 बजे से होने जा रहा है। इस वैवाहिक परिचय सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि अजय मारू (पूर्व राज्यसभा सांसद) के कर कमलो द्वारा किया जाएगा। सामूहिक विवाह आयोजन समिति के मुख्य संयोजक भागचंद पोद्दार, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज कुमार चौधरी एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने सभी से आग्रह है कि इस सामाजिक अनुष्ठान में समय से पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावे।

## श्री महावीर मंदिर परिसर में चौबीस घंटे का अखंड हरिकीर्तन संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

सोसई आश्रम स्थित श्री महावीर मंदिर परिसर में चौबीस घंटे का अखंड हरि कीर्तन धार्मिक विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन जागृति सत्संग महिला समिति सोसई के द्वारा केंद्रीय कीर्तन मण्डली महिला प्रकोष्ठ बिजुपाड़ा के सानिध्य में निर्विघ्न संपन्न हुआ। बजरंग बली की पूजा अर्चना के बाद अखंड हरि कीर्तन का विधिवत पूजन के साथ शुभारंभ शुक्रवार लगभग 10 बजे किया गया। भारी वर्षा के बीच भी भक्तों ने अपनी श्रद्धा और भक्ति का परिचय देते हुए दिन रात हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे,हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे का सुमधुर भजन जारी रखा।सैकडों विभिन्न प्रखंड की महिला कीर्तन मण्डली एवं धर्म बहनों ने अपनी धार्मिक एकता व



भक्ति भावना का इस अखण्ड हरि कीर्तन में भाग लेकर दिया।केंद्रीय कीर्तन मंडली ने सभी धर्म बहनों को इस आयोजन की सफलता के लिए धन्यवाद दिया। मौके पर अध्यक्ष शीतल गुप्ता, उपाध्यक्ष रुपा देवी, सचिव कुसुम देवी, विजया सिंह, आरती देवी, प्रतिमा देवी, सुरजमनी देवी,अनीता देवी, रीना देवी, उषा देवी, कांति देवी, पंडित विनायक शर्मा, भुवनेश्वर सिंह,गोपाल साहु, सुरेन्द्र साहु, हीरो साहु, सुखदेव महतो सहित केन्द्रीय कीर्तन मण्डली के अधिकारी एवं सदस्य सहित ग्रामीण स्त्री पुरुष व बच्चे भक्त के रुप में मौजूद थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI**
NirupanBhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002

e-Procurement (Very Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-38/2023-24

e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/38/2023-24 Date:-22.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Construction of High Level Bridge over Sone River Connecting Devrikala To Devipur including Detailed Land Acquisition Plan with ownership details, Forest Diversion Proposal, Resettlement & Rehabilitation Proposal etc. in the State of Jharkhand *Only Empanelled consultant with RCD under category-II vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to bid. |
| 2 | Period of Completion of Work | 90 Days |
| 3 | Cost of Tender documents | Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non-refundable fee) of Rs 5,000/- (Five Thousand) only. EMD:- 2% earnest money of quoted amount ( Net of GST) in the form of Bank TDR/ FDR issued by any Nationalised Bank/Scheduled Bank within the state of Jharkhand duly pledged in favour of Executive Engineer, Planning & Investigation Division, Road Construction Department, Ranchi or Bank Guarantee from any Nationalised Bank/ Scheduled Bank issued from anywhere in India valid for the period of 45 days beyond the validity of bid. |
| 4 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 5 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 26.09.2023,10:30 AM |
| 6 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 05.10.2023 12:00 Noon |
| 7 | Last Date/Time of Submission of Hard Copy of Tender Fee & EMD | 06.10.2023 12:00 Noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 06.10.2023 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 11 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-8083039058 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Sd-
Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi

PR 307644 Road (23-24)_D


### 42 खोड़हा दल लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया आयोजन

## करम पूर्व संध्या पर ढोल व मांदर की थाप पर झूमे लोग



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** सातो रे बहिन सातो करम गाड़ी, सातो गोतनी सेवा करय रे।के गीतों पर आदिवासी खोड़हा नृत्य दलों ने अपना नृत्य व गीत एवं मांदर, नगाड़ा व अन्य वाद्य यंत्रों की धुन पर बेड़ो सरना स्थल स्थित रंगमंच पर हजारों लोग झुम उठे। बेड़ो सरना समिति बेड़ो के तत्वावधान में आयोजित करम पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। जहां बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने कहा कि भादो एकादशी को झारखण्ड सहित देश के अन्य राज्यों में रहने वाले आदिवासियों द्वारा यह भाई बहन की असीम प्यार का यह पर्व सांस्कृतिक रीति रिवाज के साथ धूमधाम से करमा पर्व के रूप में मनाया जाता है। जो हमें बाकी समाज के अलग करती है। उन्होंने कहा कि इस पर्व में सभी की सुख समृद्धि, की कामना की जाती है। इस दौरान एसटी मोर्चा के भोगेंन सोरेन ने कहा आदिवासियों यह पर्व प्रकृति पर्व है जो भाई बहन के असीम प्यार दर्शाता हैं। जहां बहने अपने भाई की सलामती के साथ साथ सभी की सुख समृद्धि की कामना करती हैं। मौके पर उपस्थित डोरंडा कॉलेज की इतिहास विभाग की प्रोफेसर डॉ. मंजू मिंज ने कहा कि आप लोग रहन सहन के साथ खान पान पर भी पुरानी परंपरा को जीवित रखें। आज के आधुनिक युग में खान पान से लोग बिमारी से ग्रसित हो रहें हैं। वहीं उन्होंने शिक्षा पर जो देते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को अवश्य शिक्षित करें ताकि वे अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम का संचालन अनिल उरांव ने किया। इस मौके पर चारो उरांव, बन्नु भगत, अशोक खलखो, बसंत उरांव, आशा उरांव, जल्ही उरांव, बसंती, पुनिता, लक्ष्मण उरांव, विनय टोप्पो, सुकेन्द्र उरांव, सरोज टोप्पो, शांति उरांव, पूनम तिर्की, प्रीति तिर्की, सुमन तिर्की, सुको उराइन, समीरा उरांव, संजय उरांव सहित दर्जनों खोड़हा दल के लोग पूरे पारम्परिक वेश भूषा में मांडर की थाप पर लोग झूम उठे।

### होमगार्ड के जवानों को मिलेगा पुलिसकर्मियों के समान वेतन

**रांची।** झारखंड में सेवारत होमगार्ड के 20 हजार जवानों की खुशी का ठिकाना नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका को खारिज कर दिया है। दरअसल, 12 जनवरी 2023 को झारखंड हाईकोर्ट ने होमगार्ड जवानों के पक्ष में फैसला दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि आदेश के तीन माह के भीतर होमगार्ड जवानों को पुलिसकर्मियों के समान वेतन और अन्य भत्ता का लाभ मिलना चाहिए। इस आदेश को राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी जिसे न्यायाधीश जेके माहेश्वरी और न्यायाधीश केवी विश्वनाथन की कोर्ट ने विगत शुक्रवार को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद होमगार्ड के जवान बेहद उत्साहित हैं। शनिवार को रांची यूनिर्सिटी और प्रोजेक्ट भवन स्थित सचिवालय में तैनात होमगार्ड के जवानों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली और खुशी जाहिर की।

## 56 वें श्री श्याम मोहत्सव के तृतीय दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# भजन गायक साकेत बैरिलिया के भजन पर भक्त झूमने को हुए मजबूर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मण्डल, रांची के 56 वें श्री श्याम मोहत्सव के तृतिय दिवस शनिवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में मोहत्सव का मुख्य समारोह रात्रि 9 बजे से प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर की अत्यन्त चिताकर्षक ढंग से सजाया गया एवं रजत सिंहासन पर विराजमान श्री श्याम प्रभु का बंगलुरू से मंगाए गए विभिन्न प्रकार के गुलाब के फूल, ऑर्किड, जिप्सी फूल, जरबेरा, किसानथिमाम, हेलकोनिया, इत्यादि फूलों से दिव्य शीश का मनोहरी श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवम वीर बजरंगबली का इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया श्रृंगार की भव्यता अत्यन्त ही मनमोहक थी।



रात्रि 9 बजे मण्डल के संरक्षक सुरेश चन्द्र पोद्दार द्वारा सपत्नीक गणेश पूजन किया तत्पश्चात मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला ने आगंतुक भक्तों का स्वागत किया। इस अवसर पर मण्डल द्वारा प्रकाशित भजन पुस्तिका 'प्रेम पुष्प' का विमोचन पूर्व सांसद एवं समाजसेवी महेश पोद्दार द्वारा किया गया। रात्रि 10 बजे मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला ने श्री श्याम प्रभु की अष्ठ प्रहर की अखण्ड ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। ज्योत प्रज्ज्वलित होते ही मन्दिर में उपस्थित भक्त हर्ष से श्री श्याम प्रभु का जय जयकार कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारम्भ किया गया तथा इस अवसर पर मुबई से विशेष रूप से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक साकेत बैरिलिया ने एक से बढ़ कर एक भजन पर भक्तगण को झूमने एवं पूरे मन्दिर परिसर को श्याम मय बना दिया । साकेत बैरोलिया द्वारा गाए हुए भजन : श्री श्याम नाम की माला, बाबा मेरे बाबा, आजा, सांवरिया आजा, जो भी आता श्याम द्वारे, तू क्यों घबराता है आदि भजनों से गुलजार रहा। दीनानाथ मेरी बात छाणी कोणी तेरे स जिससे उपस्थित श्याम प्रेमियों ने खूब भाया साथ ही गुमला के श्री श्याम मण्डल एवं धनबाद के मनोज सैन ने भी भजनों की संपूर्ण रात्रि अमृत वर्षा की। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विशिष्ठ रूप से तैयार खीर चूरमा, छप्पन भोग, विभिन्न प्रकार के फल-मेवा एवम रबड़ी तथा केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया तथा सम्पूर्ण रात्रि भक्तों की मन्दिर अपार भीड़ लगी रही साथ ही सम्पूर्ण रात्रि भक्तों की बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मण्डल के धीरज बंका, मनोज सिंघानिया, अनिल मोदी, सुनील मोदी , अशोक लाठ, रमेश सारस्वत, ओम जोशी, गोपी किशन ढांढनीयां, नितेश केरीवाल व जीतेश अग्रवाल का सहयोग रहा।

### आज कौन-कौन से हैं महोत्सव के कार्यक्रम

दिनांक 24 सितम्बर रविवार मोहत्सव के कार्यक्रम -

प्रातः 7 बजे से सुन्दरकाण्ड का पाठ। सवामणि भोग। सम्पूर्ण दिवस प्रसाद वितरण, शिव भक्त मण्डल रांची, श्री हनुमान मण्डल रांची, श्री मनोज सैन धनबाद, श्री श्याम मण्डल गुमला एवं कोलकाता से विशेष रूप से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक ज्योति खन्ना द्वारा भजनों की अमृत वर्षा होगी।

## सरला बिरला विवि का छठा स्थापना दिवस मना

**रांची।** सरला बिरला विवि के बीके बिरला ऑडिटोरियम में यूनिवर्सिटी का छठा स्थापना दिवस मनाया गया। बिजय कुमार दालान, कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा, कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने द्वीप प्रज्जवित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिकुलाधिपति सह भारत आरोग्य एवं ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, कोलकाता के सचिव बिजय कुमार दालान ने विवि के विकास और शैक्षिक व प्रशासनिक प्रगति की विस्तृत चर्चा की। कहा सरला बिरला विश्वविद्यालय बिरला परिवार द्वारा स्थापित गुणवत्ता के सभी मानकों के अनुरूप आधारभूत संरचना, शिक्षा, शोध, नवाचार के साथ-साथ रोजगार उपलब्ध कराने के दिशा में लगातार प्रयत्नशील है। सरला बिरला विश्वविद्यालय महज कुछ ही समय में राष्ट्रीय मानक के अनुरूप अपने आप को स्थापित करते हुए विश्व के कई नामचीन विश्वविद्यालय के साथ आपसी समझौते करने में कामयाब हुआ है।

## शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए चला विशेष अभियान

**रांची।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को जाम से निजात दिलाने के लिए शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सिटी डीएसपी दीपक कुमार ने दुकानदारों से कहा कि दुकान का सामान सड़क पर ना रखें वरना कार्रवाई की जाएगी। चर्च रोड में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला। इस दौरान ट्रैफिक डीएसपी जितवाहन उरांव और लोअर बाजार प्रभारी दयानंद कुमार भी मौजूद थे। कोतवाली थाना क्षेत्र में भी थाना प्रभारी शैलेश कुमार ने अभियान चलाया।

## गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति इको फ्रेंडली पंडाल का करेगा निर्माण

**रांची।** रांची के गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति मोरहाबादी की ओर से इस वर्ष भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने शनिवार को बताया कि पूजा पंडाल पूरी तरह से इको फ्रेंडली होगा। पंडाल के अंदर लोगों को विभिन्न प्रकार के पेड़, पौधे और सब्जियों के लत्तर दिखेंगे। इन लत्तरों में करेला, नेनुआ, कद्दू आदि लटके होंगे। पूजा के आयोजन पर इस बार लगभग 21 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। पंडाल को पूरी तरह से प्राचीन मंदिर का स्वरूप पूजा पंडाल को पूरी तरह से प्राचीन मंदिर का स्वरूप दिया जा रहा है। मंदिर की बनावट ऐसी होगी कि बहुत पुराना होने के कारण इसमें पेड़े-पौधे उग आये है। यह पूजा पंडाल पूरी तरह से इको फ्रेंडली होगा। पूजा पंडाल का निर्माण पश्चिम बंगाल के कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। दो माह से कारीगर पंडाल बनाने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि पूजा समिति की ओर से इस बार आकर्षक लाइटिंग भी की जायेगी। सड़क किनारे जगह-जगह तोरण द्वार बनाने के साथ-साथ लाइटों की लड़ी भी लगायी जायेगी। लाइटिंग टीआरआइ से लेकर टैगोर हिल तक की जायेगी।

## एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल ने रांची विवि के डीएसडब्ल्यू से मिलकर ज्ञापन सौंपा

**रांची।** शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के डी.एस.डब्लू डा. सुदेश कुमार साहू से एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष आशिश रौशन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मिलकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिला सचिव सरफराज अहमद ने कहा की एस.एस मेमोरियल कॉलेज प्रशासन द्वारा 2ल्ला मेरिट लिस्ट जारी किया गया है जो की अवैध है, गलत ढंग से जारी किया गया है इसपर संज्ञान लिया जाए। विश्विद्यालय कर्मचारी की मिली भगत से बिना नोटिफिकेशन जारी किए चांसलर पोर्टल खोल कर फॉर्म भर दिया गया, जिसमें 90% से लेकर 40% तक ले छात्र छात्राओं का लिस्ट में नाम निकाला गया है। हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस एवम हिंदी विभाग में फॉर्म कैसे भरा गया.. जब पोर्टल ऑफिशियली खुला ही नही... तो फार्म कैसे भर दिया है इसकी जांच की एवम जो दोषी है उनको हटाने की मांग एनएसयूआई करती है।

## कानून की नजर में सब बराबर : प्रतुल शाहदेव



रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शनिवार को झामुमो के उस बयान की कड़ी निंदा की, जिसमें झामुमो प्रवक्ता ने कहा था कि मुख्यमंत्री कोई आम आदमी नहीं है, जिनको जब चाहे जांच एजेंसी बुला ले। प्रतुल ने कहा कि कानून की नजर में राजा हो या रंक, सब बराबर होते हैं लेकिन यह बात वंशवादी पार्टियों के राजाओं और राजकुमारों को समझ में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि जिन पार्टियों में आंतरिक लोकतंत्र नहीं होता वहां अक्सर ऐसी सोच आ ही जाती है। झामुमो को लगता है कि सोरेन परिवार के लोग खास हैं तो उनके लिए एक अलग कानून विधानसभा से पारित करके केंद्र सरकार को भेज दें। शाहदेव ने कहा कि आज इस बयान से स्पष्ट हो गया है कि देश का कानून सोरेन राज परिवार पर लागू नहीं होता है और सोरेन परिवार खुद को झारखंड के आदिवासी मूलवासी समुदायों के समकक्ष नहीं, बल्कि अपने को उनसे ऊपर समझता है।

## बाबूलाल मरांडी और भाजपा के सभी नेता और कार्यकर्ता सुनेंगे मन की बात



**रांची।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम का 105 वां संस्करण का प्रसारण होगा जिसे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता अपने अपने बूथ क्षेत्र में सुनेंगे। इसके लिए पार्टी की ओर से पुरी तैयारी कर ली गई है। प्रदेश के सभी 29464 बूथ क्षेत्रों में इस कार्यक्रम को सुनने को लेकर पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ताओं की अनेकों बैठक हो चुकी है। जहां प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने संकल्प यात्रा के दौरान स्वयं पश्चिम सिंहभूम के मझगांव विधानसभा में आम जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे, वहीं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह रांची महानगर के अरगोड़ा मंडल के 272 बूथ क्षेत्र में मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, रांची ग्रामीण के ओरमांझी मंडल में, डॉ प्रदीप वर्मा टाटीसिल्वे के महिलौंग में, बालमुकुन्द सहाय रांची विधानसभा के अपर बाजार मंडल में, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह हिन्दु मंडल में, पार्टी के सभी प्रदेश पदाधिकारी, सासंद और विधायक आदि अपने-अपने बूथ क्षेत्र में रविवार को मन की बात कार्यक्रम आम जनता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुनेंगे।

## मरीजों की बढ़ती संख्या और संसाधनों की कमी से जूझ रहा रांची सदर अस्पताल

# इमरजेंसी वार्ड में एक बेड पर दो मरीजों का चल रहा इलाज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में इन दिनों डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया के साथ-साथ बरसात में होने वाले वायरल फीवर और अन्य बीमारियों के मरीज बढ़े हैं। ऐसे में अस्पतालों में भी इन मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। मरीजों की बढ़ती संख्या और संसाधनों की कमी की आड़ में रांची सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में लापरवाही का दृश्य ईटीवी भारत के कैमरे में कैद हुआ है। सदर अस्पताल के 15 बेडेड इमरजेंसी वार्ड में अलग-अलग बीमारियों की शिकायत के साथ भर्ती हुए दो मरीजों का इलाज एक ही बेड पर लिटाकर किया जा रहा है। इससे जहां नर्सों और मेडिकल स्टाफ द्वारा मरीजों के इलाज में चूक होने का खतरा है, वहीं इसके साथ-साथ संक्रमण फैलने का भी डर है।सिस्टर दीदी ने एक ही बेड पर एडजस्ट करने को कहा है-मरीजः सदर अस्पताल के इमरजेंसी में एक ही बेड पर इलाज कराने को मजबूर नेहा प्रवीण कहती हैं कि जब वह भर्ती हुईं, तब सिस्टर (स्टाफ नर्स) ने एक ही बेड पर एडजस्ट करने को कहा। उन्होंने कहा कि एक छोटे से बेड पर दो-दो मरीजों का इलाज किया जा रहा है। ऐसे में बेड से गिरने के साथ ही अन्य संक्रमण का भी खतरा रहता है, लेकिन वह क्या करें? मरीजों की संख्या अधिक, ट्राली एक-स्टाफ नर्सः एक ही बेड पर दो-दो मरीजों का इलाज क्यों? इस सवाल के जवाब में मौके पर मौजूद स्टाफ नर्स प्रीति कहती हैं कि मरीजों से नाम और समस्या पूछ कर ही दवा दी जा रही है। ऐसे में किसी की दवा और इंजेक्शन दूसरे को दे दिए जाने की आशंका नहीं है। एक मरीज से दूसरे मरीज को संक्रमण फैलने की आशंका बढ़ जाने के सवाल पर वह कहती हैं कि मरीज अधिक हैं और ट्राली एक है। धीरे-धीरे सभी को वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाएगा।पिछले 24 घंटे में मिले चिकनगुनिया के 42 संक्रमितः स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, रांची में पिछले 24 घंटे में 42 चिकनगुनिया के पॉजिटिव केस मिले हैं। वहीं इस दौरान राज्य भर में 30 डेंगू संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई है। इसमें 06 रांची में, 21 पूर्वी सिंहभूम में, 02 हजारीबाग में और 01 चतरा जिले में मरीज मिले हैं।




## बाबूलाल मरांडी ने ईडी के बुलावे पर सोरेन पर कसा तंज, कहा

# सीएम को सता रहा गिरफ्तारी का डर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए बुलाने पर तंज कसा है। सोशल मीडिया पर मरांडी ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तारी का डर सता रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की सैकड़ों एकड़ जमीन हड़पने एवं मनी लांड्रिंग केस में पूछताछ के लिए उन्हें बुलाया जा रहा है। सोरेन गिरफ्तारी के भय से ईडी का सामना करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली तो अब गिरफ्तारी से बचाने के लिए हाई कोर्ट की शरण में जाएंगे। बाबूलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह डर अच्छा है।गलत करने वाले हर व्यक्ति को कानून का डरना चाहिए। काश कानून का यह डर हेमंत को पहले आ गया होता तो झारखंड में लूट-खसोट और आतंक का नंगा नाच देखने को नहीं मिलता। न ही देश-दुनिया में झारखंड की इतनी बदनामी होती।

# सेवा सदन में आखों की देखभाल को लेकर कार्यशाला का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शनिवार को नागरमल मोदी सेवा सदन में बाल्यकाल में आंखों की देखभाल हेतु सदन की वरिष्ठ एवं अनुभवी डॉ. नन्दिता अग्रवाल द्वारा सरल एवं विशिष्ट शैली में इस विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जेसीआई उड़ान के साथ मिलकर आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कुल 35 महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस तरह के आयोजन सदन द्वारा अलग अलग विषयों पर होता रहा है। कार्यशाला के बाद आई हुई महिलाओं द्वारा जिज्ञासा हेतु प्रश्नोतरी भी की गई जिसका उत्तर डॉ. अग्रवाल द्वारा दी गई। कार्यशाला की शुरूआत दीप प्रजवलन कर की गई। धन्यवाद ज्ञापन संतोष तुलस्यान एवं अनिता सोमानी ने किया गया। कार्यशाला में सदन के मानद सचिव आशीष मोदी, सह सहायक सचिव वेदप्रकाश बागला, कार्यक्रम संयोजक आलोक तुलस्यान, जेसीआई अध्यक्ष अनिता अग्रवाल, जेसीआई सचिव प्रीति वागला आदि उपस्थित थे। यह जानकारी वरुण जालान ने दी।

## झारखंड को आदिवासी मुक्त बनाने का हो रहा है षडयंत्र : बेदिया

**रांची।** जल, जंगल और जमीन व झारखंडी अस्मिता की रक्षा और शिक्षा, चिकित्सा एवं रोजगार के लिए आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने शनिवार को मेन रोड स्थित भाकपा माले कार्यालय में मीडिया को संबोधित किया। राष्ट्रीय संयोजक देवकीनंदन बेदिया ने कहा कि झारखंड को आदिवासी मुक्त बनाने के लिए षडयंत्र हो रहा है। झारखंड में 40 प्रतिशत खनिज संपदा है। इसे लूटने का काम हो रहा है। इन क्षेत्रों में आदिवासी समुदाय निवास करते आ रहे हैं। इन्हें हटाकर कॉर्पोरेट घराने और पूंजीपूतियों को देने का प्रयास हो रहा है। आदिवासियों के मुद्दे और रोजगार को लेकर आंदोलन करने वालों पर माओवादी होने का संदेह किया जा रहा है। संयोजक जगरनाथ उरांव ने कहा कि राज्य के युवाओं के लिए रोजगार का मुद्दा उठाने का प्रयास किया है। लेकिन समाज का विकास करने वाले पर माओवादी होने का संदेह किया जा रहा है।

## राजकीय प्लस टू हाई स्कूल में मेरी माटी, मेरा देश के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

# मुख्य जागरूकता कार्यक्रम 26 व 27 सितंबर को होगा आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची ने शनिवार को राजकीय प्लस टू हाई स्कूल , कांके में मेरी माटी , मेरा देश / स्वच्छता ही सेवा / प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना पर प्री इवेंट के तहत फुटबॉल प्रतियोगिता / रंगोली प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रमों के दौरान केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यक्रम संचालक शफीक आलम व स्कूल के प्रधानाध्यपक एवम शिक्षकों का बड़ा योगदान रहा। बताया गया कि प्री इवेंट व मुख्य कार्यक्रम के दौरान भी छात्रों के बीच दिनांक - 24 से 27 सितंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा प्रधानमन्त्री विश्वकर्मा योजना/ स्वच्छता ही सेवा आदि विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा और साथ ही साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं, मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन रांची के सांसद संजय सेठ द्वारा किया जाएगा। साथ ही साथ कई अन्य विशिष्ट व सम्मानित अतिथि उपस्थित रहेंगे।

## पोषण माह 2023 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी सेविकाओं को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पोषण अभियान अंतर्गत पोषण माह 2023 के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला प्रशासन (समाज कल्याण शाखा) द्वारा मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुपोषित झारखंड, साक्षर झारखंड, सशक्त झारखंड के थीम पर आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर निदेशक समाज कल्याण शशि प्रकाश झा, अपर सचिव समाज कल्याण अभिनंदन अम्बष्ट, उप विकास आयुक्त रांची दिनेश कुमार यादव एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची रवि शंकर मिश्रा, डीपीएम जेएसएलपीएस दिव्यदीप सिंह एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सही पोषण के लिए दिनचर्या में मिलेट्स की उपयोगिता की जानकारी के साथ अन्नप्राशन, गोद भराई का भी आयोजन किया गया। साथ ही परियोजनावार उत्कृष्ट कार्य करने वाली सेविकाओं और पर्यवेक्षिकाओं को सम्मानित भी किया गया। निदेशक समाज कल्याण शशि प्रकाश झा ने अपने संबोधन के दौरान सही पोषण के लिए मिलेट्स के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए दिनचर्या में इसे शामिल करने की बात कही। बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने सभी से लाभ लेने को कहा। अपर सचिव श्री अभिनंदन अम्बष्ट एवं उप विकास आयुक्त रांची श्री दिनेश कुमार यादव ने भी मिलेट्स की महत्ता पर जोर देते हुए अपने खान-पान में ज्यादा से ज्यादा शामिल करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान अन्नप्राशन का भी आयोजन किया गया। निदेशक समाज कल्याण शशि प्रकाश झा, उप विकास आयुक्त श्री दिनेश कुमार यादव एवं अपर सचिव अभिनंदन अम्बष्ट ने बच्चों का अन्नप्राशन कराया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी की गयी। गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त भोजन से संबंधित सामग्री प्रदान करते हुए आला अधिकारियों ने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए नियमित रूप से आंगनवाड़ी और चिकित्सकों से परामर्श लेते रहने को कहा।




## इंटरनेशनल क्रिकेटर का पारिवारिक विवाद खत्म, कोर्ट में सुलह

**रांची।** इंटरनेशनल क्रिकेटर सुजीत मुंडा का पारिवारिक विवाद अब खत्म हो गया। रांची सिविल कोर्ट स्थित मध्यस्थता केंद्र में सुजीत मुंडा और उनकी पत्नी ने आपसी सहमति से सुलह कर लिया। यह जानकारी अधिवक्ता विवेक आर्या ने दी। दरअसल सुजीत की पत्नी ने उन पर आरोप लगाया था कि सुजीत का किसी दूसरी युवती के साथ अवैध संबंध हैं, जिसके कारण वो उनके साथ मारपीट करते हैं और उनका भरण -पोषण ठीक ढंग से नहीं करते। यह मामला जब सिविल कोर्ट पहुंचा, तो सिविल कोर्ट परिसर स्थित मध्यस्थता केंद्र में पति-पत्नी के बीच सुलह की कोशिश की गई। राजेश कुमार सिन्हा और अधिवक्ता विवेक आर्या ने सुजीत और उनकी पत्नी के बीच मीडियेटर का काम किया। दोनों की काउंसिलिंग के बाद सुजीत मुंडा और उनकी पत्नी आपसी विवाद खत्म कर एक दूसरे का हाथ पकड़ कर वापस घर गए।

# सेवा पखवाड़ा को लेकर संयुक्त सचिव ने की बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव आराधना पटनायक की अध्यक्षता में शनिवार को रिम्स में बैठक हुई। संयुक्त सचिव ने सभी जिलों के उपायुक्त एवं सिविल सर्जन को स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन के साथ रक्तदान और अंगदान को बढ़ावा देने के लिए स्कूल, कॉलेज, कार्यालयों, उद्योग यूनिट में जागरूकता सत्र और कैंप लगाने सहित कई दिशा-निर्देश दिये। पटनायक ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखंड में हो रहे कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से दिखाने की आवश्यकता है, जिसके लिए सभी को मिल कर काम करना होगा। बैठक में सभी ने अपने सुझाव साझा किये और सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने पर सभी सहमत हुए। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डायरेक्टर आलोक त्रिवेदी, रिम्स से निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेन्द्र बिरुआ और रिम्स एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये राज्य के 24 जिलों के उपायुक्त और सिविल सर्जन भी जुड़े थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

### गोमिया के प्रवासी मजदूर की जम्मू में मौत

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड के हजारी पंचायत अंतर्गत हजारी गांव के युवक 38 वर्षीय सोहन प्रसाद की जम्मू में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. परिजनों के अनुसार वह अपने कमरे से निकलकर कुछ सामान खरीदने के लिए दुकान जा रहा था, इसी दौरान एक बाइक सवार ने उसे ठोकर मार दी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया. आसपास के लोगों ने तत्काल उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. बता दें कि स्वर्गीय नारायण प्रसाद का पुत्र सोहन प्रसाद एक महीना पहले जम्मू के खंडवाल में काम करने गया था. उसकी शादी बेरमो के कुरपनिया में हुई है. उसकी पत्नी व दो बच्चे हैं जो कुरपनिया में रहते हैं. घटना के बाद पत्नी व बच्चे का रो-रो कर बुरा हाल है.

### व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिरसानगर थाना अंतर्गत पीएम आवास के निमार्णाधीन भवन में आदित्यपुर निवासी 33 वर्षीय मनोज दास ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना शुक्रवार की है. सहकर्मियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इधर, शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया. मनोज मूल रुप से भुइयांडीह इंद्रानगर का रहने वाला था पर फिलहाल वह अपने परिवार संग आदित्यपुर में रह रहा था. वह पीएम आवास में मजदूरी करता था. इस संबंध में पत्नी सुनीता दास के बयान पर अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया गया है. सुनीता ने पुलिस को बताया था कि मनोज ने काफी कर्ज ले रखा था. कर्ज को लेकर ही वह कुछ दिनों से परेशान था. संभवतः कर्ज के कारण ही उसने आत्महत्या की है.

### संकल्प यात्रा में पॉकेटमार धराया

**चाईबासा।** पोड़ाहाट स्टेडियम में भाजपा की ओर से आयोजित संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता शेष नारायण लाल समेत कई लोगों से पॉकेटमारी हो गई. हालांकि भाजपाइयों ने पॉकेटमारी करते एक पॉकेटमार को रंगे हाथ पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी. इस बीच पता चला की भीड़ में कई लोगों की पॉकेटमारी हुई है. पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम जावेद खान बताया. वह जमशेदपुर के जुगसलाई का रहने वाला है. उसने पॉकेटमारी की बात स्वीकारते हुए बताया कि उसके साथ कुछ और भी साथी इस सभा में थे, जो भीड़ का फायदा उठाकर भाग गए. इस दौरान उपस्थित लोगों ने पकड़े गए पॉकेटमार जावेद खान को पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस ने उसे अपने साथ थाना ले गई है जहां उससे पूछताछ की जा रही है. इस मामले में पुलिस ने जावेद खान व अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस द्वारा दबाव बनाये जाने के बाद पॉकेटमार ने अपने साथियों से फोन पर संपर्क किया और की गई पॉकेटमारी के पैसे ऑनलाइन वापस मंगवाकर वापस दिया. संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान चैनपुर गांव निवासी आलेख महापात्र, गुलशन पूर्ति समेत अन्य लोगों की पॉकेटमारी हुई थी और सभी लोग थाना पहुंचे थे.

### बारिश से गिरा मिट्टी का घर, परिवार परेशान

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड क्षेत्र के चेरवा गांव निवासी मो यशोदा देवी, पति स्व नाथो लोहार का मिट्टी का घर बारिश से गिर गया है. घर गिर जाने की वजह से गरीब परिवार बेघर हो गया हैं. इस संबंध में मसो यशोदा देवी ने बताया कि बारिश के दौरान वे बाल बच्चों के साथ घर पर ही थी. इसी दौरान बारिश हुई और मिट्टी का घर का दिवाल एकाएक गिर गया. इस हादसे में वह व उसके बच्चे भगवान की कृपा से बच गए. यशोदा देवी मजदूरी कर अपने बच्चों का पेट पालती है. भुक्तभोगी ने पंसस बेबी देवी से मिलकर अम्बेडकर आवास या पीएम आवास दिलाने का मांग की है. उन्होंने कहा कि हम मजदूरी कर किसी तरह गुजर बसर करते हैं. घर गिर जाने से रहना भी मुश्किल हो गया है. पंसस बेबी देवी ने कहा कि बीडीओ महेंद्र रविदास से मिलकर अम्बेडकर आवास जल्द दिलाया जाएगा.

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता रैली का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकुड़िया।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, दुमका द्वारा आज 23 सितंबर, 2023 को प्लस टू हाई स्कूल , पाकुड़िया में आज पोषण माह / हिंदी पखवाड़ा / मेरी माटी , मेरा देश / स्वच्छता ही सेवा / प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर कन्या फुटबॉल प्रतियोगिता , जागरूकता रैली एवं परिचर्चा आयोजित किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के वॉलिंटियर्स द्वारा 'मेरी , माटी, मेरा देश' अभियान के तहत पाकुड़िया के माननीय प्रमुख, माननीय उप प्रमुख, माननीय मुखिया द्वारा कलश में श्रद्धापूर्वक चावल लिया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया जिसमें पाकुड़िया के प्रमुख महोदय कालिदास मरांडी जी, उप प्रमुख अर्चना देवी जी, मुखिया महोदय अनीता सोरेन जी, प्लस टू उच्च विद्यालय की प्राचार्य महोदय प्रमिला टुडू जी, पाकुड़ प्राइमरी हेल्थ सेंटर के डॉक्टर इंचार्ज डॉक्टर मुकेश मंडल जी, पाकुड़िया प्लस टू हाई स्कूल के आमोद राय जी, भाजपा के पूर्व मंडल प्रमुख सह भाजपा कोर कमेटी के मेंबर हृदयानंद भगत जी, नेहरू युवा केंद्र के वॉलिंटियर्स अशरफ शेख जी व किंशुक नाग जी शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए कालिदास मरांडी, प्रमुख , पाकुड़िया ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना कारीगरों के लिए वरदान है। सीबीसी ने पाकुड़िया के कारीगरों को सम्मानित कर उनके प्रोत्साहन का उत्कृष्ट कार्य किया है। प्रमिला टुडु , प्राचार्य, प्लस टू हाई स्कूल , पाकुड़िया ने केंद्रीय संचार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम में बताए गए सुझावों और डॉक्टर महोदय मुकेश कुमार मंडल जी की सलाह को अपने दिनचर्या में शामिल करने का सलाह दिया। डॉक्टर मुकेश कुमार मंडल, प्रभारी, पाकुड़िया स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया ने कहा कि पाकुड़ जिला व पाकुड़िया प्रखंड पोषण के मामले में पीछे है : सभी लोग विशेष कर बच्चियों पोषण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन एवं सम्मान हेतु




कुम्हारिन का काम करने वाली अंजू देवी जी, साइकिल मरम्मत करने वाले राजेंद्र प्रसाद गुप्ता जी, मोची का काम करने वाले श्री अजय रविदास जी, दर्जी का काम करने वाले रिंकू साहू जी एवं कुम्हारिन काजल कुमारी जी को केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से अंग वस्त्र व भेट देकर सम्मानित किया गया। गीत एवं नाटक विभाग के कलाकारों ने डायन प्रथा के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया।

### आउटरीच अभियान को लेकर निकला जागरूकता रथ

**बोकारो।** 17 सितंबर से 25 दिसंबर तक चलने वाले 100 दिवसीय जागरूकता व आउटरीच अभियान को लेकर 23 सितंबर को न्याय सदन कार्यालय परिसर से जिला जज कुमारी रंजना अस्थाना, डीसी कुलदीप चौधरी व एसपी प्रियदर्शी आलोक ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया. जागरूकता रथ जिले के सभी नौ प्रखंडों, सभी पंचायतों व सभी गांवो में जाकर रॉयल लीगल डिफरेंट काउंसिल, विधिक जागरूकता व आउटरीच कार्यक्रम के बारे में लोगों को जागरूक करेगी. इसके तहत वैसे बच्चों की पहचान की जाएगी।

# पुलिस ने डीजल चोर गिरोह के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार

## कार, पिस्टल, 6 जिंदा कारतूस व चोरी के 50 लीटर डीजल बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** बरवाअड्डा थानांतर्गत जोड़ापीपल के समीप शुक्रवार 22 सितंबर की रात करीब दो बजे कोलकाता-दिल्ली नेशनल हाइवे से बरवाअड्डा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो डीजल चोरों को हथियार व कार के साथ गिरफ्तार किया है. शनिवार 23 सितंबर को सिटी एसपी अजीत कुमार ने धनबाद पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि शुक्रवार की देर रात गुप्त सूचना मिली कि दो अपराधी प्रवृत्ति के लोग स्विफ्ट डिजायर कार संख्या जेएच10सीबी/9387 से किसी अपराध को अंजाम देने की नीयत से नेशनल हाइवे पर घूम रहे हैं. सूचना के आधार पर हेडक्वार्टर डीएसपी 1 अमर कुमार पांडेय के नेतृत्व में टीम गठित कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी की गई. जोड़ापीपल के समीप उन्हें रुकवाया तो सभी भागने लगे. पुलिस ने उन्हें खदेड़ कर पकड़ा. तलाशी लेने पर एक पिस्टल, 6 जिंदा कारतूस, दो मोबाइल और चोरी के 50 लीटर डीजल बरामद किये गए. पकड़े गए अरोपियों में बगुला बस्ती सरायढेला के 19 वर्षीय संतोष हाजरा व गोधर केंदुआडीह क्षेत्र का दीपक कुमार सिंह शामिल हैं. अनुसंधान में पाया गया कि पकड़े गए दोनों अपराधियों पर पहले से ही सरायढेला व केंदुआडीह थाने में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं. उनसे पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटाई जा रही है. छापामारी टीम में डीएसपी हेडक्वार्टर 1 अमर पांडेय के अलावा बरवाअड्डा थाना प्रभारी विक्रम कुमार सिंह, अनुसंधानकर्ता धर्मेंद्र सिंह व बरवाअड्डा थाना के कई अधिकारी और सशत्र बल के जवान शामिल थे.

### शान-ए-पंजाब होटल होटल से दो जुआरी गिरफ़्तार, पांच पर केस

**धनबाद।** ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी के निर्देश पर तोपचांची थाना पुलिस ने शान-ए-पंजाब होटल में दबिश देकर एक कमरे से दो जुआरियों को गिरफ़्तार किया है. पुलिस ने होटल के रुम नंबर 111 से 64 हजार 500 रुपया नगद और ताश की 23 गड्डी बरामद किया. होटल परिसर में खड़ी एक मारुती वैगनार गाड़ी संख्या जेएच सीके 8841 को जब्त कर पुलिस तोपचांची थाना ले आई. होटल के रूम से गिरफ्तार दोनों जुआरियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने पांच लोगों पर धारा 290, 34 और बंगाल जुआ अधिनियम 3/4/11 के तहत मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस ने गिरफ्तार दोनों जुआरियों को जेल भेज दिया है. तोपचांची थाना क्षेत्र के विभिन्न होटलों में कमरा बुक करके रात के अंधेरे में जुआ खेला जाता है. जानकार बताते हैं कि नेशनल हाईवे में स्थित विभिन्न होटल के कमरे में जुआरियों का जमघट लगता है. होटल के मालिक और स्टाफ इन्हें हर तरह की सुविधा मुहैया कराते हैं.

### चाकुलिया : आज अर्जुन मुंडा करेंगे आईटीआई में छात्रावास का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** चाकुलिया के स्वामी विवेकानंद आईटीआई में निर्मित 100 बेड वाले अनुसूचित जनजाति छात्रावास का उद्घाटन 24 सितंबर को केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा करेंगे. इसकी तैयारियां पूरी हो गई हैं. आईटीआई के प्राचार्य तरुण कुमार महंती ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रूप में झारखंड के आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक समीर कुमार महंती, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश षाड़ंगी, जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज कुमार और जिला परिषद की सदस्य धरित्री महतो होंगे. 120 फीट लंबे तथा 26 फीट चौड़े स्क्रीन पर रिमोट कंट्रोल से अतिथि छात्रावास का उद्घाटन करेंगे.

### जल सहियों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली




**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को जल सहियाओं ने स्वच्छता की शपथ ली. सभी ने अपने घर, विद्यालय, सड़क, गली-मोहल्ले तथा सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा रखने का संकल्प लिया. इसके पश्चात रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया. पूरे बाजार क्षेत्र का परिभ्रमण करते हुए पुनः ब्लॉक परिसर में आकर रैली समाप्त हुई. साथ ही लोगों के बीच आमसभा तथा रात्रि चौपाल कर स्वच्छता से संबंधित जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया. जिसमें कूड़े-कचरे को सर्वत्र ना फेंक कर कूड़ेदान में फेंकने, प्लास्टिक तथा थमोकोल का उपयोग न करने, शौचक्रिया शौचालय में करने जैसी कई अहम जानकारियां दी गई. इस मौके पर जल सहिया लक्ष्मी राणा, दीपाली पातर, गीता रानी माहतो, चित्रा नायेक, मिताली राय, जानकी राणा, जमुना नायक, विनती कुईला, कल्पना दंडपाठ, जयंती नायेक, धीरावति मुरारी आदि उपस्थित थी.

# चोरी मामले में दो महिला समेत चार युवकों को जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** बीआईटी सिंदरी परिसर में सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो.जीतू कुजूर के आवास में चोरी मामले में गोशाला ओपी पुलिस ने शनिवार 23 सितंबर को दो महिला समेत चार युवकों को जेल भेज दिया है. प्रोफेसर जीतू कुजूर ने अपने आवास संख्या ओ 8 से लगभग पंद्रह हजार रुपए नगद सहित ढाई लाख रुपए के स्वर्ण आभूषणों की चोरी का मामला बीते बुधवार 20 सितंबर को गोशाला ओपी में दर्ज. कराया था. मामले में धारा 461, 379 और 34 के तहत कांड संख्या 90/23 दर्ज.किया गया था. गोशाला ओपी प्रभारी बिरेन्द्र कुमार ने बताया कि लिखित शिकायत के आधार पर गुरुवार की देर रात गश्ती के दौरान तीन युवकों को शक के आधार पर पकड़ने की कोशिश की गई. इसमें अंबेडकर नगर निवासी गौतम को झाड़ियों से पकड़ा गया था. वहीं दो युवक भागने में सफल रहे थे. गौतम की निशानदेही पर सिंदरी रेलवे स्टेशन के समीप निवासी पूनम देवी, उसके पुत्र आशीष, पुत्री अष्टमी उर्फ अष्टी देवी, बीआईटी सुपर फास्फेट कॉलोनी के लहुआ सहित चासनाला निवासी सोनू को पकड़ा गया. सभी ने चोरी में संलिप्तता स्वीकार की है. उनके पास से कुछ पैसे, जेवर, घड़ी, बायोमैट्रिक मशीन, प्लास कटर और लोहे के रड बरामद हुए हैं. चारों युवकों सहित दोनों महिलाओं को जेल भेज दिया गया है.

### दो अलग-अलग मामले में तीन गिरफ्तार हथियार बरामद

**जमशेदपुर।** जिला पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर छापामारी कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से हथियार भी बरामद हुए है. पहला मामला आजादनगर थाना क्षेत्र का है जहां पुलिस ने शुक्रवार रात वाहन जांच के दौरान चोरी की स्कूटी के साथ आसिफ हुसैन को गिरफ्तार किया. तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोडेड देसी पिस्टल बरामद हुआ. जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि बीती रात नेचर पार्क के पास चेकिंग के दौरान एक स्कूटी सवार पुलिस को देखकर भागने लगा. उसे खदेड़कर पकड़ा गया. पूछताछ में उसने बताया कि स्कूटी चोरी की है. तलाशी के क्रम में उसके पास से हथियार बरामद किया गया. आसिफ बीते दिनों आर्म्स एक्ट के मामले में जेल गए अफसर का भाई है. इधर, सीतारामडेरा पुलिस ने लूट की योजना बना रहे सचिन सिंह और करण भुइयां को गिरफ्तार किया है. दोनों के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल भी बरामद किया है. पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे लोग हथियार के साथ लूट की योजना बना रहे थे. दोनों पूर्व में भी आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट जैसे मामले में जेल जा चुके है. करण जून में ही जेल से बाहर आया है, जबकि सचिन अगस्त माह में जेल से बाहर आया है.

# बहादुरपुर तालाब जीर्णोद्धार कार्य में गड़बड़ी का विरोध



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** जरीडीह प्रखंड के बहादुरपुर स्थित तालाब के जीर्णोद्धार कार्य में अनियमितता का स्थानीय मुखिया समेत पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने विरोध किया है. बाराडीह की मुखिया पुष्पा देवी ने कहा है कि डीएमएफटी मद से 25 लाख से तालाब का जीर्णोद्धार करना है. बावजूद इस कार्य के संवेदक विधायक के करीबी होने का धौंस दिखाकर कार्य में घोर अनियमितता कर रहे हैं. तालाब की तीन पुरानी सीढ़ियों के जीर्णोद्धार के साथ तीन चेंजिंग रूम बनाया गया है. तालाब के चारों तरफ मेढ़ में सिर्फ घास की छिलाई की गई है, जबकि जेसीबी से तालाब की गंदगी व गाद को निकालकर सफाई करना था. कहा कि कसमार के रास्ते में तालाब से सटे सड़क किनारे बेवजह पेवर ब्लॉक बिछाकर पैसे का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है. ग्रामीणों ने इस कार्य का विरोध कर कार्य रुकवा दिया है. मुखिया ने बताया कि संवेदक प्राक्कलन के अनुरुप कार्य न करे तो ग्रामीण जिले के डीसी व डीडीसी से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे. मुखिया ने बताया कि यह योजना तालाब के जीर्णोद्धार की है, लेकिन संवेदक सड़क का जीर्णोद्धार कर सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं.

### दीपांकर श्रीज्ञान के निधन पर अधिकारियों ने जताया गहरा शोक, दी श्रद्धांजलि




**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के संयुक्त सचिव स्तर के पदाधिकारी श्री दीपांकर श्रीज्ञान का शनिवार को सुबह निधन हो गया है। वे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली में इलाजरत थे। शनिवार को ही दिल्ली के निगमबोध शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। श्रीज्ञान के असामयिक निधन की खबर सुनते ही झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के बीच पूरे दिन शोक का माहौल रहा। शनिवार अपराह्न में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) के कार्यालय पर सामूहिक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संघ के पदाधिकारियों सहित राज्य सेवा के कई पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत पदाधिकारी की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई।

**याद किए**

## शक्तिनाथ महतो इंटर कॉलेज में विनोद बिहारी महतो की मनी जयंती

# छात्र-छात्राओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** सिजुआ स्थित शहीद शक्तिनाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज में शनिवार 23 सितंबर को झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक स्व.बिनोद बिहारी महतो की जयंती मनायी गई. इस मौके पर शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले काजल कुमारी, आंचल कुमारी, गायत्री कुमारी, संध्या कुमारी, उर्मिला कुमारी, सागर कुमार, सुमित्रा कुमारी, गणेश कुमार महतो और गौरव कुमार को पुरस्कृत किया गया.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ.अरुण कुमार महतो ने कहा कि स्व. बिनोद बिहारी महतो शहीद शक्तिनाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ के संस्थापक अध्यक्ष रहे हैं. उन्होंने झारखंड में शिक्षा का अलख जगाने का काम किया. उनका नारा था पढ़ो और लड़ो. वहीं दूसरी ओर बोकारो हवाई अड्डा स्थित स्थापित बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा स्थल पर जनता दल यूनाइटेड की ओर से 23 सितंबर को जयंती समारोह का आयोजन किया गया. मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो ने कहा कि बोकारो हवाई अड्डा का नामकरण बिनोद बिहारी महतो के नाम से किया जाए. झारखंड में उनकी जयंती के अवसर पर अवकाश की घोषणा की जाए. मौके पर राजा पांडे, सरत रजवार, संतोष कुमार महतो, गोपाल कुमार गुप्ता, विनय कुमार सिंह, मनोवर अंसारी, नेपाल महतो, गणेश प्रजापति आदि उपस्थित थे. दूसरी ओर एनपी टीचर्स ट्रेनिंग कालेज व एनपी संध्याकालीन कॉलेज प्रांगण में बिनोद बिहारी महतो की जयंती मनाई गई. मुख्य अतिथि कॉलेज के सचिव प्रमोद सिंह ने कहा कि बिनोद बाबू झारखंड के जननायक थे. उनके योगदान को झारखंडवासी व देश के लोग हमेशा याद करते हैं. झारखंड राज्य के निर्माण करने में इनका अहम योगदान था. कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं, शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे.




### आदिवासी बस्ती में चला मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

**धनबाद।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत के शनिवार 23 सितंबर को सिंदरी के वन इमली बस्ती आदिवासी टोला में भाजपा नेताओं ने हर घर से मिट्टी इकट्ठा की. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने कहा कि सिंदरी के मंदिरों सहित प्रत्येक घर से मिट्टी इकट्ठा कर प्रखंड और प्रदेश के माध्यम से दिल्ली की अमृत वाटिका तक पहुंचाया जाएगा. इससे दिल्ली जानेवाले स्थानीय लोगों को अपने घर की अनुभूति देश की राजधानी में भी होगी. भाजपा नेता विजय पाण्डेय ने कहा कि प्रकृति पर्व करमा के आगमन पर प्रकृति के गोद में आकर विशेष अनुभूति हो रही है. उन्होंने लोगों से 26 सितंबर को बलियापुर में आयोजित बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा में शामिल होने की अपील की.

## डुमरडीहा आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई कार्यक्रम

# बच्चों को मां के दूध के साथ आहार भी जरूरी : मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत अंतर्गत डुमरडीहा आंगनबाड़ी केंद्र में 5वां राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया रीता देवी व संचालन पर्यवेक्षिका संयुक्ता मैडम ने की। पोषन माह के तहत गुब्बारा उड़ा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सीडीपीओ नीलू रानी ने बताया कि यह कार्यक्रम 1 सितंबर से 30 सितंबर 2023 तक निर्धारित है। इसमें महिला स्वास्थ्य एवं बच्चों के शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मौके पर मौजूद लोगों को विभिन्न प्रकार के कुपोषण से बचाव को लेकर जानकारी दी गई। वहीं गर्भवती महिलाओं एंव धात्री महिलाओं को पोषण से संबंधित विशेष जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया रीता देवी ने कहा बच्चों को कुपोषण से बचाना है तो पौष्टिक आहार के साथ-साथ मां का दूध समय पर अवश्य पिलाएं साथ ही साथ आंगनबाड़ी केंद्र मे समय पर टिका अवश्य लगाएं। गोद भराई में देवंती देवी और मुंह जुठी में दीपेश टुडू का किया गया।वहीं मौजूद मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने कहा हम अपने पंचायत में जहां भी आंगनबाड़ी केंद्र का भवन नहीं है उसे बनवाने का प्रयास कर रहे हैं ।आप लोग जमीन को सत्यापित करते हुए खाता नंबर और प्लॉट नंबर मुझे जल्द दें ताकि आप लोगों को आंगनबाड़ी भवन मिल सके। मौके पर शिवराम मुर्मू, सुजीत कुमार, सेविका सोनिया देवी, कुसुम कुमारी, यशोदा देवी, चिंता देवी, माला टुडू, मनिया मुर्मू, चमेली देवी, हेमंती देवी, बसंती मुर्मू, मनीषा मुर्मू सहायिका छोटकी देवी के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

# रामगढ़ में याद किए गए विनोद बिहारी महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में नगर परिषद कमेटी द्वारा नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में झारखंड पितामह स्व. बिनोद बिहारी महतो की 100 वीं जयंती मनायी गयी । मौके पर आजसू पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने बिनोद बाबू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनकी राह पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर मनोज कुमार महतो ने बताया कि बिनोद बिहारी महतो की अलग झारखंड राज्य गठन में बड़ी भूमिका रही है। वे राज्य के भीष्म पितामह थे। समाज में आशिक्षित लोगों को शिक्षित एवं संघर्षशील बनाने के लिए पढ़ो और लड़ो का नारा दिया था। वह हमेशा शिक्षा के लिए लड़ते थे।आज बिनोद बाबू के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए एक संकल्प लेने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि विनोद बाबू की बातों से ताकत मिलती है उत्साह का संचार होता है और उम्मीदें जागती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि विनोद बाबू ने अपने पढ़ो और लडो के नारे को बुलंद करते हुए कहा था कि अगर मान सम्मान की जिंदगी जीनी है,तो अलग राज्य हर हाल में हासिल करना होगा और इसके लिए हम सबको पढ़ना होगा और लड़ना भी होगा पढ़े और लड़े बिना हम कुछ भी हासिल नहीं कर सकते और झारखंडियों की जिंदगी आजाद देश के गुलाम की तरह व्यतीत होती रहेगी। बिनोद बाबू अलग राज्य के लिए जो सपना देखा था उनका सपना पूरा होते नही दिख रहा है। कहा वर्तमान सरकार आदिवासी मूलवासी के नाम पर सिर्फ राजनीतिक कर रही ऐसी सरकार को जरूरत है उखाड़ फेखने की। मौके पर जिला उपाध्यक्ष भुनेश्वर महतो,नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो,वार्ड पार्षद देवधारी महतो,कैलाश महतो,शीतल प्रसाद,नुनूलाल महतो,बिट्टू सिंह चन्डेल,अनिल पटेल,मुकेश महतो,दिनेश महतो,दिलीप यादव,अनूप यादव आदि उपस्थित थे।




## रामगढ़ में चला सघन वाहन जांच अभियान

**रामगढ़।** अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन के नेतृत्व में शुक्रवार को रात्रि वाहन जांच अभियान चलाते हुए रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान मोटरयान अधिनियम 1988 के अंतर्गत विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से कुल 41950 रुपए की जुमार्ना राशि वसूली गयी। इस दौरान वाहन चालकों से फिटनेस, टैक्स, इंश्योरेंस, प्रदूषण आदि दस्तावेजों की जांच की गई। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद द्विवेदी द्वारा यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां चालकों को दी गई। साथ ही अभिभावकों को नाबालिक बच्चों को किसी भी हालत में वाहन न चलाने देने की अपील की।

# रामगढ़ में रामधारी सिंह दिनकर जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** हिंदी विभाग राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ द्वारा 23 सितंबर को हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत रामधारी सिंह दिनकर जयंती के उपलक्ष्य में हिंदी भाषा के उत्थान में दिनकर का योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ रामधारी सिंह दिनकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. अंजु तिवारी ने दिया । कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने दिनकर जयंती की शुभकामनाएँ दी । साथ ही दिनकर के लेखन की प्रासंगिकता को सभी के समक्ष रखा। कुलाधिपति बी एन साह ने दिनकर जयंती की बधाई देते हुए कहा कि कोई भी साहित्यकार अपनी रचना के माध्यम से कालजयी होता है। विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रोफेसर गजेंद्र कुमार सिंह, मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, हजारीबाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, झारखण्ड ने कहा कि रामधारी सिंह दिनकर ने आजादी के पूर्व एवं पश्चात हिंदी भाषा साहित्य और राजनीति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक सह पीएचडी समन्वयक डॉ. रश्मि और विभागों के विभागाध्यक्ष एवं व्याख्यातागण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजीन कुमार मिश्रा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सत्येन्द्र कुमार ने किया ।

# महिला मुक्ति व जन साहस संस्था ने प्रवासी मजदूरों को दिया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम बसरामो और ग्राम गोरहर के नवाडीह टोला में महिला मुक्ति संस्था एवं जनसाहस संस्था के एमआरसी टीम फिल्ड ऑफिसर रोहित कुमार, सतेंद्र यादव, जिला समन्वयक मोनिका रानी,जेएसएफ जरीना खातून, जन साथी महबूब अंसारी, नीलम कुमारी के द्वारा प्रवासी मजदूरों एवं इनके परिवारों के साथ प्रवास पूर्व प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे बताया गया कि मजदूर लोग प्रवास से पूर्व अपने पंचायत में पंजीकृत करवा कर निकले एवं लेबर ऑफिस हजारीबाग में पंजीकृत करवा कर प्रवास करें। लेबर ऑफिस में पंजीकृत करवाने के कई लाभ के बारे में बताया गया।वहीं प्रवास के बाद कैसे सुरक्षित रह सकते है, कार्य स्थल पर कैसे सुरक्षित रहना है ,कार्य के दौरान क्या करना है। बंधुवा मजदूरी, मानव तस्करी बाल श्रम के बारे में विस्तार से बताया गया।लोगों को जनसाहस मजदूर हेल्प लाइन नंबर 18002000211 के बारे में बताया गया। अगर किन्ही मजदूर का ठिकेदार या मालिक के द्वारा काम करवा कर मजदूरी पैसा नही देता है तो मजदूर हेल्प लाइन नंबर पर कॉल कर के सहायता ले सकते है एवं महिला हेल्पलाइन नंबर180030002852 में बताया गया ।महिलाओं से संबंधित या शोषण के विरुद्ध महिला हेल्पलाइन नंबर में कॉल कर सकते हैं ।वोगों को बीओसीडब्लू कार्ड, इ श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, सामाजिक सुरक्षा आदि योजनाओ के बारे में बताया गया।

## प्रवासी मजदूर का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव, मातम छाया

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत मड़मो पंचायत के बेलियाटांड़ निवासी कैलाश टुडू (30) की मौत ओडिशा के झारसुगोड़ा में काम के दौरान टावर से गिरने की वजह से हो गई. वह रूपलाल टुडू का बेटा था. यह खबर सुनकर परिजनों समेत गांव में मातम पसर गया. शनिवार की सुबह मजदूर का पार्थिव शरीर गांव पहुंचने पर बगोदर के पूर्व भाजपा विधायक नागेंद्र महतो भी ढांढ़स बंधाने मृतक के घर पहुंचे. उन्होंने बीजू जनता दल के क्षेत्रीय विधायक से बात कर मृतक के आश्रितों को मुआवजा दिलाने का आग्रह किया. विधायक ने प्रक्रिया पूरी कर 10 लाख रुपए मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया है. फिलहाल पूर्व विधायक महतो ने कंपनी के अधिकारी से बात कर मृतक के अंतिम संस्कार के लिए 50 हजार रुपए दिलाया. मृतक के परिवार में पत्नी सरिता देवी, पुत्र अजीत टुडू (छह वर्ष) और तीन साल की बेटी मुस्कान है. मृतक के घर पहुंच कर शोक जताने वालों में अजय मिर्धा, पंचायत समिति सदस्य बहराम हांसदा, सांसद प्रतिनिधि सुखदेव महतो, घनश्याम महतो, अर्जुन महतो, शनिचर सोरेन, बहराम मरांडी, विजय महतो, अरविंद सिंह, फूलचंद मांझी, कमरुद्दीन अंसारी, राजेंद्र हेंब्रम आदि शामिल थे.

# आयकर विभाग ने ट्रस्ट व सोसाइटी के लिए सेमिनार का किया आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** आयकर विभाग ने सेमिनार का आयोजन कर ट्रस्ट व सोसाइटी की धारा 12 ए और 80 जी से संबंधित विस्तृत जानकारी दी. सेमीनार में ट्रस्ट व सोसाइटी के रजिस्ट्रेशन और आईटीआर 7 दाखिल करने के संबंध बताया गया. इसके अलावा चैरिटबल संस्थानों के निर्माण से लेकर उनकी आमदनी व खर्च के विवरण दाखिल करने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गयी. आईटीआर 7 (चैरिटबल इंस्टीट्यूशन के द्वारा भरा जाने वाला आयकर विवरणी फार्म है) में हुए बदलावों के बारे में बारीकी से बताया गया. मुख्य अतिथि रंजीत मधुकर ने कहा कि आयकर विवरणी गलत तरीके से भरने के कारण अनावश्यक डिमांड हो रही है, जिसके निराकरण के लिए ही सेमिनार आयोजित किया गया है. आईटीआर 7 कैसे भरना है, कार्यक्रम का यह मुख्य मुद्दा है. उन्होंने कहा सभी चैरिटबल संस्थान व सोसाइटी जिनके ऊपर 1000 रुपये का भी डिमांड है, उन्हें नोटिस दिया जा रहा है. अगर नोटिस में दिये गये कारण स्वीकार्य है, तो डिमांड जमा करें. अन्यथा एक-दो रिमाइंडर के बाद बैंक खाता जब्त कर लिया जायेगा. आगे कहा कि अगर डिमांड गलत है और उनका विवरण सही है, तो कार्यालय या फिर ऑनलाइन रेक्टिफिकेशन एप्लीकेशन फाइल करें, ताकि उसका निराकरण निकाल कर डिमांड खत्म की जा सके. सेमिनार में अपर आयकर आयुक्त और एक्जेंप्शन रेंज 2 रांची के रंजीत मधुकर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए. प्रमुख वक्ता के तौर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट विनीश व समीर पांड्या शामिल हुए. इसके अलावा बार काउंसिल हाजारीबाग और विभिन्न ट्रस्ट व सोसाइटी के करीब 60 लोग सेमिनार में शामिल हुए. मौके पर आयकर अधिकारी प्रबोध किंडो, कुंदन कुमार, आयकर निरीक्षक सूरज प्रसाद, प्रदीप लकडा, आयकर अधीक्षक लवलेश कुमार सिन्हा, वरीय कर सहायक प्रवेश कुमार, कर सहायक सुधा कुमारी और धीरज कुमार उपस्थित रहे .

## विधायक ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा का विधायक अमित कुमार यादव ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को बताया कि इस अस्पताल के जांच केंद्र में भारी अनियमितता बरती जा रही है। विधायक ने जांच केंद्र के पंजी का एक माह तक की रिपोर्ट को खंगाला। जिसमें डायरिया,टीवी, मलेरिया समेत अन्य बीमारी की पॉजिटिव रिपोर्ट पिछले एक माह से एक भी दर्ज नहीं की गई थी ।उन्होंने बताया कि जब लोग निजी क्लीनिक में जांच कराते हैं तो उनका रिपोर्ट पॉजिटिव आता है ।मौके पर विधायक ने सिविल सर्जन से दूरभाष पर कहा की जांच कर्ता को सही जानकारी नहीं है जिसके कारण लोगों की बीमारियों का सही पता नहीं चल पा रहा है। उन्होंने सिविल सर्जन से दुसरे जांच कर्ता को अविलंब भेजने का निदेश दिया। ताकि मरीजों की बीमारियों का सही जांच हो सके।

## बेहोशी हालत में खैरा जंगल से रामेश्वर बरामद

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बड़ासिंगा-इचाक मार्ग स्थित खैरा जंगल में असामाजिक तत्वों द्वारा चेचकप्पी के ग्राम धोवारी निवासी रामेश्वर सिंह (55) पिता चमरू सिंह को मारकर बेहोशी हालत में बरामद किया गया। घटना की जानकारी स्थानीय मुखिया रीता देवी और समाजसेवी डेगलाल साव को मिली तो डेगलाल साव अपने समर्थकों संग घटना स्थल पर पहुंचे तथा अपने निजी वाहन से बुरी तरह घायल रामेश्वर सिंह को सदर अस्पताल हजारीबाग पहुंचाया। जहां चिकित्सकों द्वारा नाजुक स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया । वहीं मुखिया प्रतिनिधि द्वारा पीड़ित को आर्थिक सहयोग भी किया गया। उक्त जानकारी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने दी। वहीं घटनास्थल पर पहुँचे लोगों ने अज्ञात लोगों के द्वारा मारपीट की आशंका जताई है ।मौके पर शंकर नायक ,ललन सिंह , मोहन साव,प्रताप सिंह ,गुड्डा सिंह ,भोला सिंह ,उपस्थित थे। इस दौरान मुखिया रीता देवी ने पत्रकारों को बताया कि अपनी निजी बोलेरो वाहन को सामाजिक कार्यों तथा लोगों की सेवा में दे रखी हूं।

# पुलिस हिरासत में आरोपी शिक्षक, पूछताछ जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** डीएसई के पत्राचार के बाद शनिवार को हजारीबाग स्थित प्लस टू हाई स्कूल की एक शिक्षिका के साथ छेड़छाड़ और अश्लील बातें व हरकत करने के आरोपी शिक्षक को इचाक पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि इचाक स्थित तिलरा कवातू मिडिल स्कूल के आरोपी शिक्षक उमेश प्रजापति से विभिन्न बिन्दुओं पर पूछताछ की जा रही है. डीएसई ने पत्र में शिक्षिका के आवेदन के आधार पर जिन बिन्दुओं पर शिकायत की है, उसकी पड़ताल की जा रही है. पीड़िता से भी जानकारी ली जाएगी. मामले में जांच पदाधिकारी बनाए गए बरही सह बड़कागांव के एरिया ऑफिसर दीपक कुमार ने पूछे जाने पर बताया कि उन्हें 22 सितंबर को पत्र मिला. विभागीय कार्यवश वह जांच के लिए नहीं जा सके हैं. उन्होंने कहा कि सोमवार को जांच के लिए जाएंगे. इधर आरोपी शिक्षक को बचाने में शिक्षकों और शिक्षा पदाधिकारियों का ही एक महकमा जुटा बताया जा रहा है. इस मामले पर तिलरा कवातू के ग्रामीणों में आरोपी शिक्षक के प्रति आक्रोश भड़का हुआ है. पंचायत समिति सदस्य मुकेश उपाध्याय ने बताया कि डीइओ, डीएसई से लेकर उपायुक्त, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव समेत केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ अन्नपूर्णा देवी तक शिक्षक की शिकायत और शिक्षिका को न्याय दिलाने की गुहार ग्रामीणों की ओर से लगाई गई है. अगर शिक्षिका को न्याय नहीं मिला, तो भूख हड़ताल किया जाएगा.

## बरकट्ठा : वन विभाग के छापामारी में आरा मशीन समेत लकड़ी का बोटा जब्त



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग के बरही प्रक्षेत्र के वनकर्मियों द्वारा बरकट्ठा स्थित डाकडीह में संचालित अवैध आरा मिल के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान बुलडोजर चलाकर संरचना को ध्वस्त किया गया साथ ही आरा मिल से संबंधित सभी उपकरण समेत एक ट्रैक्टर सखुआ बोटा व चिरान जप्त किया गया। इस दौरान वन विभाग की टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। मौके पर प्रभारी वनपाल, वनरक्षी एवं अन्य वनकर्मियों के अलावा बरकट्ठा थाना की पुलिस टीम शामिल रही।

## मुखिया ने डीईओ को दिया ज्ञापन

**बरही ।** बुंडू स्थित मॉडल विद्यालय में शिक्षकों की कमी को लेकर मुखिया विजय कुमार यादव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्रनाथ दास को ज्ञापन पत्र सौंपा है. मुखिया ने डीईओ को बताया कि स्थापना कल से ही विद्यालय शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है. इसके कारण विद्यालय का पठन पाठन कार्य प्रभावित हो रहा है. उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से विद्यालय में यथाशीघ्र पांच शिक्षकों के पदस्थापन की मांग की है. उन्होंने बताया कि मॉडल विद्यालय स्थापित होने से ग्रामीणों में खुशी है, परंतु पठन-पाठन नियमित नही होने से नाराजगी देखी जा रही है. साथ ही नामांकित बच्चों का भविष्य अंधकार में हो रहा है.

## आईटीआई के नए सत्र के लिए विभिन्न ट्रेड के लिए 122 छात्रों का हुआ नामांकन, 46 सीट रहे रिक्त

**बरही ।** प्रखंड के बेंदगी स्थित आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान में नए सत्र के लिए शनिवार को नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हुई. उक्त जानकारी प्रभारी प्राचार्य रविंद्र प्रसाद ने दी. उन्होंने बताया कि नए सत्र में 5 विभिन्न ट्रेड के लिए कुल 122 विद्यार्थियों का नामांकन लिया गया. इसमें इलेक्ट्रीशियन में 39, फिट्टर में 39, मैकेनिक डीजल में 35 और वेल्डर के लिए 9 विद्यार्थी शामिल है. हालांकि निर्धारित सीट के अनुसार इलेक्ट्रीशियन और फिट्टर में एक-एक, मैकेनिक डीजल में 13 और वेल्डर के 31 बच्चो ने नामांकन नही लिया. जिससे कुल 46 विद्यार्थियो के सीट रिक्त रह गए है. इसकी सूचना वरीय कार्यालय को दिया जा चुका है.

**दशलक्षण पर्व**

## रामगढ़ में जैन समाज ने की पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म की पूजा

# ‘सत्य से ही होती है धर्म की प्राप्ति’

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्थित पार्श्वनाथ जिनालय में दशलक्षण महापर्व के पांचवे दिन 23 सितम्बर को उत्तम सत्य धर्म का पूजा विधि विधान के साथ संपन्न हुई। दोनों मंदिर जी में 5वें दिन देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 5वें दिन श्री दिगम्बर जैन मंदिर में जलाभिषेक का सौभाग्य शांतिलाल सेठी श्रवण सेठी, पंकज जैन दिल्ली, संजय सेठी, नवीन सेठी, राकेश पांड्या, हीरालाल पाटनी व राजेन्द्र पाटनी को मिला। रांची रोड में जलाभिषेक का सौभाग्य महावीर प्रसाद व नरेंद्र छाबड़ा को मिला। श्री दिगम्बर जैन मंदिर रामगढ़ में शांतिधारा का सौभाग्य 5 वें दिन जीवन मल पाटनी जंबू पाटनी, परिवार पुष्पा अजमेरा, सौरव अजमेरा, गौरव अजमेरा को मिला। रांची रोड में 5वें दिन जलाभिषेक का सौभाग्य विनोद पहाड़िया, पंकज पहाड़िया को मिला। वहीं, भगवान पुष्पदंत स्वामी का निर्वाण महोत्सव में निर्वाण लड्डू अर्पण करने का सौभाग्य रामगढ़ में अरूणा जैन, डॉ शरद जैन एवम रांची रोड में सुभाष पाटनी वैभव पाटनी को मिला। 5वें दिन महाआरती का सौभाग्य प्रमोद सेठी, नीरज सेठी व बबलू सेठी को मिला। उत्तम सत्य धर्म के सम्बन्ध में पंडित दीपक शास्त्री ने बताया की मनुष्य अनेक कारणों से असत्य बोला करता है, उनमें से एक तो झूठ बोलने का प्रधान कारण लोभ है। लोभ में आकर मनुष्य अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिये असत्य बोला करता है। असत्य भाषण करने का दूसरा कारण भय है। मनुष्य को सत्य बोलने से जब अपने ऊपर कोई आपत्ति आती हुई दिखाई देती है। अथवा अपनी कोई हानि होती दिखती है। उस समय वह डरकर झूठ बोल देता है, झूठ बोलकर वह उस विपत्ति या हानि से बचने का प्रयत्न करता है। असत्य बोलने को तीसरा कारण मनोरंजन भी है। बहुत से मनुष्य हंसी मजाक में कोतूहल के लिये भी झूठ बोल देते हैं। दूसरे व्यक्ति को भ्रम में डालकर या हैरान करके अथवा किसी को भय उत्पन्न कराने के लिये या दूसरे को व्याकुलता पैदा करने के लिये झूठ बोल देते हैं। इसी से उनका मनोरंजन होता है। इसके सिवाय



क्रोध में आकर मनुष्य ऐसे कुवचन, गाली गलौज मुख से निकाल बैठता है जिनको सुनकर जनता में क्षोभ फैल जाता है, निर्बल मनुष्य का हृदय तड़प उठता है, बलवान मनुष्य को वैसे दुर्वचन सुनकर क्रोध उत्पन्न हो जाता है जिससे कि बहुत भारी दंगाफसाद हो जाता है, मारपीट हो जाती है, यहाँ तक कि मरने मारने की भी तैयारी हो जाती है। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन एवम मंदिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल ने बताया 24 सितम्बर को उत्तम संयम धर्म की पूजा होगी।

### जिला स्वास्थ्य समिति कोडरमा में मैराथन दौड़ का आयोजन

# एचआइवी-एड्स के प्रति जागरुकता के लिए दौड़े कोडरमावासी, हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के द्वारा एचआइवी व एड्स के प्रति जागरुकता के लिए यूथ फेस्ट 2023 का आयोजन किया गया.जिसमें जिला स्वास्थ्य समिति कोडरमा की देखरेख में मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ. महाराणा प्रताप चौक से जेजे कॉलेज कोडरमा, लगभग 5 किमी तक की दौड़ में 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया. सिविल सर्जन कोडरमा डॉ. अनिल कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी, एआरटी, आईसीटीसी कोडरमा डॉ. रमन कुमार, उपाधीक्षक डॉ. मनोज कुमार, डॉ. अभिषेक कुमार नोडल पदाधिकारी ए.आर.टी., आई.सी.टी.सी. सदर अस्पताल कोडरमा ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई. इस मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग से प्रथम स्थान पर विनय कुमार, द्वितीय आदित्य कुमार और तृतीय स्थान पर पप्पू कुमार रहे. वहीं महिला वर्ग से प्रथम अनिता दास, द्वितीय पम्मी कुमारी और तृतीय स्थान पर पूजा कुमारी रहीं.प्रथम पुरस्कार 5000 रुपये, द्वितीय 3000 रुपये, तृतीय 2000रुपये. साथ ही साथ 14 प्रतिभागियों व विजेताओं को सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रत्र से सम्मानित किया गया. मौके पर मौजूद एआरटी सेंटर के डाटा मनैजर संजय कुमार, आईसीटीसी के काउंसलर सुमिता कुमारी, एयाज अहमद, सतीश प्रसाद, चंदन किशोर, बबीता कुमारी, सवित्री कुमारी, सिन्नी अहाना, सुशील कुमार, सीमा, मनोज यादव, दीपक कुमार, स्नेहल कुमार, विजय कुमार, आयुष्मान के डीपीसी सुमित कुमार सिन्हा, बीजेन्द्र कुमार आदि कर्मियों का अहम योगदान रहा.



### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

## 'बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता जरूरी'

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. महाविद्यालय के बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षु, शिक्षकगण और शिक्षेकेत्तर कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया और महाविद्यालय कैंपस की साफ सफाई की. इस मौके पर महाविद्यालय के उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि स्वच्छता स्वास्थ की आत्मा है. स्वच्छता से हमारा वातावरण शुद्ध होता है और हमें दीर्घ आयु प्रदान करती ह., हम सभी को अपने दैनिक जीवन में स्वछता को शामिल करते हुए महात्मा गांधी का सपना स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत के सपने को साकार करना चाहिए. वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना सह कार्यक्रम पदाधिकरी सौरभ शर्मा ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता बहुत जरुरी है हमें अपने आस-पास के क्षेत्रों को निरंतर स्वच्छ रखना चाहिए. सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार पासवान ने स्वच्छता अभियान को दैनिक जीवन में विशेष रूप से शामिल करने को कहा. इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, नीरज कुमार, अनिल कुमार दास एवं शिक्षेकेतर कर्मचारी सुचित कुमार, रोहित कुमार, चुन्नु कुमार, मुख्तार आलम, दीपक पाण्डेय, निशा कुमारी व अन्य शामिल थे.



## सदर अस्पताल के बाहर वृद्ध महिला की मौत

### झामुमो नेता ने लगाया लापरवाही का आरोप, सीएस ने कहा- आरोप गलत

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** सदर अस्पताल कोडरमा के बाहर एक वृद्ध महिला की मौत हो गई. इसके बाद मौके पर पहुंचे झामुमो जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सही से इलाज नहीं होने की वजह से इसकी मौत हो गई. उन्होंने आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि डॉक्टर को इस बात का पता ही नहीं है कि यह मरीज यहां पर पड़ी हुई है. साथ ही कहा कि सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार पर हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए. इस संबंध में सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार से बात करने पर पता चला कि वह मानसिक विक्षिप्त थी और पिछले 25 दिनों से वह इलाजरत थी. कई बार डॉक्टर के द्वारा वार्ड का राउंडिंग करने के दौरान वह अपने बेड से गायब रहती थी. हमलोगों को पता ही नहीं है कि कब वह वार्ड से निकल गई. क्योंकि उसके पास कोई अटेंडेंट भी नहीं था. डॉ. अनिल कुमार ने यह भी बताया कि एक पुलिसकर्मी के द्वारा उसे पिछले 25 दिनों पहले अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था. उसकी उम्र 80 वर्ष के आसपास थी. झामुमो नेता का आरोप गलत है.सिविल सर्जन होने के नाते मुझे खेद है कि उसकी मौत हो गई.

### कोडरमा : ओरियंट अप्लायंस की ग्रैंड डीलर मीट, प्रोडक्ट के बारे में दी गयी जानकारी



**कोडरमा।** झुमरी तिलैया शहर के ग्रांड सूर्या में डिस्ट्रीब्यूटर शक्ति बैट्री ने ओरियंट अप्लायंस की डीलर मीट करायी. इस दौरान कंपनी से आये प्रतिनिधियों ने किचेन अप्लायंस, गिजर व कुलर के बारे में विस्तृत जानकारी दी. साथ ही आने वाले नये प्रोडक्ट रेंज के बारे में भी बताया. इस मीट में डीलरों के लिए कई प्रोडक्ट भी डिस्पले किये गये. शक्ति बैट्री के प्रोपराइटर अमित अग्रवाल ने डीलरों को धमाकेदार ऑफर भी दिया. डीलर मीट में कपंनी के केटेगरी हेड अमित बंसल, एजीम सेल्स राजीव सिन्हा, रिजनल मैनेजर गुजन गौरव और एरिया मैनेजर पीयूष सिंह मौजूद रहे.

### 27 सितंबर को सदर अस्पताल के समक्ष होगा धरना-प्रदर्शन : प्रकाश रजक

**कोडरमा।** भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 25 सितंबर को विभिन्न जन समस्याओं को लेकर सदर अस्पताल कोडरमा के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया था. लेकिन कर्मा पूजा को देखते हुए इस धरना कार्यक्रम को 27 सितंबर को निर्धारित किया गया है. धरना के पूर्व उर्मिला चौधरी क्लीनिक से जुलूस दोपहर 12:00 बजे निकाला जाएगा. धरना को भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अंचल मंत्री धनंजय यादव, पूर्व प्रमुख वीरेंद्र यादव संबोधित करेंगे.

### आर सी मध्य विद्यालय में फादर अग्नेलो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**सिमडेगा।** शनिवार को कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत आर सी मध्य विद्यालय में फादर अग्नेलो फूटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें अघरमा, रामपुर, तुरबुंगा आदि विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने खेल में हिस्सा लिया। जहां विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, को कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम ने कहा कि बच्चों आज के समय खेल का महत्व बहुत बड़ा है, आपलोग देश और राज्य के भविष्य हो।कौन जानता है कि कल को कौन किया बनेगा आपमें से ही कोई डीसी कोई एसपी कोई मंत्री, विधायक या खेल में उत्सुकता दिखाते हुए भारत के कैप्टन भी बन सकते हैं। किन्तु आवश्यकता है शिक्षा के साथ साथ खेल के प्रति जागरूकता दिखाने का।विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा आज देश ही नहीं सम्पूर्ण विश्व में खेल के प्रति सरकार जागरूक है।आज हमारे गठबंधन सरकार झारखण्ड के युवाओं को खेल में रूचि रखने वाले युवाओं को रोजगार प्रदान कर रही हैकार्यक्रम में जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन, वाहिद,मण्डल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी,अमृत डुंगडुंग आदि उपस्थित थे।

### सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

**सिमडेगा।** जहरीले सांप के डसने से ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कंसबहार कहुपानी गांव निवासी 30 वर्षीय लक्ष्मण प्रधान नामक व्यक्ति की इलाज के क्रम में सदर अस्पताल में मौत हो गयी। बताया गया सांप डसने के बाद परिवार वाले झाड़ को करवाते रहे। काफी देर तक झाड़ को करवाते रहे जब किसी प्रकार की कोई भी सुनवाई नहीं हुई तब जाकर उसे इसके बाद इलाज के लिए अस्पताल लाया । जहां पर कुछ देर इलाज चल और शरीर में अत्यधिक जहर का फैलाव होने की वजह से लक्ष्मण प्रधान की मौत हो गई मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मृतक केशव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए परिजनों को शव सौंप दिया। वही दूसरा मामला बानो थाना क्षेत्र की है जहाँ जामटोली निवासी रॉयन सुरीन को शनिवार को दोपहिया में जहरीले सांप ने साँप ने पैर में काटा साँप के काटने के तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो इलाज के लिए लाया गया।

## सिकरियाटांड में सरना स्थल पर गैर सरना धर्मावलंबियों ने लगाया झंडा

### ग्रामीणों ने सामूहिक जुटान कर नए पुजार का चुनाव कर हटाया झंडा

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटांड।** प्रखंड के सिकरियाटांड सरना स्थल पर पिछले 19 सितंबर को गैर सरना धर्मावलंबियों के द्वारा सरना स्थल पर जुलूस लेकर झंडा लगा दिया गया जिसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को हुई जिसको लेकर आक्रोश का माहौल था ग्रामीणों ने शनिवार को सामूहिक रूप से एक जगह जूठन कर सरना स्थल पहुंचे और वहां पर लगाए गए झंडा को हटाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि गैर सरना धर्मवलंबियों के द्वारा साजिश के तहत इस प्रकार की घटना को अंजाम दे रहे हैं ताकि सरकार की तरफ से मिलने वाली सभी प्रकार के दोहरा लाभ ले सके लेकिन सरना समुदाय के लोग इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे और भविष्य में इस प्रकार के दोबारा करने वाले लोगों के ऊपर न्याय संगत ग्रामीणों के द्वारा कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि आज से पूर्व कभी भी गैर सरना धर्म और लंबियों के द्वारा इस प्रकार की हरकत नहीं किया गया था जो की एक सोची समझी साजिश के तहत की गई। लगातार सरना संस्कृति और सभ्यता को खराब करने के लिए गैर सरना धर्मवलंबियों के द्वारा प्रयास किया जा रहा है लेकिन इसे कभी सफल होने नहीं दी जाएगी। व्हाई इस मौके पर सामूहिक रूप से ग्रामीणों ने बैठक करते हुए सरना स्थल के लिए सोमरा बड़ाईक को नए पुजार के रूप में चुनाव किया गया। बताया गया कि यह पहानों के साथ मिलकर सरनाहित के लिए कार्य करेंगे। साथी गैर सरना धर्म द्वारा चुनाव किए गए पुजार को मान्यता खत्म किया गया। मौके पर सभा अध्यक्ष बलदेव प्रधान,जयलाल बड़ाईक, जयन्त बेसरा, उदयभान बेसरा, सहित गांव के सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।



## हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**सिमडेगा।** पीडीजे राजकमल मिश्र की अदालत ने हत्या के दो आरोपियो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं अदालत ने दोनों आरोपियों को दस दस हजार रुपए का भी जुमार्ना लगाया है। इस मामले में कुरडेग थाना में कांड संख्या 31/2020 के तहत मामला दर्ज है। बताया गया कि 17 नवम्बर 2020 को प्रमोद खलखो किनकेल बाजार से अपने घर लौट रहे थे। बाजार से लौटने के क्रम में वे विनोद खलखो के घर के समीप अपनी बाईक खड़ी कर सभी के साथ भंवराबेड़ा जा रहे थे। इसी क्रम में किशोर तिर्की और आलोक तिर्की के साथ किसी बात को लेकर प्रमोद खलखो का विवाद हो गया। विवाद होने के कारण आलोक तिर्की और किशोर तिर्की ने प्रमोद खलखो के सिर पर वार कर दिया। जिससे वे गिर गए। घटना के बाद उनकी मृत्यु हो गई। सूचना के आलोक में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया था। शनिवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाया। अभियोजन पक्ष से प्रभारी पीपी अमित कुमार श्रीवास्तव ने दलीलें पेश की।

### हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सीएसआर फंड से शुरू हुई टेडी बेयर निर्माण प्रशिक्षण केंद्र



**सिमडेगा।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सीएसआर फंड के सहयोग से टीचर ट्रेनिंग संस्थान परिसर में टेडी बीयर निर्माण के लिए प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। एचपीसीएल की स्वतंत्र निदेशक सह पूर्व मंत्री विमला प्रधान, डीडीसी अरुण वाल्टर सांगा, एसडीईओ बादल राज ने फीता काट कर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। बताया गया कि महिलाओं को टेडी बियर निर्माण के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा रोजगार रोजगार भी उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री सह एचपीसीएल के स्वतंत्र निदेशक विमला प्रधान ने बताया कि महिलाओं को स्वालंबी बनाने के उद्देश्य से हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड की सीएसआर फंड की राशि सिमडेगा में मुहैया कराई गई है ।शुरूआती दौर में सिमडेगा में इसकी दो जगह पर शुरू की गई है और इसकी सफलता के बाद जिले के 10 प्रखंडों में शुरूआत करने का कार्य -अलग जगह पर भी करने का कार्य किया जाएगा। साथ उन्होंने कहा कि इस पर गुणवत्ता पूर्वक इसका मार्केटिंग भी की जाएगी ताकि अधिक से अधिक महिलाएं लाभ ले सके। कार्यक्रम से पूर्व आए हुए अतिथियों को पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया गया ।जिसके बाद दीप प्रज्वलित करते हुए इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई ।

### छोटानागपुरिया तेली समाज ने मनाया करमा महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शहरी क्षेत्र के ठाकुर टोली स्थित छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज कि छात्रावास में शनिवार को समाज की ओर से जिला अध्यक्ष जगदीश साहू की अध्यक्षता में करमा पर्व करमा महोत्सव का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया .करमा महोत्सव में समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग, केंद्रीय सदस्य संजीव साहू ,गुमला जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर साहू सहित कई लोग मौजूद रहे. जहां पर पारंपरिक तरीके से पूजन हुई जिसके बाद ढोल नृत्य की ताल पर सभी लोग नाचते गाते हुए प्रकृति पर्व कर्म की एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि पुरानी परंपरा रही है कि झारखंड के लोग करमा पर्व को बड़ी धूमधाम के साथ मनाते हैं ।इस मौके पर मुख्य रूप शिवनारायण साहू, टीपी सिंह ,कुँवर गोप, जैनुल अंसारी, राम कैलाश राम, रनथू साहू ,धर्मेश्वर साहू, जगतपाल प्रसाद ,तुलसी साहू, अनिल कुमार साहू ,जवाहर साहू, पुरुषोत्तम साहू ,कैलाश साहू ,सिकंदर साहू, सुरेश साहू ,सीता देवी ,इंदुमती देवी, प्रतिमा देवी ,फुलवंती देवी आदि मौजूद थे।

### बोलबा से अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने किया बरामद

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के अवगा पोंडखर बांडा नाला से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बोलबा पुलिस ने बरामद किया ।इस मौके पर बोलबा पुलिस ने बताया कि शव नदी के ठीक बीचोबीच फंसा हुआ था । जिससे निकालने में काफी परेशानी हुई । ग्रामीणों के सहयोग से शव को नदी से बाहर निकाला गया किंतु शव की पहचान अबतक नही हुई है । बोलबा पुलिस ने शव को अपने कब्जे ले लिया है ।इस मौके पर एस0आई0 सुमन कुमार, एसआई सुनील टोपनो एवं पुलिस बल मौजूद थे ।

**ग्रामीण लाचार**

### सिमडेगा में सरकार की बड़ी-बड़ी दावा पूरी तरह फेल

# सड़क के अभाव में मरीजों को खटिया पर अस्पताल ले जाते ग्रामीण

**विकास साहू**

**सिमडेगा।** झारखंड सरकार भले ही अपने बड़े-बड़े कार्य होर्डिंग और पोस्टर में दिखती है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है । सिमडेगा में सरकार की बड़ी-बड़ी दवा पूरी तरह से फेल है यहां के जनप्रतिनिधियों के द्वारा किए गए विकास का जीता जागता सबूत खाट पर सिस्टम पोल खोलती है। सरकार सड़के एवं स्वास्थ्य पर करोड़ों रुपए खर्च करने की दावा करती है लेकिन सिमडेगा में जमीनी हकीकत कुछ और है जहां पर सड़क के अभाव में दो अलग-अलग जगह पर खत में मरीज के परिजन अस्पताल लाने पर मजबूर दिखे।पहला मामला पाकरटांड प्रखंड के कुरुशकेला पंचायत अंतर्गत सरलोंगा कुईटोली गांव की है जहां के ग्रामीण आजादी के इतने वर्षों के बीच जाने के बाद अब तक सड़क नहीं होने की वजह से मरीज वाल्टर सोरेंग को खटिया के सहारे सड़क तक लाया जहां के बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया है। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधि चुनाव के समय तो दिखते हैं ।लेकिन उसके बाद इस गांव का कोई भी हाल-चाल लेने वाला नहीं है अगर यही हाल रहा तो आने वाला चुनाव में वोट बहिष्कार किया जाएगा। वही दूसरा मामला पाकरटांड प्रखंड आसनबेड़ा पंचायत अंगर्तत बांसराटोली गांव की है जहां की गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। लेकिन गांव में सड़क नहीं होने की वजह से ग्रामीण भारी बारिश के बीच उसे खटिया का सहारे उसे पगडंडियों से लेकर सड़क तक पहुंचे दुर्भाग्य की बात यह है कि उन्हें समय पर एंबुलेंस भी नहीं मिला। और किसी तरह निजी वाहन से उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल से सिमडेगा पहुंचाया। हालांकि समय पर अस्पताल पहुंचाने के बाद प्रसूता की इलाज चल रही है। हालांकि ग्रामीणों ने कहा है कि जिस प्रकार हम आज भी जंगल में मूलभूत सुविधाओं से वंचित होकर जी रहे हैं । इससे तो साफ-साफ जाहिर होता है कि डिजिटल इंडिया के नाम पर एवं सरकार के बड़े-बड़े विकास के दावे पूरी तरह से क्षेत्र में खोखले साबित होते हैं। गौरतलब हो इससे पूर्व बानो थाना क्षेत्र में एक प्रसूता को प्रसव पीड़ा शुरू हुई थी और सड़क नहीं होने की वजह से इसी प्रकार खाट में लाने के कारण अस्पताल पहुंचने के साथ ही बच्चे को जन्म देकर उसे पीड़िता की मौत हो गई थी। और इस मामले को लेकर शहर में चर्चा का माहौल था ।लेकिन इसके बावजूद अभी तक सिस्टम में किसी प्रकार का सुधार नहीं हुआ है और सरकार इस रवैया पर आगे बढ़ रही है और ग्रामीण जनता सरकार की चक्की में पीसने पर मजबूर हैं।

### सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा

इधर दो मरीजों को खटिया के सहारे अस्पताल पहुंचाने के मामले में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा से राष्ट्रीय नवीन मेल द्वारा बात की गई तो उन्होंने कहा कि झारखंड में सबसे अत्यधिक बारिश सिमडेगा जिला के पाकरटांड प्रखंड में हुआ है। ऐसे में कई जगहों के मिट्टी वाले पहुंच खराब हो गए हैं। हालांकि मेरे जानकारी में खटिया वाला बात पता नहीं थी। अब राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से जानकारी मिली है मैं अभी बाहर हूं। अब इसको संज्ञान में लेते हुए इस पर ग्रामीणों को जल्द ही सड़क सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

### पूर्व विधायक ने कहा

इस मामले में पूर्व विधायक विमला प्रधान ने कहा कि वर्तमान सरकार की क्रियाकलाप सिर्फ लूट और ट्रांसफर पोस्टिंग में लगी हुई है ।यहां की सरकार पूरी तरह से सफल हो गई है ।जिसके कारण आज यहां के लोग सड़कों के अभाव में और सुविधाओं के अभाव में परेशान हैं हालांकि जिस प्रकार से लोग वर्तमान सरकार में परेशान है इससे आने वाले दिनों में यहां के लोग वर्तमान सरकार को सत्ता से बेदखल करने का काम करेंगे।





## पूरे झारखंड में सुनाई देगी आंदोलन की गूंज : शांति देवी

# 'महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा के पूर्व भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी द्वारा महिलाओं पर की गई अपमानजनक टिप्पणी का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभद्र टिप्पणी के विरोध में आंदोलन और तेज होता जा रहा है। जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने कहा है कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी द्वारा किया गया महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तिवारी संबंधित महिला का नाम सार्वजनिक करें, नहीं तो महिला अपमान के विरुद्ध पूरे राज्य में उग्र आंदोलन होगा। इस आंदोलन की गूंज पूरे झारखंड में सुनाई देगी। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर उक्त बातें कही।

जिप अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व विधायक महिलाओं को कमजोर एवं पैर की जूती समझने छोड़ दें। यह अपमान सिर्फ गढ़वा ही नहीं पूरे झारखंड एवं देशभर की महिलाओं का अपमान है। केंद्र सरकार एक ओर जहां महिला आरक्षण बिल ला रही है, वहीं भाजपा नेता तिवारी महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। इससे भाजपा का दोहरा चरित्र उजागर हो गया है। तिवारी के बयान के विरोध में पूरे राज्य में भाजपा कार्यालय का घेराव किया जाएगा। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से पूछा जाएगा कि क्या भाजपा नेताओं को इसी तरह से महिलाओं का अपमान करने की बात बताई जाती है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं बाबूलाल मरांडी आदि के कार्यक्रम में भी सभी महिलाएं विरोध प्रदर्शन करेंगी। साथ ही आने वाले चुनाव में सभी महिलाएं एकजुट होकर भाजपा को करारा जवाब देंगी। उन्होंने कहा कि तिवारी भाजपा की महिलाओं को आगे कर अपनी गलती पर पर्दा डालने का भी प्रयास कर रहे हैं। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा नेत्री अंजली गुप्ता अपने निजी स्वार्थी के लिए पूरे देश की महिलाओं के सम्मान की बलि दे रही हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए। वे खुद एक महिला होकर भी महिलाओं के सम्मान की रक्षा करने के बजाय दूसरे की गलती पर पर्दा डाल रही हैं। मौके परशांति देवी, ज़िला परिषद अर्चना प्रकाश, प्रमिला देवी, रजनी शर्मा, अंजू यादव, नेहा कुमारी, गढ़वा प्रमुख विमला देवी, मेराल प्रमुख दिपमाला आदि लोग उपस्थित थीं।

### जिप अध्यक्ष बोलीं, निजी स्वार्थ में महिलाओं के सम्मान की बलि दे रही हैं भाजपा नेत्री अंजलि



## झामुमो को सताने लगा है सत्ता जाने का डर : अंजलि

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



भाजपा के वरिष्ठ नेत्री अंजलि गुप्ता ने कहा कि झामुमो के लोगों को सत्ता जाने का डर सताने लगा है। यही कारण है कि पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी को बेवजह बदनाम करने की साजिश की जा रही है। लेकिन झामुमो के लोगों की सभी साजिश बेनकाब हो जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने महिलाओं के संबंध में ऐसा कोई बयान नहीं दिया है, जिससे महिलाओं का अपमान हो। उन्होंने कहा कि बिना आग के धुआं नहीं उठता है। झामुमो की कुछ महिलाएं दबाव के कारण मजबूरी में पूर्व विधायक पर आरोप लगा रही हैं। झामुमो के लोगों सत्ता जाने की बौखलाहट में आकर पूर्व विधायक को बदनाम करने के लिए विरोध मार्च में भोली-भाली महिलाओं को राशन और पेंशन के नाम पर बुलाया था। इसका खुलासा सोशल मीडिया में महिलाओं ने स्वयं कर दी है कि उन्हें पेंशन और राशन के नाम पर बुलाया गया था। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक के चार प्रखंड रंका, रमकंडा, चिनिया और मेराल की सभा में उमड़ी भीड़ से झामुमो के लोगों को यह समझ में आ चुका है कि जनता अब बदलाव के मूड में है। यही कारण है कि झामुमो के लोग ऐन, केन प्रकारेण पूर्व विधायक को बदनाम करने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं। लेकिन गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र की जनता सब समझ चुकी है।

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में छाताकुड़ विद्यालय की टीम बनी उप विजेता




**केतार।** खेलो झारखंड के तहत राज्य स्तरीय वॉलीवाल प्रतियोगिता शनिवार को रांची में संपन्न हुई। इसमें केतार प्रखंड के छाताकुड़ स्नोतर उच्च विद्यालय की अंडर 17 छात्राओं की टीम उप विजेता बनी। विद्यालय की टीम को उप विजेता बनने पर क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया मुन्नी देवी विधालय के प्रधानाध्यापक राजीव कुमार ने खिलाड़ियों को बधाई दी है। विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि हमारे गृह प्रखंड की बेटियों ने अपने प्रखंड और जिला का मान बढ़ाया है।

## विद्यालय परिवार ने किया पदक विजेताओं का स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

राजकृत उच्च विद्यालय चितविश्राम में खेलों झारखंड राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में पदक विजेताओं का प्रधानाध्यापक अमित कुमार और सीआरपी संजय कुमार सिंह सहित विद्यालय परिवार स्वागत किया गया।

राज्यस्तरीय कुश्ती बालिका प्रतियोगिता में अस्मिता कुमारी, सीखा कुमारी, अंशु कुमारी, पारो कुमारी, खुशबू कुमारी, सुधा पांडेय व राज्यस्तरीय बालक कुश्ती प्रतियोगिता के प्रतिभागी अमित कुमार का मुंह मीठा कराया गया। मौके पर वरिष्ठ शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय, तनवीर आलम, नरेंद्र श्रीवास्तव, कमलेश पांडेय, रेणु कुमारी, प्रियंका पांडेय, सुशील पांडेय सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे। विद्यालय परिवार की तरफ से शारीरिक शिक्षक किशोर कुमार कुणाल को विशेष बधाई दी गई।

## तीन लाख पर बनी सहमति, कोल ट्रांसपोर्टिंग शुरू

**टंडवा।** प्रखंड मुख्यालय में पिछले चौबीस घंटों से बाधित कोल ट्रांसपोर्टिंग त्रिपक्षीय वार्ता में 3 लाख मुआवजे पर सहमति बनने के बाद शनिवार देर शाम से चालू हो गया। बता दें कि शुक्रवार सुबह अज्ञात कोलवाहन के चपेट में आने से चार पालतू पशुओं की मौत व चार के घायल हो जाने से आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा एनटीपीसी द्वारा निर्मित बाइपास सड़क किनारे स्थित सीआइएसएफ कैंप के समीप सड़क जाम कर दिया था। स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की पहल पर भुक्तभोगी परिजनों को ट्रांसपोर्टिंग कंपनी द्वारा तीन लाख रुपये देने के बाद जाम हटा लिया गया। डेंजर जोन में तब्दील उक्त घटनास्थल पर अबतक कई मौतें हो चुकी हैं।

## संक्षिप्त

### ग्रामीण बैंक ने आश्रित को दिया 2 लाख का चेक

**केतार।** केतार प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के द्वारा सखी मंडल की महिला के मृत्यु के पश्चात उनके आश्रित को दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद,प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ मुकेश मछुआ, शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार और मुखिया प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से मृतक के पति अवध सिंह को चेक दिया। इस अवसर पर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार ने कहा कि केतरी गांव निवासी विभा देवी सरस्वती आजीविका सखी मंडल में सक्रिय सदस्य थी। मई 2023 में प्रसव के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। मृतक झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत 436 रुपये की बीमा कराई थी। इसी योजना के तहत विभा के मृत्यु के पश्चात उनके पति अवध सिंह को 2 लाख रुपये का चेक दिया गया है। शाखा प्रबंधक ने उपस्थित लोगों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना कराने का आग्रह किया ताकि खाताधारक की मृत्यु के पश्चात इस योजना का लाभ उनके परिजनों को मिल सके। इस मौके पर बीटीएम राकेश कुमार रजक, प्रखंड समन्वयक पंकज कुमार गुप्ता, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह खरवार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामभजन गुप्ता, माया देवी, सुनील राम आदि उपस्थित थे।

### मंदिर में शिव चर्चा का किया गया आयोजन

**भवनाथपुर।** टाउनशिप दुर्गा मंदिर प्रांगण के शिव मंदिर में मेराल थाना क्षेत्र के पढुवा गांव के शिव भक्तों के द्वारा शिव गुरु चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें शिव गुरु पर विचार देते हुए भजन कीर्तन किया गया। शिव गुरु चर्चा में बताया गया कि शिव भगवान सभी भगवान मे सर्वश्रेष्ठ होते हुए भी एक गुरु के रूप में आदिकाल से चर्चित है। उनके बारे में लोगों के बीच जाकर प्रचार प्रसार करते हुए शिव गुरु की महिमा के बारे में बताना है। मेराल प्रखंड के बंका पढुवा से देवा आशीष पासवान, लाली चन्द्रवंशी, अशोक, पूनम देवी, मन्मति देवी, राधिका देवी, बरती कुंवर, राजकिशोर, गुरुभाई टाउनशिप से पूजादेवी, निर्मला देवी, फूलमती देवी आदि शामिल थे।

### पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**भवनाथपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर भवनाथपुर पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के तहत शनिवार को प्रखंड कार्यालय व मुस्कयनी पहाड़ी के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। क्राइम चेकिंग अभियान के तहत थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने पुलिस बल के साथ दो पहिया और चार पहिया वाहनों की सघन जांच और तलाशी की गई। हालांकि इस जांच अभियान में पुलिस के हाथ कुछ भी संदिग्ध वस्तुएं नहीं लगी। वहीं पुलिस ने बगैर हेलमेट, ट्रिपल लोड व बिना कागजात के चल रहे बाइक सवारों को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी देकर छोड़ा। सघन जांच में थाना के एसआई सहदेव साह, एएसआई रब्बुल अंसारी व जवान शामिल थे।

### ट्रक से टकराकर बाइक सवार युवक घायल

**मेराल।** थाना क्षेत्र के एन 75 पर शाम लगभग 6:30 बजे खड़े ट्रक में बाइक सवार युवक ने धक्का मार दिया। इससे गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे राहगीरों द्वारा मेराल उप स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान उपेंद्र कुमार साव पिता जगमोहन साव (27) ग्राम संगवरिया निवासी के रूप में हुई है। घायल युवक खजूरी गांव से मजदूरी कर घर लौट रहा था। अकलवानी स्थित एनएच 75 पर दोनों तरफ ट्रक लगे हुए थे। युवक हेलमेट पहना हुआ था।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी जोरों पर

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर प्रखंड के पाल्हे जतपुरा गांव में आयोजित भव्य व विशाल 1051 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। महायज्ञ को लेकर यज्ञशाला व हवन कुंड का निर्माण कार्य पंडित तारकेश्वर पांडेय के निर्देशन में प्रयागराज के कारीगरों के द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। यह जानकारी शनिवार को यज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे, सचिव अनीश कुमार शुक्ला व मीडिया प्रभारी रजनीश कुमार मंगलम में संयुक्त रूप से दी। मीडिया प्रभारी ने कहा कि भारत देश में रहने वाले भारतीय वैदिक संस्कृति को मानने व आदर करने वाले सभी लोग कलश जल शोभा यात्रा में भाग लेकर कलश उठा सकते हैं। इसके लिए व्यवस्था व उपलब्धता के अनुरूप वस्त्र व कलश की व्यवस्था स्वयं कलश उठाने वाले श्रद्धालु भक्त को ही करना है। कलश जल शोभा यात्रा में शामिल होने से पहले अपने-अपने घर से श्रद्धालु भक्तगण शुद्ध भोजन करके आएंगे। कलश जल शोभायात्रा पाल्हे जतपुरा गांव स्थित यज्ञ स्थल से चलकर राष्ट्रीय राजमार्ग 75 से उसका कला, जंगीपुर, पेट्रोल पंप, हेन्हो मोड़ अहिपुरवा मोड़, बस स्टैंड, चेचरिया होते हुए ऐतिहासिक श्री बंशीधर मंदिर पहुंचेगी। मंदिर में पूजन-अर्चन के बाद वापसी में यज्ञ स्थल के दक्षिण से गुजरी बांकी नदी से सभी श्रद्धालु भक्तगण विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अपने-अपने कलश में जल भरकर यज्ञशाला पहुंचेंगे। यज्ञशाला में कलश स्थापित किया जाएगा। 23 अक्टूबर को कलश जल शोभा यात्रा निकाली जाएगी तथा 28 अक्टूबर को यज्ञ की पूणार्हुति होगी। शोभा यात्रा में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भी भाग लेंगे। वहीं 27 अक्टूबर को आयोजित अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे।

## दीवार गिरने से 30 वर्षीय महिला की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा**

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के पिपरी खुर्द निवासी 27 वर्षीय रीसा देवी की मौत मिट्टी की कच्चे दीवार गिरने से हो गई। उसके साथ पांच साल की लड़की माही कुमारी बाल-बाल बच गई। घटना शनिवार को सुबह छह बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक मृतक रीसा देवी अपनी बच्ची को शौच कराने के लिए गली से गुजर रही थी। इसी दौरान दीवार अचानक गिर पड़ी। आसपास के ग्रामीणों ने आवाज सुनकर निकला तो देखा कि महिला दीवार के मलबे के नीचे दबी हुई थी। ग्रामीणों द्वारा महिला को निकाल कर प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल विशुनपुरा निजी अस्पताल में ले जाया गया। गंभीर स्थिति को देख सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक बाहर कमाने गया पति कुंवर पासवान का इंतजार किया जा रहा था।



## चंदवा के गेरुवागढ़ा में तालाब में डूबने से हुई अधेड़ की मौत

### नशे में धुत होकर गया था तालाब नहाने, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक कालोनी से सटे गेरुवागढ़ा में शनिवार की दोपहर अशोक भुइयां नामक अधेड़ की मौत छलका (तालाब) में डूबने के कारण हो गयी। मृतक मोटिया मजदूरी का काम करता था। जानकारी के अनुसार मृतक व एक अन्य युवक दोनों नशा कर गांव के पास में ही बने फॉरेस्ट विभाग के छलका (तालाब) में नहाने पंहुच गये। युवक और मृतक दोनों तालाब में नहाने उतरे, युवक तैर कर बाहर निकल गया, जबकि मृतक अशोक को तैरना नहीं आता था वो पानी में डूब गया। अशोक को डूबता देखकर युवक वहां से भाग गया जबकि पास की एक महिला ने जब अशोक को डूबते हुए देखा तो उसने गांव में आकर इसकी जानकारी दी। गांव वाले जबतक तालाब के पास पंहुचते तबतक अशोक काफी पानी पी चुका था और उसकी मौत हो गयी थी। इधर अशोक के मौत से नाराज ग्रामीणों में अशोक के पार्थिव शरीर को साथ मे नहाने गए युवक के घर मे ही ले जाकर लिटा दिया। ग्रामीण उक्त युवक से काफी नाराज दिखे। मुखिया संगीता लकड़ा ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी बीडीओ विजय कुमार और थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बबलू कुमार को दी। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पंहुचकर मामले की तहकीकात की। बीडीओ विजय कुमार में कहा कि पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी होने के बाद सरकारी प्रावधानों के मुताबिक उन्हें मुआवजा व अन्य सरकारी लाभ दिया जायेगा। मृतक का एक नाबालिग पुत्र है, जबकि पुत्री का विवाह हो चुका है। इसकी पत्नी का निधन भी पूर्व में हो गया है।

### करंट की चपेट में आने से 48 साल के व्यक्ति की मौत

**मनिका।** थाना क्षेत्र स्थित शर्मा ग्लास के पास बिजली करंट की चपेट में आने से टेंपो चालक राजू सिंह (48) पिता स्व. दशरथ सिंह सतबरवा पलामू गंभीर रूप से घायल हो गए। उसको मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजू अपने टेंपो से सामान लेकर शर्मा ग्लास के पास अल्युमिनियम बीट उतार रहा था। तभी 11000 केवीए तार से अल्युमिनियम बीट सट गया जिससे घटना घटी। घटना की सूचना पाकर मनिका थाना एएसआई मिश्रा मांझी घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे ले लिया। मौके पर देखा गया कि बिजली विभाग के कर्मियों के द्वारा भारी लापरवाही बरती गई है। जहां घटना घटित हुई है वहां 11000 केवी का तार 7 से 8 फीट की ऊंचाई में लटका हुआ है। मौके पर अंकित कुमार, रंजीत साहू, अमन गुप्ता, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

## पैक्स मतदाता सूची में अध्यक्ष ने की छेड़छाड़

**मयूरहंड।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कदगावांकला पैक्स अध्यक्ष चुनाव अक्टूबर माह में होने वाला है। ऐसे में पैक्स चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। पैक्स अध्यक्ष चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी हो गई है, 29 सितंबर को नामांकन होना है। दूसरी ओर लगभग नौ वर्षों तक सरकारी कुव्यवस्था का आनंद ले चुके निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष रविंद्र सिंह अभी से ही अपनी गोटी सेट करने में जुट गए हैं। सिंह द्वारा पद का दुरुपयोग करते हुए मतदाता सूची से पुराने सदस्यों के नाम काटकर अपने परिवार में माता, पिता, भाई, भाभी, पत्नी, बेटा, भतिजा सहित अन्य सदस्यों व अपने नजदीकी रिस्तेदारों के नाम जोड़ दिए हैं। इसका खुलासा मतदाता सूची प्रकाशन के बाद हुआ। आरोप है कि पूर्व अध्यक्ष द्वारा 31 मार्च 2022 में प्रकाशित मतदाता सूची में अंकित क्रम संख्या 5 युगेश सिंह, क्रम संख्या 184 कामेश्वर राणा, 181 इंदु देवी व क्रम संख्या 202 अजय कुमार सिंह का नाम हटा दिया गया है। नरचाही सुबोध सिंह का नाम भी हटा दिया गया था पर विरोध जताने पर बीसीओ चतरा द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ दिया गया।

## सेरनदाग विद्यालय में पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरनदाग में शनिवार को पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक विकास पांडेय व संचालन शिक्षक अनिल कुमार ने किया। वहीं इस अवसर पर अतिथियों का छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। वहीं विधिवत दीप प्रज्जवलन व राष्ट्रगान के बाद अपने संबोधन में वक्ताओं द्वारा शिक्षा में गुणात्मक सुधार तथा मैट्रिक में मिले शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर शिक्षकों की सराहना की। आगे कहा कि ऐसे आयोजनों से गुणात्मक सुधार तथा नये सेवा व संकल्पों का सृजन होता है। इस दौरान सत्र 2019-20 से अबतक के पूर्ववर्ती लगभग एक सौ से अधिक छात्र-छात्राओं को मेड़ल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बालेश्वर साहु, विद्यालय के पूर्व सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रतन राम, पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक बालेश्वर साहु, सीआरपी संजीव तिवारी, राजकीय सम्मान से पुरस्कृत शिक्षक विनेश्वर महतो, अनिल कुमार, अरशद कमाल, रंजीत विश्वकर्मा, वीणा कुमारी, धर्मनाथ महतो, राजेश कुमार, मो. हाशिम, कृष्णा साहु आदि मौजूद थे।

## घोषणा: विरासत में मिले जर्जर गढ़वा में आज चारों तरफ है विकास की चमक : मंत्री

# 30 करोड़ की लागत से 7 सड़कों का होगा निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा में लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से सात सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके तहत लगभग 34 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में बनने वाले इन सात सड़कों में खुथुआ मोड़ से बिराजपुर सड़क को आजादी के बाद पहली बार बेहतर तरीके से बनाया जा रहा है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इसके तहत गढ़वा प्रखंड में एक करोड़, 75 लाख, 15 हजार, 900 रुपए की लागत से कमता आरईओ रोड से डटमा प्राथमिक विद्यालय तक दो किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। साथ ही चार करोड़, छह लाख, 34 हजार, एक सौ रुपये की लागत से एनएच 343 से भदुमा होते हुए महुलिया पीडब्ल्यूडी तक 5.1 किमी पथ, 66 लाख, 84 हजार, तीन सौ रुपये की लागत से गढ़वा रेलवे स्टेशन गेट नंबर 5 सोनपुरवा से महुराम बस्ती तक एक किमी सड़क, मेराल प्रखंड में चार करोड़, 20 लाख, 57 हजार, 900 रुपये की लागत से एनएच 75 अर्पित लाइन होटल से पंचायत भवन होते हुए मेराल-डंडई पीडब्ल्यूडी रोड तक 4.72 किमी सड़क, एक करोड़, आठ लाख, सात हजार, 700 रुपये की लागत से पीएमजीएसवाई पथ अलगहवा पत्थर से हरिद्वार मिश्रा के घर होते हुए रामेश्वर राम के घर तक 1.23 किमी सड़क, एक करोड़, एक हजार रुपये की लागत से बंका स्टैंड से आंगनबाड़ी होते हुए पीएमजीएसवाई रोड भंडार तक 1.6 किमी सड़क तथा रामकंडा प्रखंड में 15 करोड़ 82 लाख 43 हजार, 200 रुपये की लागत से पीएमजीएसवाई रोड बिराजपुर से एनएच 343 खुथुआ मोड़ वाया बलीगढ़ तक 17.7 किमी पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा।



मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद उन्हें विरासत में खोखला और जर्जर गढ़वा मिली थी, परंतु आज चारों तरफ विकास की चमक है। वे किसी भी प्रकार की नकारात्मक राजनीति नहीं करते हैं। हमें सिर्फ विकास के मार्ग पर आगे बढ़ना है। लोगों ने गढ़वा की पुरानी स्थिति को करीब से देखा है। साथ ही आज के गढ़वा को भी लोग देख रहे हैं। जनता सिर्फ विकास का मार्ग अपनाना चाहती है। यह सभी को पता है कि मेरे कार्यकाल से पूर्व गढ़वा में क्या विकास कार्य हुआ था। यहां के लोग बहुत दिनों तक ठगी के शिकार हुए, परंतु अब जालसाजी, धोखा घड़ी, झूठ, फरेब नहीं चलेगा। इन सब की आयु लंबी नहीं होती है। ईमानदारी पूर्वक किए गए विकास कार्यों का ही बखान युगों- युगों तक होता है। लोग अच्छी तरह से देख और समझ चुके हैं कि क्षेत्र के विकास के लिए किसकी जरूरत है। मंत्री ने कहा कि उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से जहां जनता पूरी तरह संतुष्ट है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी खेमें में खलबली मच गई है। लोग बेचैनी में कुछ भी बोल जा रहे हैं। जनता को सिर्फ विकास चाहिए। जोकरई सिर्फ सर्कस तक ही अच्छा लगता है, जनता की भावना और उनके हक, अधिकार के साथ खिलवाड़ करने में नहीं। जनता का इसी तरह सहयोग मिलता रहा तो गढ़वा विकास के पथ पर हमेशा आगे बढ़ता रहेगा।

## सहयोग राशि जमा कर बीमार बच्चे को इलाज के लिए भेजा

**भंडरिया।** सहयोग राशि एकत्र कर बीमार बच्चों को बेहतर इलाज के लिए भेजा गया बाहर। भंडरिया थाना क्षेत्र के बीजका गांव निवासी स्वर्गीय मनीष सिंह के 7 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार की पिछले कुछ दिनों से तबीयत खराब थी। उसे इलाज के लिए उसकी मौसी के द्वारा शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया लाया गया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उसके प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों के द्वारा उसे डाल्टनगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बच्चे रंजन सिंह की मौसी के पास पैसा नहीं होने कारण वह बाहर जाने में असमर्थता जाता रही थी। इसकी जानकारी स्थानीय पत्रकार देवानंद कुमार व संतोष कुमार वर्मा को हुई तो दोनों की पहल पर सहयोग राशि इकट्ठा कर बच्चे को बेहतर इलाज के लिए 108 एंबुलेंस के माध्यम से डाल्टनगंज भेजा गया।

## एक नजर इधर भी

### जी-4 देशों की संयुक्त राष्ट्र को चेतावनी

***वैश्विक*** स्तरपर पूरे विश्व के ढांचे, अर्थव्यवस्था पावर जनसंख्यकीय तंत्र सहित हर क्षेत्र में अनेकों बदलाव आ गये हैं, इसलिए हम समय के साथ बदलते हुए वर्तमान स्थिति के परिपेक्ष में हर अंतरराष्ट्रीय संगठनों, संस्थाओं के परिवर्तन उसमें हिस्सेदारी बढ़ाने की जरूरत है। समय अनुसार परिपक्व, पावर और बौद्धिक क्षमता वाले देशों को उसके अनुरूप पद और पावर देने की जरूरत है ताकि विश्व का कल्याण, मानव कल्याण के प्रति सारे संसार में एक स्वस्थ्य मैसेज आये परंतु हम देख रहे हैं कि दशकों से खासकर संयुक्त राष्ट्र में परिवर्तन नहीं हो रहा है जिसके 193 से अधिक सदस्य देश हैं। जी हां! हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद(यूएनएससी) की बात कर रहे हैं। वर्षों से हम देख रहे हैं कि भारत इसकी सदस्यता के लिए योग्य हो चुका है परंतु हर बार चीन वीटो पावर का इस्तेमाल कर भारत को रोक देता है, इसके समाधान में अब पूरे विश्व को एक साथ आने की जरूरत है। 19 -26 सितंबर 2023 तक शुरू संयुक्त राष्ट्र महासभा के सम्मेलन में भी यह बात जोरों से उठ रही है जिसमें भारत की तारीफ की जा रही है। बता दे दिनांक 22 सितंबर 2023 को अरुणाचल प्रदेश के तीन खिलाड़ियों को एंन टाइम पर वीजा देने पर रोक लगा दी है, जिसका भारत ने विरोध किया है और हमारे माननीय सूचना प्रसारण मंत्री ने चीन एशियाई खेलों में जाने का अपना दौरा स्थगित कर दिया है। बता दें भारतीय विदेश मंत्री 26 सितंबर 2023 को 78 वें सत्र में भारतीय प्रतिमाधि मंडल का नेतृत्व करेंगे और ग्लोबल साउथ के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप ग्लोबल साउथ के लिए भारत संयुक्त राष्ट्रः विकास के लिए वितरण कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे। वहीं जी-4 देशों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा को एक चेतावनी दी है, जिसमें भारत जापान जर्मनी ब्राजील को यूएनएससी का सदस्य बनाया जाय। बता दें 45 वर्षों से संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में (1) महासभा (2) सुरक्षा परिषद (3) आर्थिक और सामाजिक परिषद (4) ट्रस्टीशिप परिषद (5) अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (6) सचिवालय है। इनमें भारत सहित जी-4 के देश यूएनएससी में सदस्य बनने के बिल्कुल योग्य हैं परंतु पांच देशों में से कोई भी वीटो लगाकर नये सदस्य बनने से रोक देता है। चूंकि इस बार 78 वें अधिवेशन में जी4 देशों ने चेतावनी दी है, इसीलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकलके माध्यम से हम चर्चा करेंगे,भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य बनाने अनेक देशों ने हामी भरी है। पांच देशों के वीटो पावर पर पुर्नविचार करने की जरूर समय की मांग है। साथियों बात अगर हम जी4 देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र को चेतावनी देने की करें तो, जी4 मंत्रियों के जारी संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा गया, मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय शासकीय ढांचों का भविष्य उनके अनुकूल और उद्देश्य के लिए यथोचित बने रहने की उनकी क्षमता पर निर्भर करता है। यूएनएससी में सुधार में जितना लंबा वक्त लगेगा, उतना ही इसका प्रभाव सवालों के घेरे में आयेगा। जी4 देशों के मंत्रियों ने यूएनजीए के आगामी 78वें सत्र में इस मुद्दे पर ध्यान देने की प्रतिबद्धता जताई और निश्चित समय-सीमा में ठोस परिणाम हासिल करने के उद्देश्य से सभी सदस्य देशों के साथ संवाद बढ़ाने पर सहमति जताई। संयुक्त राष्ट्र के वजूद पर भारत हमेशा से ही लगातारनिशाना साधता रहा है। कई मौकों पर यूनाइटेड नेशन असहाय ही नजर आया है। पीएम ने यूएन में अपने संबोधनों में भी संयुक्त राष्ट्र में समय के साथ आमूलचूल परिवर्तन लाने की बात कही है। समय के साथ वही पुराना ढर्रा और वही 5 स्थाई देशों की सदस्यता के कारण यूएन अपने समय से आगे नहीं बढ़ पाया है। भारत ने कई मौकों पर दुनिया की सबसे बड़ी आबादी का देश होने के नाते स्थाई सदस्यता की बात पुरजोर तरीके से कही है। इस बार भारत ने यूएनएससी में सुधार नहीं होने पर कड़ा रुख अपनाया है। जी4 समूह के सदस्य देशों-ब्राजील,जर्मनी, जापान और भारत ने चेतावनी दी है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार में जितना लंबा वक्त लगेगा, उतने ही इसके प्रभावों को लेकर सवाल खड़े होंगे।

**■ किशन भावनानी गोंदिया**

# कौन बना रहा गांधी के सपनों का स्वच्छ भारत

***महात्मा*** गांधी का दिल्ली के मंदिर मार्ग पर स्थित वाल्मीकि मंदिर में देश की आजादी से पहले रहना बेहद खास था। वे वहां एक अप्रैल 1946 से 10 जून, 1947 तक रहे। वे शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। गांधी जी वहां पर स्थानीय वाल्मीकि परिवारों के बच्चों को पढ़ाते हुए उन्हें साफ-सुथरा रहने के महत्व को बताते थे। वे अपने उन विद्यार्थियों को फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में स्वच्छता पर ध्यान नहीं देते थे। अब जब गांधी जयंती आने में अब कुछ ही दिन शेष हैं, तो इस सवाल पर भी विचार करना होगा कि मौजूदा सरकार के सत्तासीन होने से पहले देश में साफ-सफाई को लेकर किसी तरह का कोई आंदोलन क्यों नहीं चल रहा था? हां, गांधी जी का नाम उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर बहुत लिया जाता रहा है। आप मानेंगे कि गांधी जी की स्वच्छता को लेकर रही सोच को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की। साल 2014 में यह मुहिम छेड़ी गई और यह ऐसा पहला अवसर था जब देश के किसी प्रधानमंत्री ने स्वच्छता के लिए जनभागीदारी का आह्वान किया। संयोग देखिये कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसी वाल्मीकि बस्ती में अपने हाथों से झाड़ू लगाकर 'स्वच्छ भारत' अभियान की शुरूआत की थी, जहां पर बापू रहे थे और साफ-सफाई को लेकर बड़े-बच्चों को बताया करते थे। देखिये महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया था। ये कोई भी मानेगा कि जिस स्वच्छता अभियान का 2014 में श्रीगणेश हुआ था, उसका बड़े पैमाने पर असर देखने को मिल रहा है। देखते ही देखते यह मिशन जन आंदोलन बन गया और अब इस मिशन के नौ साल पूरे होने जा रहे हैं, तो वास्तव में स्वच्छता की दृष्टि से तस्वीर काफी हद तक बदली हुई नजर आ रही है। फिर भले ही उसमें देश की राजधानी में हुए जी-20 सम्मेलन का अहम योगदान रहा हो या फिर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत किये गये ऐसे प्रयासों का, जो पहले कभी नहीं हुए। अब देश के विभिन्न शहरों के निकायों में अपने शहर को सबसे अधिक स्वच्छ रखने की एक स्वस्थ होड़ सी मची हुई है। भारत सरकार की तरफ से देश के सबसे साफ-शहरों की सूची भी जारी होने लगी है। सरकार के ताजा वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में मध्य प्रदेश के इंदौर शहर ने लगातार छह बार स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम कर लिया है। देश के टॉप 10 स्वच्छ शहरों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाल ही के एक कार्यक्रम में पुरस्कृत किया। इस सूची को केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी की देखरेख में उनका मंत्रालय हर वर्ष तैयार करता है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की प्रगति आंकने के लिए विभिन्न स्वच्छता और स्वच्छता मानकों के आधार पर शहरी स्थानीय निकायों को रैंक करने के लिए सर्वे देशभर के शहरों में किया जाता है।

**महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया था। ये कोई भी मानेगा कि जिस स्वच्छता अभियान का 2014 में श्रीगणेश हुआ था, उसका बड़े पैमाने पर असर देखने को मिल रहा है। यह मिशन जन आंदोलन बन गया और अब इस मिशन के नौ साल पूरे होने जा रहे हैं, तो वास्तव में स्वच्छता की दृष्टि से तस्वीर काफी हद तक बदली हुई नजर आ रही है।**

देश के 10 सबसे साफ शहरों की सूची में देश की राजधानी नई दिल्ली और नवी मुंबई जैसे मेट्रो सिटी भी शामिल हैं। बड़े शहरों के अलावा, हरिद्वार को एक लाख से अधिक आबादी की श्रेणी में सबसे स्वच्छ गंगा शहर घोषित किया गया। वहीं शिव की नगरी वाराणसी और ऋषिकेश को भी इसमें शामिल किया गया है। इसके अलावा महाराष्ट्र के देवलाली को देश का सबसे स्वच्छ छावनी बोर्ड का खिताब मिला है। अब उन शहरों की सूची को भी देख लेते हैं, जो देश के 10 सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल किये गये हैं। इनमें इंदौर के बाद सूरत, नवी मुंबई, विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा, भोपाल, तिरुपति, मैसूर, नई दिल्ली, अंबिकापुर शामिल हैं। यह सही है कि गांधी जी के स्वच्छ भारत का सपना देश के समक्ष एक बेहद कठिन चुनौती था, पर जिस तरह से 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन पूरा देश हर साल 'स्वच्छ भारत दिवस' के लिए एक साथ खड़ा दिखता है। आज प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक स्वच्छता के पखवाड़े चलाये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 'स्वच्छता और सेवा दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। यही वजह है कि गांधी जी का स्वच्छ भारत का सपना आज साकार होता हुआ दिख रहा है, जिसके लिए 'स्वच्छ भारत मिशन' का रास्ता अपनाया है। एक समय था जब स्वच्छता की दिशा में ऐसे परिवर्तनों की कल्पना करना भी मुश्किल था, मगर अब परिवर्तन साफ नजर आ रहे हैं तो स्वच्छता के प्रति देशवासियों को अपनी कुछ अहम जिम्मेदारियां समझने की भी सख्त जरूरत है। अब वह समय आ गया है जब सभी को एकजुट होकर स्वच्छता व्यवस्थाएं बरकरार रखने के लिए योगदान देना होगा, ताकि जो व्यवस्थाएं स्थापित हो चुकी हैं उनमें स्थायित्व बना रहे, स्वच्छता सेवाएं सुचारु रूप से बनी रहें, इसके लिए अपने हिस्से का सहयोग तो देना होगा। अगर कोई ऐसी धारणा रखता है कि ये काम तो सरकार के हैं, स्थानीय निकायों के हैं या सफाई कर्मचारियों के हैं, तो हमें योगदान देने की क्या जरूरत है। ऐसी धारणा रखने वाले इतना तो कर ही सकते हैं कि स्वच्छता के प्रति अपने 'व्यवहार में परिवर्तन' ले आएं, सफाई नहीं कर सकते तो कम से कम गंदगी न फैलाएं। पूरे देश को स्वच्छ बनाना वास्तव में कोई आसान काम नहीं है, इसलिए यह केवल सरकार, स्थानीय निकायों या सफाई कर्मचारियों के बस की बात नहीं है। क्या हमें ये तय नहीं करना चाहिए कि आने वाले सालों में जब हम महात्मा गांधी की जयंती मनाएंगे, तो हमारे गांव, शहर, गली, मोहल्ला, स्कूल, और अस्पताल, कहीं भी गंदगी नहीं होगी? यह काम अकेले सरकार से नहीं होता, जन-भागीदारी से होता है इसलिए हम सभी को मिलकर करना है।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

इन दिनों



आर.के.सिन्हा

# स्वच्छता बने स्वस्थ व सशक्त भारत का संकल्प

***अस्वच्छता*** एवं गंदगी दुनिया की बड़ी समस्या है। साफ-सफाई केवल एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि ये घर, समाज, समुदाय, देश एवं दुनिया के हर नागरिक की जिम्मेदारी है। हमें इसके महत्व और फायदों को समझना चाहिये। हमें संकल्प लेना चाहिये कि न तो हम खुद गंदगी फैलायेंगे और न किसी को फैलाने देंगे। अनेक बीमारियों पर नियंत्रण के लिये साफ-सफाई एवं स्वच्छता जरूरी है, सफाई के विषय में एक कहावत बहुत मशहूर है, कि प्रत्येक व्यक्ति अपना-अपना आँगन साफ करें तो पूरी दुनिया स्वच्छ हो जाए। दुनिया में बढ़ती गन्दगी पर नियंत्रण हो, इसलिये हर साल 24 सितंबर को विश्व सफाई दिवस होता है, इस दिवस का उद्देश्य सफाई कार्यों में भाग लेने के लिए समाज के सभी क्षेत्रों को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करके कुप्रबंधित अपशिष्ट संकट के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। व्यक्तियों, सरकारों, निगमों और संगठनों को सफाई में भाग लेने और कुप्रबंधित कचरे से निपटने के लिए समाधान खोजने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। घर या अपने आसपास संक्रमण फैलने से बचाने और गंदगी के पूर्ण निपटान के लिये हमें ध्यान रखना चाहिये कि कूड़ा केवल कूड़ेदान में ही डालें। सीधी सच्ची बात है कि सफाई सभ्यता का अंग है। जब तक हमारे घर, द्वार और रास्ते गंदे रहेंगे, हमारी आदते गन्दी रहेंगी तब तक हम अपने आपको सभ्य और सुसंस्कृत नहीं कह सकते। गाँव की गलियाँ गन्दी है, सड़कों के किनारे गन्दे हैं, इतना ही नहीं, आज जीवन के हर क्षेत्र में गन्दगी प्रवेश कर गई है। दूषित मनोवृत्ति और दूषित वातावरण के रहते, भले ही लोगों का धर्म और दर्शन कितना ही गौरवपूर्ण एवं प्राचीन क्यों न हो, उन्हें कोई सम्मान नहीं दे सकता। श्रेष्ठता और संस्कृति का पहला गुण स्वच्छता है। हम साफ और स्वच्छ रहकर ही अपने आदर्शों एवं सिद्धान्तों की रक्षा कर सकते हैं। सफाई प्रकृति का एक मौलिक गुण है। स्वच्छता और पवित्रता धर्म का प्रमुख अंग माना जाता है तो उसका सही-सही ज्ञान भी होना आवश्यक है। शिक्षा और संस्कृति के साथ सफाई का स्वास्थ्य से भी अटूट सम्बन्ध है। महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाये रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने 'स्वच्छ भारत' का सपना देखा था जिसके लिए

**घर या अपने आसपास संक्रमण फैलने से बचाने और गंदगी के पूर्ण निपटान के लिये हमें ध्यान रखना चाहिये कि कूड़ा केवल कूड़ेदान में ही डालें। सीधी सच्ची बात है कि सफाई सभ्यता का अंग है। जब तक हमारे घर, द्वार और रास्ते गंदे रहेंगे, हमारी आदतें गंदी रहेंगी, तब तक हम अपने आपको सभ्य और सुसंस्कृत नहीं कह सकते।**

वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। 'स्वतंत्रता से ज्यादा महत्वपूर्ण है स्वच्छता' गांधी के उक्त कथन से यह ध्वनित होता है कि वह जीवन में स्वच्छता के कितने बड़े हिमायती थे। सबसे बड़ी बात यह है कि वह सिर्फ बाहरी स्वच्छता यानी घर, पास-पड़ोस आदि के ही पक्षधर नहीं थे, बल्कि मन की स्वच्छता के भी प्रबल पक्षधर थे। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया और इसके सफल कार्यान्वयन हेतु भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने सशक्त भारत-नया भारत के लिये स्वच्छता को प्राथमिक आवश्यकता बताई। इस अभियान के तहत सरकार ने शहर एवं ग्रामीण दोनो क्षेत्रों मे स्वच्छता को बढ़ावा दिया है और पूरे भारत को खुले मे शौच मुक्त करने का प्रण लिया है। अब तक 98 प्रतिशत भारत को खुले में शौचमुक्त बनाया जा चुका है। इसी प्रकार कई अन्य अभियान हैं जैसे निर्मल भारत, बाल स्वच्छता अभियान आदि। सबका उद्देश्य भारत में स्वच्छता को बढ़ावा देना है। स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हम सभी के लिये बहुत जरूरी है। हमें अपने घर, पालतू जानवर, अपने आस-पास, पर्यावरण, तालाब, नदी, स्कूल आदि सहित सबकी सफाई करते रहना चाहिए। हमें सदैव साफ, स्वच्छ और अच्छे से कपड़े पहनना चाहिये। ये समाज में अच्छे व्यक्तित्व और प्रभाव को बनाने में मदद करता है, क्योंकि ये आपके अच्छे चरित्र को दिखाता है। धरती पर हमेशा के लिये जीवन को संभव बनाने के लिये अपने शरीर की सफाई के साथ पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों-भूमि, पानी, खाद्य पदार्थ, वायु आदि को भी साफ बनाये रखना चाहिये। स्वच्छता हमें मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और बौद्धिक हर तरीके से स्वस्थ बनाता है। हमारे स्वस्थ जीवन शैली और जीवन के स्तर को बनाये रखने के लिये स्वच्छता एवं साफ-सफाई बहुत जरूरी है। ये व्यक्ति को प्रसिद्ध बनाने में अहम भूमिका निभाती है। पूरे भारत में आम जन के बीच स्वच्छता को प्रचारित व प्रसारित करने के लिये भारत की सरकार द्वारा कई सारे कार्यक्रम और सामाजिक कानून बनाये गये और लागू किये गये है।

**■ ललित गर्ग**

## है न विचित्र बात !

### खलनायिका से दादी-अम्मा तक का यादगार सफर

***अभिनेत्री*** शशिकला का जीवन बिल्कुल फिल्मों की तरह ही रोचक, संघर्षपूर्ण और यादगार रहा है। कुछ व्यक्तिगत त्रासदियों के कारण उनका फिल्मी करियर दो बार लंबे समय के लिए टूटा भी, लेकिन वह बार-बार नई संजीवनी लेकर उठ खड़ी हुईं। उन्होंने पहले एक्स्ट्रा, फिर सहनायिका, नायिका, खलनायिका से लेकर मां, दादी तक के रोल करके लंबे समय तक हिंदी सिनेमा में अपनी सार्थक उपस्थिति बनाये रखी। शशिकला का जन्म 1933 में महाराष्ट्र के शोलापुर में हुआ था। उनके पिता कपड़ों के संपन्न व्यापारी थे लेकिन पारिवारिक कारणों से उन्हें इस व्यापार में बहुत बड़ा घाटा उठाना पड़ा। इन विपरीत परिस्थितियों में शशिकला को बंबई (मुंबई) आना पड़ा। उस समय वह हाईस्कूल में पढ़ रही थीं । उन्हें पहला अवसर 1946 की फिल्म जीनत में मिला। इसके निर्माता निर्देशक शौकत हुसैन थे। शौकत, गायिका नूरजहां के पति थे। जीनत में उन्हें उस समय की मशहूर कव्वाली-आहें न भरी, शिकवे न किए, कुछ भी न जुबां से काम लिया-में अवसर दिया गया था। इस कव्वाली में श्यामा भी उनके साथ थी। यह कव्वाली बहुत लोकप्रिय रही। इस कव्वाली से श्यामा तो जल्द ही स्टार बन गईं लेकिन शशिकला को कोई खास फायदा नहीं हुआ। वह विभिन्न फिल्मों में छोटे-मोटे रोल करती रहीं। कुछ समय बाद रणजीत पिक्चर्स के चंदूलाल शाह ने उन्हें नजारे फिल्म में नायिका का रोल दिया। इसके बाद केदार शर्मा ने फिल्म ठेस में उन्हें नायिका बनाया और व्ही .शांताराम ने सुरंग और तीन बत्ती चार रास्ता में उनको बेहतर रोल दिये , लेकिन दुर्भाग्य यह रहा कि यह फिल्में बहुत ज्यादा सफल नहीं हुई । थक-हार के उनको फिर सहनायिका के रूप में ही फिल्मों में काम करना पड़ा। बहुत समय बाद राजश्री की फिल्म आरती में उनको एक बुरी औरत का रोल मिला और इससे शशिकला को एक नई पहचान और लोकप्रियता मिली। आरती में मीना कुमारी भी थीं। बाद के समय में उन्होंने अशोक कुमार के साथ समाज, बीआर चोपड़ा की कानून और विमल राय की सुजाता तथा हमराही में उल्लेखनीय किरदार निभाये। ऋषिकेश मुखर्जी की फिल्म अनुपमा में उन्होंने एक अल्हड़ लड़की का दमदार रोल निभाया था। धर्मेंद्र-मीना कुमारी की चर्चित फिल्म फूल और पत्थर में हेलन के साथ उनका कैबरे डांस भी था। नृत्य में अच्छी तरह प्रशिक्षित न होने के बाद भी उन्होंने फिल्म पटरानी में वैजयंती माला के साथ और जवान मोहब्बत में सायरा बानो के साथ नृत्य करके अपनी योग्यता को प्रमाणित किया था। शशिकला की अन्य लोकप्रिय फिल्में थीं वक्त, गुमराह, नीलकमल, तीन बहुरानियां, हमजोली जिसमें उन्होंने चुलबुले किरदार निभाये। इसके बाद शतरंज, पैसा और प्यार के बाद वे अचानक बिना कुछ कहे फिल्मों से गायब हो गईं। दरअसल इस बीच वे दूसरा विवाह कर विदेश चली गई थीं। लेकिन इसमें मिली विफलता के कारण उनके अंदर वैराग्य भाव आ गया। भारत वापस आकर वे चारधाम की यात्रा पर निकल गईं और कई साधु-संतों के आश्रम आदि में रहीं लेकिन अंत में मदर टेरेसा के आश्रम में उन्हें सुकून मिला और वह वहीं सेवा कार्य करने लगीं। मन स्थिर होने के बाद दोबारा उनकी वापसी फिल्मों में हुई और अपने अंतिम दौर में उन्होंने बादशाह (1999), उलझन (2001), चोरी चोरी (2003 ) और मुझसे शादी करोगी (2024), कभी खुशी कभी गम में अम्मा जी आदि के रोल किये। विज्ञापन फिल्म, टीवी धारावाहिकों में भी वे लगातार काम करती रहीं। इतना ही नहीं वह मराठी फिल्में भी लगातार सक्रिय रहीं और लोकप्रिय भी। **चलते-चलते :** शशिकला ने पहला विवाह ओमप्रकाश सहगल नामक व्यवसायी से किया था। वह उनके पड़ोसी थे। उन्होंने शशिकला को हीरोइन बनाने के लिए करोड़पति नामक एक फिल्म भी बनाई थी, जिसके नायक किशोर कुमार और खलनायिका कुमकुम थीं।

**■ अजय कुमार शर्मा**

# सनातन धर्म है अनंत, उसका आदि न अंत

***सनातन*** धर्म राष्ट्रीय बहस का मुद्दा है। कुछ लोगों द्वारा सनातन धर्म को अपमानित किया जा रहा है। यह अनुचित है। अस्तित्व भी सनातन है। सदा से है। सदा रहता है। इसका न आदि है और न अंत। अस्तित्व का अणु परमाणु एक सुसंगत व्यवस्था में गतिमान है। वेदों में ब्रह्माण्ड के इस संविधान का नाम 'ऋत' है। ऋत विधान भी सदा से है, इसलिए सनातन है। 'सनातन' का अर्थ है जो सदा से है और जिसका आदि और अंत नहीं है। प्रकृति की प्रत्येक इकाई का गुण धर्म होता है। जल का धर्म रस, अग्नि का ताप और स्पर्श वायु का धर्म है। मनुष्य का धर्म लोकमंगल के कर्तव्य हैं। अस्तित्व के संविधान का नाम है सनातन धर्म। सनातन धर्म भारत का धर्म है। इसका ध्येय लोकमंगल है। सनातन धर्म का विकास वैदिक काल से भी पहले हुआ। वैदिककाल के दार्शनिक ऋषि प्रकृति और मनुष्यों के स्वाभाविक परिवेश के प्रति जिज्ञासु रहे हैं। उन्होंने देखा कि अस्तित्व नियमबंधन में है। उन्होंने प्राकृतिक नियमों को ऋत सत्य और धर्म आदि नाम दिये। धर्म एक है। यही सनातन धर्म है। इसे वैदिक धर्म भी कहते हैं और हिन्दू धर्म भी। इसका विकास वैदिक दर्शन से हुआ है। यह सतत विकासशील है। इसमें कालवाह्य छूटता जाता है, नया कालसंगत जुड़ता जाता है। वैदिक साहित्य में धर्म के लिए ऋत शब्द का प्रयोग भी हुआ है। प्रकृति की गतिविधि में सुसंगत व्यवस्था है। यही ऋत है। वैदिक समाज में प्रकृति की शक्तियों की गतिविधि के प्रति आदर भाव है। जीवन जगत के रहस्यों के प्रति जिज्ञासा भी रही है। जिज्ञासा, प्रश्न व संशय धर्म के विकास में सहायक रहे हैं। रिलीजन या पंथ मजहब धर्म नहीं हैं। वे विश्वास हैं। रिलीजन या मजहब के विश्वासों पर प्रश्न संभव नहीं है। धर्म सत्य है। सत्य धर्म है। प्रश्न और जिज्ञासा सत्य प्राप्ति के महत्वपूर्ण उपकरण हैं। प्रकृति प्रत्यक्ष है। उसकी शक्तियां भी प्रत्यक्ष सत्य हैं और नियम भी प्रत्यक्ष सत्य हैं। यही सत्य मानव समाज में भी दिखाई पड़ता है। मनुष्य का सदाचरण नियमबद्ध प्रकृति का अनुसरण है। शाश्वत नियमों का पालन करना कर्तव्य है। यही धर्म भी है। ऋग्वेद (2.8.3) में कहते हैं, 'अग्नि ऋतबद्ध है। इन नियमों का कोई उल्लंघन नहीं कर सकता।' नदियां ऊपर से नीचे समुद्र की ओर बहती हैं। यह प्रकृति का नियम है और जल का धर्म। नदियां ऋतावरी कही गई हैं। ऋत अर्थात प्रकृति के संविधान की पालनकर्ता। सूर्य के लिए कहते हैं, 'उसके नियम को इन्द्र, वरुण, रूद्र आदि देवता नहीं तोड़ सकते।' (2.38.9) ऋषि वायु से कहते हैं, 'नियमों के अनुसार चलने वाले मरुद्गण और सरस्वती हमारी स्तुतियां सुनें।' सभी दिव्य शक्तियां प्रकृति के नियमों का पालन करती हैं। देवता शक्तिशाली हैं लेकिन इन नियमों को तोड़ने का अधिकार देवों को भी नहीं है। ऋत, सत्य और धर्म पर्यायवाची हैं। वैदिककाल में मान्यता थी कि नियम पालन कराना वरुण देवता का कर्तव्य है। वरुण भी यह काम धर्मानुसार ही करते हैं। सूर्य भी धर्मानुसार संसार को प्रकाश से भरते हैं। यहां धर्मानुसार का अर्थ नियमानुसार है। सूर्योदय, सूर्यास्त, दिन के बाद रात, रात के बाद दिन सब नियमानुसार हैं। प्रकृति के सारे नियम सत्य हैं। सनातन हैं। भारतीय परम्परा में विष्णु बड़े देवता हैं। मान्यता है कि वे अवतार लेते हैं। लेकिन विष्णु के लिए भी धर्म पालन अनिवार्य है। उन्होंने तीन पग चलकर ब्रह्माण्ड नाप दिया था। यह कार्य आश्चर्यजनक था। ऋग्वेद के अनुसार उन्होंने यह कार्य धर्मानुसार पूरा किया। ग्रिफ्थ ने धर्म का अनुवाद 'लॉज' (विधि) किया है। प्रकृति की शक्तियां धर्म अनुशासन में हैं। मनुष्य प्रकृति का अंग है। इसलिए मनुष्यों को भी तदानुसार धर्म-नियमों का पालन करना चाहिए। सनातन धर्म का विकास प्राकृतिक नियमों के विस्तार से हुआ। रिलीजन और मजहब में एक ईश्वर और एक देवदूत की आस्था है। प्रत्येक मजहब या रिलीजन का एक पवित्र ग्रंथ है। उनके सत्य अंतिम हैं। उन पर कोई तर्क नहीं हो सकते। लेकिन सनातन धर्म परम्परा में सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड प्रश्न और जिज्ञासा के दायरे में हैं। धर्म-नियम धारण करना सभी तत्वों का धर्म है। यह सनातन है। धर्मचक्र प्रवर्तन के बाद बुद्ध ने कहा, 'ऐष धम्मो सनंतनों।' बुद्ध ने नये धर्म की घोषणा नहीं की। सनातन धर्म को ही धम्मों सनंतनों कहा था। हिन्दू धर्म के पालन में विवेकपूर्ण स्वतंत्रता है। धर्म का सम्बंध आचार व्यवहार व आस्तिकता से भी है। धर्म मधुमयता है। वैदिक ऋषि सृजनशील थे। उनकी सृजनशीलता का आलम्बन है मधु। वृहदारण्यक उपनिषद् (2-5-11) में कहते हैं, 'धर्म सभी भूतों का मधु (सार) है। समस्त भूत धर्म के मधु हैं।' धर्म में संसार है, संसार में धर्म है। धर्म सम्पूर्ण जगत का नियामक है और दिव्य तत्व है। यह हिन्दुत्व है। हिन्दुत्व लोकमंगल का ध्येयसेवी है। सनातन धर्म का आधार विवेकपूर्ण दर्शन है। आधुनिक काल में भी धर्म की स्वतंत्रता है। धर्म पालन की जबरदस्ती नहीं है। अंतःकरण की स्वतंत्रता संविधान में 1949 में जुड़ी। सनातन धर्म में प्राचीनकाल से ही अंतःकरण की स्वतंत्रता है। लेकिन कुछ समूह वर्ग धर्म को मजहब व रिलीजन श्रेणी में रखते है। वे धर्म को साम्प्रदायिक बताते हैं। धर्म अंधविश्वास नहीं है। सुख स्वस्ति की आश्वस्ति है। कुछ उत्साही धर्म को वैज्ञानिक विवेचन के दायरे में लाते हैं। निस्संदेह वैज्ञानिक निष्कर्ष सम्माननीय हैं लेकिन विज्ञान की सीमा है। विज्ञान में सत्य का अन्वेषण है। वैज्ञानिक निष्कर्ष अंतिम नहीं होते। नये अविष्कार पुराने निष्कर्ष काट देते हैं। विज्ञान का उपयोग सदुपयोग पर निर्भर है। धर्म और सत्य पर्याय हैं। धर्म का ध्येय लोकमंगल है। धर्म आनंददाता है। राष्ट्रजीवन की आदर्श आचार संहिता है। सतत विकासशील है सनातन धर्म। श्रीकृष्ण गीता (18.63) में अर्जुन से कहते हैं, 'इस प्रकार मैंने तुम्हे गुह्य ज्ञान बता दिया। इस पर ठीक से विचार करो और अपनी इच्छानुसार जो चाहो सो करो-यथेच्छसि तथा कुरु।' दुनिया के किसी भी पंथ मजहब में ऐसी छूट नहीं है। ऋग्वेद के लगभग दस हजार पांच सौ मंत्रों में कहीं भी आज्ञासूचक वाक्य नहीं हैं। सनातन में नित्य नूतन हो जाने की प्रकृति है। इसमें कालवाह्य को छोड़ने और कालसंगत को जोड़ने की क्षमता है। कुछ कालवाह्य मान्यताएं भी संभव हैं। सनातनधर्मी अनेक महानुभावों ने रूढ़ियों की समाप्ति का काम किया है। राजा राममोहन राय, स्वामी दयानंद, विवेकानंद आदि महानुभावों ने सतीप्रथा, बालविवाह, अस्पृश्यता आदि कुरीतियों के विरुद्ध लोक जागरण का काम किया। अस्पृश्यता और जातिभेद समाप्ति को लेकर डॉ. आम्बेडकर, डॉ. हेडगेवार और डॉ. लोहिया ने खूब परिश्रम किया था। सनातन धर्म ईरान तक प्रवाहमान था। भारत में सर्वत्र था ही। भारत के दक्षिणी हिस्से के निवासी कम्बन ने रामकथा लिखी और सनातन धर्म को प्रतिष्ठा दी। इसी राज्य के निवासी राजगोपालाचारी ने भारतीय संस्कृति के लिए अविस्मरणीय काम किया।

**'सनातन' का अर्थ है जो सदा से है और जिसका आदि और अंत नहीं है। प्रकृति की प्रत्येक इकाई का गुण धर्म होता है। जल का धर्म रस, अग्नि का ताप और स्पर्श वायु का धर्म है। मनुष्य का धर्म लोकमंगल के कर्तव्य हैं। अस्तित्व के संविधान का नाम है सनातन धर्म। सनातन धर्म भारत का धर्म है। इसका ध्येय लोकमंगल है। सनातन धर्म का विकास वैदिक काल से भी पहले हुआ। वैदिककाल के दार्शनिक ऋषि प्रकृति और मनुष्यों के स्वाभाविक परिवेश के प्रति जिज्ञासु रहे हैं। उन्होंने देखा कि अस्तित्व नियमबंधन में है। उन्होंने प्राकृतिक नियमों को ऋत सत्य और धर्म आदि नाम दिये। धर्म एक है। यही सनातन धर्म है।**

**■ हृदयनारायण दीक्षित**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## NEWS इन ब्रीफ

### भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा एकदिवसीय मैच आज इंदौर में



**इंदौर।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला का दूसरा मैच रविवार, 24 सितंबर को इंदौर में खेला जाएगा। मोहाली में खेले गए पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराने के बाद टीम इंडिया यहां होलकर स्टेडियम में श्रृंखला जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगी, लेकिन मौसम इस मैच में खलल डाल सकता है। मौसम विभाग ने मैच के दौरान रविवार शाम को बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक, इंदौर में शनिवार सुबह से शाम तक बादल छाए रहे और धुंध का असर रहा। सुबह न्यूनतम दृश्यता 2000 मीटर तक दर्ज की गई। आज सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 23.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं सुबह के समय पश्चिमी उत्तर पश्चिमी हवाएं अधिकतम 15 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चली। भोपाल मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ विशेषज्ञ वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि इंदौर में 24 सितंबर को सुबह 11 से 12 बजे तक मौसम शुष्क रहेगा और बादल छाए रहेंगे, जबकि दोपहर 3 से शाम 7 बजे के बीच हल्की बारिश की संभावना है।

### स्कॉटलैंड के खिलाफ आयरलैंड की महिला क्रिकेट टीम घोषित



**डबलिन।** आयरलैंड ने स्पेन में स्कॉटलैंड के खिलाफ 17 से 24 अक्टूबर तक खेले जाने वाले सफेद गेंद श्रृंखला के लिए अपनी 15 खिलाड़ियों की महिला क्रिकेट टीम की घोषणा की है। श्रृंखला में तीन एकदिवसीय मैच शामिल हैं, जिसके बाद दो टी20 होंगे। 2022 में आधिकारिक वनडे दर्जा प्राप्त करने के बाद स्कॉटलैंड के लिए वनडे प्रारूप में पहला मैच होगा। सभी मैच स्पेन के डेजर्ट स्प्रिंग्स में होंगे, जिसमें वनडे मैच 17,19 और 21 अक्टूबर को शुरू होंगे, जबकि दो टी20 मैच 23 और 24 अक्टूबर को खेले जाएंगे।

# एशियन गेम्स : क्रिकेट के अलावा इन 8 खेलों से है गोल्ड मेडल की पूरी उम्मीद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हांग्जो में एशियाई खेलों की शुरूआत होने वाली है। भले ही इन गेम्स में चीन का दबदबा रहता है लेकिन इस बार भारतीय एथलीट्स भी पूरी तैयारी कर पहुंचेंगे। भारत के पास विभिन्न गेमों में ऐसे कई एथलीट्स हैं जोकि इस बार गोल्ड मेडल का दावा करेंगे। शॉट पुट में जहां तजिंदरपाल सिंह तूर सबके पसंदीदा हैं। वहीं, भारोत्तोलन और बैडमिंटन प्लेयर भी स्वर्ण की उम्मीद में हैं। नीरज चोपड़ा से गोल्ड की सबसे बड़ी संभावना है। क्रिकेट को अगर छोड़ दिया जाए तो 8 भारतीय स्वर्ण पदक के दावेदार हैं।











**ज्योति याराजी :** ज्योति महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में भारत की पहली और एकमात्र एशियाई चैंपियन हैं। वह देश की पहली और एकमात्र महिला भी हैं जिन्होंने 13 सेकंड से कम में यह दौड़ पूरी की। 24 वर्षीय खिलाड़ी इस सीजन में 12.78 सेकेंड के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ एशिया में दूसरे स्थान पर हैं, वह चीन की यानि वू से सिर्फ 0.02 सेकेंड पीछे हैं।

**मीराबाई चानू :** ओलंपिक रजत पदक विजेता और दो बार की राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में सबसे आगे रहती हैं। स्नैच में अब तक कम से कम 7 एथलीट प्रतिष्ठित 90 किग्रा का आंकड़ा पार कर चुके हैं, लेकिन मणिपुर की 29 वर्षीय खिलाड़ी अभी तक वहां तक नहीं पहुंच पाई है। हालांकि मीराबाई क्लीन एंड जर्क की अपनी ताकत के साथ इससे पार पाना चाहेगी।

**सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी :** विश्व की नंबर 3 जोड़ी पिछले 12 महीनों से जबरदस्त फॉर्म में है। आक्रामक मानसिकता वाली इस जोड़ी ने पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के बाद इस साल 4 खिताब जीते हैं। उन्होंने इस दौरान उच्च रैंकिंग वाले विरोधियों को भी हराया है।

**मेहुली घोष :** पश्चिम बंगाल की 22 वर्षीय खिलाड़ी के नाम एक युवा ओलंपिक रजत पदक, एक राष्ट्रमंडल खेलों का रजत और 4 आईएसएसएफ विश्व कप पदक हैं। उन्होंने हाल ही में बाकू, अजरबैजान में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, जिससे 2024 पेरिस ओलंपिक में उनकी जगह पक्की हो गई। मेहुली को अपनी श्रेणी में विश्व चैंपियन और चीन की शीर्ष रैंकिंग वाली हान जियायु से मुकाबला करना होगा। उनका संयम उन्हें पदक दिला सकता है। एशियाड स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक जैसे वरिष्ठ पेशेवरों के अलावा ओजस और प्रथमेश जैसे युवा विश्व स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। चीनी ताइपे और हमेशा से ताकतवर कोरिया उनके लिए सबसे बड़ा खतरा होंगे, लेकिन भारतीयों के हालिया फॉर्म को देखते हुए पहले स्थान पर रहने की उम्मीद करनी होगी।

**महिला हॉकी टीम :** विश्व रैंकिंग में 7वें स्थान पर मौजूद भारतीय महिलाएं वर्तमान में एशिया में सबसे मजबूत टीम है। जापान, चीन और कोरिया क्रमशः 10वें, 11वें और 12वें स्थान पर हैं। सविता पुनिया के नेतृत्व वाली और जेनेके शोपमैन की देखरेख वाली टीम जकार्ता में हासिल किए गए रजत को गोल्ड में बदलने की कोशिश करेगी। 13 साल की लंबी अनुपस्थिति के बाद एशियाई खेलों में शतरंज की वापसी हुई है। भारत के पास गुकेश, प्रगनानंद और अर्जुन जैसी युवा ब्रिगेड है जोकि वैश्विक शतरंज में तेजी से बड़ा नाम बनते जा रहे हैं। भारत के अपने दिग्गज विश्वनाथन आनंद भी मानते हैं कि इस बार खिलाड़ी अच्छे परिणाम लाएंगे। भारतीय पुरुषों को चीन से चुनौती मिलेगी जिसका नेतृत्व मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन कर रहे हैं।

**निकहत जरीन :** निकहत ने पिछले 2 वर्षों में फ्लाईवेट वर्ग में बढ़िया प्रदर्शन किया है और इस साल नई दिल्ली में अपने विश्व चैंपियनशिप खिताब का बचाव किया है। उन्होंने 2 स्ट्रैंड्जा मेमोरियल खिताब और एक सीडब्ल्यूजी गोल्ड भी जीता है। वह एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीतना चाहेंगी। इससे उनका पेरिस ओलंपिक में भी स्थान पक्का हो जाएगा।

## प्रधानमंत्री ने काशी में रखी स्टेडियम की आधारशिला, कहा -

# 'जो खेलेगा, वही खिलेगा'

**एजेंसी। वाराणसी**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पूर्वांचल के पहले क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह स्टेडियम न सिर्फ वाराणसी बल्कि पूर्वांचल के युवाओं के लिए वरदान जैसा होगा। खेल को लेकर समाज की सोच बदली है। आज जो खेलेगा, वही खिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि काशी में आज एक इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी गई है। यह स्टेडियम न सिर्फ वाराणसी बल्कि पूर्वांचल के युवाओं के लिए वरदान जैसा होगा। इस स्टेडियम के पूरा होने पर 30,000 से ज्यादा लोग यहां बैठकर मैच देख पाएंगे। जबसे इस स्टेडियम की तस्वीरें बाहर आई है, उन्हें देखकर हर काशीवासी गदगद हो गया है। पीएम मोदी ने कहा कि देश में जो नया स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो रहा है, उसका लाभ बेटियों को मिलेगा। अब बेटियों को स्पोर्टस की ट्रेनिंग के लिए दूर नहीं जाना होगा। इसी के साथ जो नई एजुकेशन पॉलिसी बनाई गई है, उसमें भी स्पोर्ट्स को एक अहम स्थान दिया गया है। देश के सभी राज्यों में स्पोर्ट्स को बढ़ावा दिया जा रहा है। यूपी में खेलों को बढ़ावा देने के लिए हजारों करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। उन्होंने कहा जब खेल के बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाता है, तो इसका न केवल युवा खेल प्रतिभाओं के पोषण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए भी यह अच्छा संकेत होता है।

पीएम मोदी ने कहा कि यह भारत का पहला बहुस्तरीय खेल परिसर है, जो दिव्यांगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। स्टेडियम से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सरकार ने देश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाई। अब खेल को लेकर समाज की सोच बदली है। वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास समारोह में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इससे खेलों को लोकप्रिय बनाने और युवाओं के बीच खेल प्रतिभा को निखारने में मदद मिलेगी। आज मैं एक ऐसे दिन काशी आया हूं, जब चंद्रमा के शिव शक्ति बिंदु तक पहुंचने का भारत का एक महीना पूरा हो रहा है। शिव शक्ति यानी वो स्थान जहां 23 अगस्त को हमारा चंद्रयान लैंड हुआ था। एक शिव शक्ति का स्थान चंद्रमा पर है और दूसरा स्थान मेरी काशी में है।

### दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने लगाई काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी



**क्रिकेट** के भगवान कहे जाने वाले मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर शनिवार को काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना की है। इस मौके पर उनके साथ सुनील गावस्कर, कपिलदेव, रवि शास्त्री समेत अन्य पूर्व क्रिकेटर और बीबीसाई के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सचिन तेंदुलकर और रवि शास्त्री एयरपोर्ट से काशी विश्वनाथ के लिए रवाना हुए और बाबा विश्वनाथ के दरबार में पूजा की। काशी विश्वनाथ धाम में सचिन तेंदुलकर लाल कुर्ता, गले में फूलों की माला और गमछे में नजर आए। क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास समारोह में भाग लेने काशी आए वर्ष 1983 में भारत को विश्व कप दिलाने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के तत्कालीन कप्तान कपिल देव और सचिन तेंदुलकर ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। कड़ी सुरक्षा के बीच मंदिर में पहुंचे कपिल देव और सचिन तेंदुलकर की एक झलक पाने और सेल्फी लेने के लिए ज्ञानवापी के बाहर युवा प्रशंसकों की भीड़ जुटी रही। मंदिर के गर्भगृह में दोनों क्रिकेटरों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से बाबा के पावन ज्योतिर्लिंग का अभिषेक कर दर्शन किया।

# आयरलैंड एकदिवसीय क्रिकेट में नये रास्ते तलाश रहा है : लोर्कन टकर

**एजेंसी। नॉटिंघम**



आयरलैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज लोर्कन टकर को लगता है कि 2027 पुरुष विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तलाश में टीम के लिए वनडे क्रिकेट में नये रास्ते तलाशने का समय रोमांचक है। डबलिन में जन्मे 27 वर्षीय टकर अपना 45वां वनडे मैच खेलने के लिए तैयार हैं, जब शनिवार को दूसरे मैच में आयरलैंड का सामना इंग्लैंड से होगा।

क्रिकेट आयरलैंड ने टकर के हवाले से कहा, हम इस समय बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं, हम काफी आश्वस्त महसूस कर रहे हैं, और एक नये मैदान पर जाना और कुछ शुष्क परिस्थितियों को देखना बहुत अच्छा है। हम पूरी ताकत पर हैं, इसलिए हमारे पास अच्छे प्रदर्शन के लिए जरूरी सभी लोग मौजूद हैं।" हम चार साल के नए चक्र की शुरूआत में हैं, इसलिए हमारे पास अगले विश्व कप की तैयारी के लिए काफी समय है। यह एक रोमांचक समय होगा क्योंकि हम अपने वनडे क्रिकेट में नए रास्ते तलाश रहे हैं।" उन्होंने पिछले साल के पुरुष टी20 विश्व कप में 48 गेंदों पर नाबाद 71 रन बनाकर और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में आयरलैंड को 25/5 से बचाकर लगभग जीत दिलाकर सुर्खियां बटोरीं। टकर ने इस साल की शुरूआत में बांग्लादेश के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक भी लगाया था।

जहां तक इंग्लैंड की बात है, हम उनकी टीम पर ज्यादा ध्यान नहीं देना चाहते क्योंकि वे हमेशा अच्छी टीमें उतारते हैं। इस समय इंग्लिश क्रिकेट की ताकत और गहराई अविश्वसनीय है - वे सभी मजबूत खिलाड़ी हैं और शानदार क्रिकेट खेल रहे हैं।"

हम उनमें से कुछ से काफी परिचित हैं, लेकिन उनके पास कई नए चेहरे भी हैं जिनके खिलाफ हमने नहीं खेला है, इसलिए मुझे लगता है कि एक टीम के रूप में हमें खुद को ढालने में थोड़ा समय लगेगा, लेकिन हम ऐसा कर सकते हैं।" टकर हाल ही में कैरेबियन प्रीमियर लीग में सेंट किट्स फ्रेंचाइजी के लिए खेलकर लौटे हैं और उन्होंने टिम डेविड के प्रतिस्थापन के रूप में अनुबंध किया है। वहां अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, यह एक नया और रोमांचक अनुभव था।

# दूसरे वनडे के लिए टीम इंडिया में होगा फेरबदल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टीम इंडिया ने मोहाली के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को पहले वनडे में 5 विकेट से हरा दिया। अब टीम इंदौर के मैदान पर रविवार को दूसरा वनडे मुकाबला खेलने के लिए तैयार है। इंदौर वनडे में एशिया कप फाइनल के हीरो मोहम्मद सिराज की वापसी हो सकती है। उनकी जगह शार्दुल ठाकुर को आराम दिया जाएगा। इस तरह भारतीय टीम शमी, सिराज, बुमराह के साथ मैदान पर दिखेगी। मोहाली वनडे में मोहम्मद शमी को मौका दिया गया था। शमी ने पांच विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को परेशान कर दिया था। मैच में केएल राहुल कप्तानी कर रहे थे क्योंकि क्रिकेट विश्व कप से पहले वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए विराट कोहली, रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या को विराम दिया गया था। वहीं, स्पिन खेमे में रविचंद्रन अश्विन के साथ रवींद्र जडेजा एकबार फिर से आक्रमण करने के लिए तैयार होंगे। केएल राहुल और राहुल द्रविड़ के लिए मोहम्मद सिराज को आसानी से टीम में बुलाया जा सकता है क्योंकि उन्होंने श्रीलंकाई के खिलाफ 21 रन देकर 6 विकेट लिए थे। वहीं, मोहाली वनडे में शार्दुल ठाकुर गेंद के साथ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। उन्होंने 10 ओवर में 78 रन दे दिए थे जिसके चलते टीम प्रबंधन को उनके बदल पर ध्यान देना पड़ा। टीम इंडिया के पास जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा, हार्दिक पांड्या जैसे स्थाई गेंदबाज हैं। देखना होगा कि वह मैचों में कैसे अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करते हैं।

**इंदौर वनडे के लिए भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन**

शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज।

### शमी हमेशा हाफ-वॉली लेंथ से घातक होते हैं: मार्क वॉ

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मार्क वॉ ने मोहाली में पहले वनडे में मोहम्मद शमी के प्रदर्शन (5/51) की तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय तेज गेंदबाज 'हाफ-वॉली लेंथ से हमेशा खतरनाक है। उन्होंने कहा, "उन्होंने बिल्कुल सही लेंथ पर गेंद फेंकी और उन्होंने बल्लेबाजों को क्रीज पर रोका -- न शार्ट और न फुल लेंथ, बिल्कुल सही लंबाई जहां आपको थोड़ा सा मूवमेंट मिलता है। इस लेंथ पर बल्लेबाजों को चौका नहीं मिल सकता। शमी उस हाफ-वॉली लेंथ से बैट्समेन को परेशान कर रहे थे। इस बीच, भारत के पूर्व क्रिकेटर अभिषेक नायर ने उस निर्णय के बारे में बात की जो भारतीय थिंक-टैंक को प्लेइंग इलेवन के संबंध में करना है कि क्या शमी और मोहम्मद सिराज दोनों को एक साथ रखना संभव होगा। इन दोनों के बीच एक दिलचस्प मुकाबला होने वाला है। आपको आज के खेल में विकेट लेने के महत्व का पता चल गया क्योंकि भारत एक मजबूत ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी लाइन-अप को आउट करने में कामयाब रहा।

### विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए भारतीय बैडमिंटन टीम अमेरिका रवाना

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) द्वारा आयोजित एक गहन प्रशिक्षण शिविर के बाद, भारतीय दल संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए रवाना हो गया है, जहां वे स्पोकेन, यूएसए में 25 सितंबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 में भाग लेंगे। ओडिशा ओपन 2022 चैंपियन उन्नति हुडा और दो बार के अंडर-19 ऑल इंडिया जूनियर रैंकिंग चैंपियन आयुष शेट्टी के नेतृत्व में, 16 सदस्यीय मजबूत टीम ने गुवाहाटी में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बीएआई के 1 से 20 सितंबर तक आयोजित तैयारी शिविर में भाग लिया, जिसे आरईसी लिमिटेड और भारतीय खेल प्राधिकरण का समर्थन प्राप्त है। बीएआई महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, तीन सप्ताह के प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य खिलाड़ियों के कौशल को मजबूत करना और टीम बॉन्डिंग में सुधार करना था क्योंकि वे व्यक्तिगत स्पधाओं के साथ-साथ टीम चैंपियनशिप में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# गगनजीत ने 5 अंडर 67 का कार्ड खेला

**एजेंसी। चीनी ताइपे**



शीर्ष भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर अपने 11वें एशियाई टूर जीत की दौड़ में बने हुए हैं। उन्होंने शनिवार को बोगी के बिना 5 अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह 16 अंडर पर चल रहे हैं। भुल्लर ने भारतीयों में सर्वाधिक 10 एशियाई टूर खिताब जीते हैं। वह थाईलैंड के पूम साकसानसिन से दो शॉट पीछे चल रहे हैं। साकसानसिन एकल बढ़त बनाए हैं जबकि भुल्लर के अलावा आस्ट्रेलिया के गत चैम्पियन ट्रेविस स्मिथ और पिछले साल के उप विजेता चीनी ताइपे के ली चिए पो संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। एक अन्य भारतीय राशिद खान (66) संयुक्त रूप से छठे स्थान पर चल रहे हैं। अन्य भारतीयों में करणदीप कोच्चर संयुक्त 15वें, वीर अहलावत संयुक्त 27वें, एस चिक्कारंगप्पा संयुक्त 30 और खालिन जोशी संयुक्त 38वें स्थान पर हैं। युवराज सिंह संधू और अजीतेश संधू संयुक्त 46वें जबकि विराज मदप्पा संयुक्त 53वें स्थान पर चल रहे हैं। कुल 9 भारतीयों ने कट में प्रवेश किया जबकि हनी बेसोया, कार्तिक शर्मा, जीव मिल्खा सिंह, एसएसपी चौरसिया और राहिल गंगजी कट से चूक गए।

## एकदिवसीय टूर्नामेंट | पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने दुबई टूर किया रद्द

# विश्व कप से पहले करनी थी टीम बॉन्डिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान को भारत में आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप से पहले दुबई की अपनी टीम बॉन्डिंग यात्रा रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इसका कारण वीजा मिलने में देरी है। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान टीम को अगले सप्ताह की शुरूआत में संयुक्त अरब अमीरात के लिए उड़ान भरनी थी और 29 सितंबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले अभ्यास मैच से पहले हैदराबाद के लिए उड़ान भरने से पहले कुछ दिनों तक वहां रहना था। लेकिन वीजा न मिलने के कारण अब पाकिस्तान क्रिकेट टीम बुधवार की सुबह लाहौर से दुबई और वहां से हैदराबाद के लिए उड़ान भरने की योजना बना रही है।

सूत्रों का कहना है कि वीजा को लेकर स्थिति 'चिंताजनक' है, लेकिन उम्मीद है कि पाकिस्तान यात्रा के लिए वीजा समय पर पहुंच जाएंगे। बताया जा रहा है कि वीजा के लिए आवेदन एक सप्ताह पहले किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान क्रिकेट टीम अब तक वनडे विश्व कप की एकमात्र टीम है जो भारत आने के लिए वीजा का इंतजार कर रही है। पाकिस्तान पिछली बार मार्च 2016 में पुरुष टी20 विश्व कप खेलने भारत आया था।

बता दें कि एशिया कप की मेजबानी पर लंबे समय तक बहस के बाद पाकिस्तान सरकार ने अपनी टीम को भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अगस्त में मंजूरी दे दी थी। पाकिस्तान के पास पहले टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार था, लेकिन उसने अंत में केवल 4 खेलों की मेजबानी की क्योंकि टूर्नामेंट का अधिकांश हिस्सा पूर्व पीसीबी प्रमुख नजम सेठी द्वारा प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल के अनुसार श्रीलंका में खेला गया था। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने 1992 में एकमात्र क्रिकेट विश्व कप जीता था। अपने विश्व कप सफर की शुरूआत वह दो अभ्यास मैच से करेगा। पहला मैच 29 सितंबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ तो दूसरा 3 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा। उनका विश्व कप का पहला मुकाबला 6 अक्टूबर को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ होगा।

### बाबर आजम इस विश्व कप में जलवा दिखा सकते हैं : गंभीर





पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर का मानना है कि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम विश्व कप 2023 में बेहतरीन बल्लेबाज बनने की क्षमता रखते हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने एशिया कप 2023 के शुरूआती मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और नेपाल के खिलाफ 151 रनों की शानदार पारी खेली। हालाँकि, वह अन्य मैचों में गति को जारी रखने में विफल रहे लेकिन पाकिस्तान के लिए अकेले बल्लेबाज के रूप में खड़े रहे। यह पाकिस्तान के एशिया कप के फाइनल में नहीं पहुंचने का सबसे बड़ा कारण था। भारत ने फाइनल में पहुंचने के लिए पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों को हराया और फिर श्रीलंका को हराकर रिकॉर्ड 8वीं बार ट्रॉफी जीती। गंभीर ने कहा, 'बाबर आजम', जब उनसे उस खिलाड़ी का नाम बताने के लिए कहा गया जिसे वह विश्व कप में देखने के लिए सबसे ज्यादा उत्सुक हैं। बाबर आजम इस विश्व कप में आग लगा सकते हैं। मैंने बहुत से खिलाड़ियों को देखा है जिनके पास बल्लेबाजी के लिए काफी समय होता है। गंभीर ने कहा, मुझे लगता है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली, केन विलियमसन और जो रूट वहां हैं, लेकिन बाबर आजम की क्षमता अलग स्तर की है।




### मैकडॉनल्ड्स ने नए खुलने वाले फ्रेंचाइजी रेस्तरां के लिए रॉयल्टी शुल्क बढ़ाई

# यह शुल्क पहले से खुली हुई फ्रेंचाईजी पर लागू नहीं है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मैकडॉनल्ड्स अब नई खुलने वाली फ्रेंचाइजी और रेस्तरां से अधिक रॉयल्टी शुल्क वसूलने की तैयारी में है। फास्ट-फूड सेक्टर की यह दिग्गज कंपनी अगले साल 1 जनवरी 2024 से रॉयल्टी शुल्क 4 फीसदी से बढ़ाकर 5 फीसदी कर देगी। आपको बता दें कि पिछले 30 साल में ऐसा पहली बार हुआ है, जब कंपनी ने फीस बढ़ाई है। हालांकि, इस शुल्क वृद्धि का उन फ्रेंचाइजी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा जो पहले ही खोली जा चुकी हैं। यह बढ़ी हुई फीस नई फ्रेंचाइजी पर लागू होगी। हालांकि, उच्च दर नई फ्रेंचाइजी, कंपनी के स्वामित्व वाले रेस्तरां के खरीदारों, स्थानांतरित रेस्तरां और




अन्य परिस्थितियां को प्रभावित करेगी, जिसमें फ्रेंचाइजर शामिल हैं। रॉयल्टी शुल्क में वृद्धि का संभवतः कई फ्रेंचाइजी पर तत्काल प्रभाव नहीं पड़ेगा। मैकडॉनल्ड्स और इसकी फ्रेंचाइजियों के बीच हाल के वर्षों में कई मुद्दों पर टकराव हुआ है, जिसमें रेस्तरां के लिए एक नई मूल्यांकन प्रणाली और कैलिफोर्निया बिल शामिल है जो अगले साल फास्ट-फूड श्रमिकों के लिए वेतन में 25 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। इस रॉयल्टी शुल्क में वृद्धि के बावजूद, मैकडॉनल्ड्स का संचालन आसमान छू रहा है। पिछले कुछ महीनों के दौरान कंपनी की बिक्री 10 प्रतिशत बढ़ी है, जिसमें मुख्य रूप से बिग मैक और मैकनगेट्स शामिल हैं। कंपनी के मुताबिक, पिछले 5 साल के दौरान फ्रेंचाइजी का कैश फ्लो 35 फीसदी तक बढ़ गया है. मैकडॉनल्ड्स के लगभग 13,400 अमेरिकी रेस्तरां में से 95 प्रतिशत फ्रेंचाइजी द्वारा संचालित होते हैं। वे मैकडॉनल्ड्स सिस्टम के हिस्से के रूप में कंपनी के मोबाइल ऐप को संचालित करने के लिए किराया, मासिक रॉयल्टी शुल्क और वार्षिक शुल्क जैसी अन्य लागतों का भुगतान करते हैं।

### पॉपुलर कसिनो चेन डेल्टा कॉर्प पर जीएसटी चोरी का आरोप

# करना होगा 11139 करोड़ का भुगतान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय ने देश की सबसे बड़ी कसिनो चेन डेल्टा कॉर्प को 11,139 करोड़ रुपये की कथित देनदारी का भुगतान करने को कहा है। हालांकि कंपनी ने इसे अदालत में चुनौती देने की बात कही है। महानिदेशालय के हैदराबाद स्थित कार्यालय ने डेल्टा कॉर्प को शुक्रवार को सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 74(5) और गोवा एसजीएसटी अधिनियम, 2017 के तहत बकाया कर और जुमार्ने के भुगतान आदेश दिया है। आरोप है कि कंपनी ने जुलाई 2017 से मार्च 2022 की अवधि के लिए जीएसटी का कम भुगतान किया है। उसे ब्याज और जुमार्ने के साथ 11,139 करोड़ रुपये की कथित कर देनदारी का भुगतान करने की सलाह दी गई है, ऐसा न करने पर कंपनी को धारा 74(1) के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। डेल्टा कॉर्प ने कहा, डीजी नोटिस में दावा



की गई राशि अन्य बातों के साथ-साथ संबंधित अवधि के दौरान कसिनो में खेले गए सभी खेलों में लगाई गई बाजी के सकल मूल्य पर आधारित है। सकल गेमिंग राजस्व की बजाय सकल बाजी मूल्य पर जीएसटी की मांग उद्योग से जुड़ा एक मुद्दा रहा है और इस मुद्दे के संबंध में उद्योग स्तर पर सरकार को पहले ही विभिन्न अभ्यावेदन दिए जा चुके हैं। इसमें कहा गया है, कंपनी को कानूनी रूप से सलाह दी गई है कि डीजी नोटिस और कर मांग मनमानी और कानून के विपरीत है, और कंपनी ऐसी कर मांग और संबंधित कार्यवाही को चुनौती देने के लिए उपलब्ध सभी कानूनी उपायों का पालन करेगी।

### गोल्डमैन सैक्स ने कहा- भारत के बॉन्ड बाजारों में आएगा 40 अरब डॉलर का निवेश




**नई दिल्ली।** गोल्डमैन सैक्स ग्रुप इंक का मानना है कि जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी के प्रमुख उभरते बाजार इंडेक्स में भारत के शामिल होने देश में जोरदार तरीके से निवेश बढ़ता हुआ दिखेगा। गोल्डमैन सैक्स का कहना है कि से अगले 18 महीनों में भारत के बॉन्ड बाजारों में 40 अरब डॉलर से अधिक का निवेश प्रवाह बढ़ेगा। डैनी सुवानाप्रुति सहित अन्य एनालिस्ट्स ने शुक्रवार को एक नोट में लिखा कि इसमें से लगभग 30 अरब डॉलर का अप्रत्यक्ष निवेश आएगा। यील्ड और कम वोलैटिलिटी के नजरिए से देश के प्रति आकर्षण को देखते हुए कम से कम 10 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष निवेश भी शामिल है। उन्होंने कहा, "निवेश फ्रंट लोडेड होगा और तुरंत शुरू हो जाएगा। इसकी वजह ये है कि निवेशक अगले साल के इनक्लूजन के लिए पहले से तैयारी कर रहे हैं।" वैसे भी कई एमरजिंग मार्केट-डेडीकेटेड फंड पहले से ही भारत में अपना सेट अप बना चुके हैं। इंडेक्स में भारत के शामिल होने की उत्सुकतापूर्वक इंतजार किया जा रहा था। ये घटना अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने के इच्छुक विदेशी निवेशकों के लिए देश की बढ़ती अपील की ओर इशारा करता है। ब्लूमबर्ग द्वारा संकलित आंकड़ों के मुताबिक, वे इस साल अब तक 3.5 अरब डॉलर का इंडियन डेट खरीद चुके हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार 86.7 करोड़ डॉलर घटकर 593.04 अरब डॉलर पर



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 86.7 करोड़ डॉलर घटकर 593.04 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह देश का कुल मुद्रा भंडार 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.90 अरब डॉलर रहा था। अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल वैश्विक घटनाक्रम के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपए की विनिमय दर में गिरावट थामने के लिए इस पूंजी भंडार का उपयोग किया था जिससे विदेशी मुद्राभंडार में कमी आई। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 15 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 51.1 करोड़ डॉलर घटकर 525.91 अरब डॉलर रही। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 38.4 करोड़ डॉलर घटकर 44 अरब डॉलर रहा।

### अमेरिका के भरोसे चलती है गाड़ी

# भारत ने लिया एक फैसला तो अटक जाएगी कनाडा की सांस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और कनाडा के बीच तनातनी ऐसी हो चुकी है कि अब दोनों देशों के बीच दुश्मनी का आभास होने लगा है। दोनों देशों के बीच संबंध बिगड़ने लगे है। डिप्लोमेटिक लेवल पर संबंध बिगड़ने का असर अब व्यापार से लेकर बाजार पर दिखने लगा है। भारत और कनाडा के बीच रिश्तों में आई खटास का असर अब दोनों की इकॉनमी पर भी देखने को मिल सकता है। भारतीय कंपनियां जहां कनाडा से दूरी बना रही है तो वहीं कनाडा की कंपनियों का भारत में बड़ा निवेश है। यूं तो कनाडा की अर्थव्यवस्था अमेरिका के सहारे चलती है, लेकिन भारत से बिगड़ते संबंध का असर उनकी इकॉनमी पर होगा। कनाडा की 2.2 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी वाली इकॉनमी अमेरिका के भरोसे टिकी है। कनाडा के निर्यात को देखें तो इस बात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। कनाडा अपने यहां तैयार ज्यादातर प्रोडक्टर्स की खपत के लिए अमेरिका पर आश्रित है। साल 2021 में कनाडा ने सबसे ज्यादा 75.6 फीसदी निर्यात अमेरिका को किया है। अमेरिका और कनाडा दुनिया में सबसे ज्यादा व्यापारिक संबंध साझा करते हैं। साल 2022 में कनाडा और अमेरिका के बीच 1.2 ट्रिलियन डॉलर का कारोबार हुआ था। ये कनाडा के कुल ग्लोबल ट्रेड का दो तिहाई हिस्सा है। गुड्स एंड सर्विस में कनाडा अमेरिका का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। दोनों के व्यापारिक संबंध काफी पुराने हैं और कनाडा के 80 फीसदी सामान अमेरिका को निर्यात किए जाते हैं।

### जीरो से 25,000 करोड़ रुपये तक का सफर

# 3 अरब डॉलर पहुंची गुजरात के ऑटोमोबाइल सेक्टर की वैल्यूएशन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गुजरात के ऑटोमोबाइल सेक्टर की वैल्यूएशन आज 3 अरब डॉलर (249.3 अरब रुपये) है। पिछले दो दशकों में राज्य ने ऑटोमोबाइल सेक्टर में अच्छी-खासी ग्रोथ की है। आठ लाख से अधिक वाहनों के वार्षिक निर्यात के साथ गुजरात भारत के ऑटोमोटिव लैंडस्कैप में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला राज्य बन गया है। गुजरात अब ऑटोमोटिव हब बनने की ओर है। राज्य की यह जर्नी साल 2009 में साणंद (जिला अहमदाबाद) में टाटा मोटर्स मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना के साथ शुरू हुई थी। अब लोकल और ग्लोबल दोनों निवेशक यहां निवेश के



लिए आकर्षित होते हैं। गुजरात के ऑटोमोबाइल सेक्टर को आगे ले जाने में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का भी बड़ा योगदान है। इसका शुभारंभ साल 2003 में तत्कालीन मुख्यमंत्री तथा वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। यह समिट राज्य के सामाजिक-आर्थिक ढांचे को दोबारा आकार देने के लिए बनी है। यह राज्य को निवेश तथा इनोवेशन के लिए पसंदीदा जगह बनाती है। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में जनवरी, 2024 में आयोजित होने वाली वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का 10वां संस्करण निवेश तथा इनोवेशन के बेजोड़ हब के रूप में गुजरात की स्थिति को और अधिक मजबूत करेगा। साल 2011 में फोर्ड मोटर्स ने उसके साणंद स्थित प्लांट में 5,000 करोड़ रुपए का निवेश किया था। जिससे गुजरात में 3,000 रोजगार पैदा हुए थे। साल 2014 में सुजुकी मोटर्स ने 14,784 करोड़ रुपए के मेगा यूनिट की स्थापना की थी, जिसने 9,100 रोजगार पैदा हुए थे। इसके बाद साल 2022 में टाटा मोटर्स ने साणंद में स्थित फोर्ड प्लांट अपने पास लिया था। इतना ही नहीं, जितरो के साथ गुजरात के सहयोग से भारत का पहला प्लग-एंड-प्ले पार्क यानी जापानीज इंडस्ट्रियल पार्क बना।

## विदेश

### दुनिया को 'ज्ञान' देने वाले अमेरिका, रूस, चीन की जानें हकीकत

# गुपचुप न्यूक्लियर टेस्ट साइट का कर रहे विस्तार

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

दुनिया को परमाणु अप्रसार का ज्ञान देने वाले तीन प्रमुख देश अमेरिका, रूस और चीन तेजी से अपनी न्यूक्लियर टेस्ट साइट का विस्तार कर रहे हैं। इन देशों हाल के वर्षों में अपने परमाणु परीक्षण स्थलों पर नई सुविधाएं बनाई हैं और नई सुरंगें खोदी हैं। यह डेवलपमेंट ऐसे समय हुआ है, जब इन तीनों परमाणु शक्ति संपन्न देशों की बीच तनाव दशकों में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। हालांकि, इसके कोई सबूत नहीं हैं कि अमेरिका, रूस या चीन जल्द ही किसी परमाणु परीक्षण की तैयारी कर रहे हैं। इन तीनों देशों में से अमेरिका परमाणु अप्रसार संधि का सबसे बड़ा समर्थक देश है। अमेरिका दूसरे किसी देश के परमाणु परीक्षण स्थल पर एक पत्ता




भी खड़खड़ाने पर धमकाना शुरू कर देता है। अगर इससे भी काम नहीं चलता है तो वह अपने 'गैंग' के देशों के साथ तुरंत प्रतिबंधों की बौछार कर देता है। सीएनएन ने सैटेलाइट इमेजरी का अध्ययन कर बताया है कि उसने इन देशों के सिर्फ तीन परमाणु परीक्षण स्थलों पर हाल के विस्तार को नोट किया है। इनमें से एक को चीन शिनजियांग प्रांत के सुदूर पश्चिमी क्षेत्र में संचालित करता है, जबकि, दूसरा रूस आर्कटिक महासागर द्वीप समूह में ऑपरेट करता है। तीसरा अमेरिका में नेवादा रेगिस्तान में संचालित किया जाता है। मिडिलबरी इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में जेम्स मार्टिन सेंटर फॉर नॉनप्रोलिफरेशन स्टडीज के प्रोफेसर जेफरी लुईस ने कहा कि पिछले तीन से पांच वर्षों की सैटेलाइट इमेजरी पहाड़ों के नीचे नई सुरंगों, नई सड़कों और भंडारण सुविधाओं के साथ-साथ साइटों के अंदर और बाहर आने वाले वाहन यातायात में वृद्धि दिखाती हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में बहुत सारे संकेत हैं जो हम देख रहे हैं जो सुझाव देते हैं कि रूस, चीन और अमेरिका परमाणु परीक्षण फिर से शुरू कर सकते हैं। 1996 के व्यापक परमाणु परीक्षण द्वारा भूमिगत परमाणु परीक्षण पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद से उनमें से किसी भी देश ने ऐसा नहीं किया है। इस प्रतिबंध संधि पर चीन और अमेरिका ने हस्ताक्षर तो किए हैं, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की है। पूर्व खुफिया विश्लेषक और रिटायर्ड अमेरिका वायु सेना कर्नल सेड्रिक लीटन ने तीनों शक्तियों के परमाणु स्थलों की छवियों की समीक्षा की और एक समान निष्कर्ष पर पहुंचे।

### लंदन से नीस जा रही ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट में महिला यात्री की मौत

**लंदन।** लंदन से नीस जा रही ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट में सवार 73 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। साथी यात्री उस समय चिंतित हो गए, जब बुजुर्ग महिला को काफी जगाने पर भी वह नहीं उठीं, जिसके बाद उन्होंने क्रू टीम को इसकी जानकारी दी। क्रू टीम ने पैरामेडिक्स को सूचित किया, जिन्होंने महिला को जगाने के लिए काफी कोशिश की, लेकिन सब व्यर्थ रहा। फ्रांसीसी समाचार आउटलेट 'द कनेक्सियन' ने बताया कि महिला को रात 10 बजे मृत घोषित कर दिया गया और संदेह है कि उसकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। महिला की मौत हवा में ही हो गई थी लेकिन यात्री को इसका एहसास फ्लाइट के लैंड होने के बाद हुआ। मौत की पुष्टि करते हुए ब्रिटिश एयरवेज ने डेली मेल को बताया, दुख की बात है कि लंदन हीथ्रो से नीस की उड़ान में एक यात्री की मौत हो गई।

### दुनिया के 11वें अमीर व्यक्ति ने ऐलान किया ब्लूमबर्ग का उत्तराधिकारी

# ब्लूमबर्ग की मौत के बाद बिकेगी कंपनी

**एजेंसी। वाशिंगटन**

मीडिया टाइकून और दुनिया के 11वें अरबपति माइकल ब्लूमबर्ग ने अपने उत्तराधिकार की रूपरेखा तैयार कर ली है। माइकल ब्लूमबर्ग फोर्ब्स की रिच लिस्ट में 96।3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, माइकल ब्लूमबर्ग ने समाचार कंपनी के लिए एक उत्तराधिकार योजना की रूपरेखा तैयार करते हुए कहा कि उनकी फाउंडेशन ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपीज इसे विरासत के तौर पर हासिल करेगी और बाद में बेच देगी। न्यूयॉर्क शहर के पूर्व मेयर ने गुरुवार को अखबार द्वारा आयोजित जलवायु शिखर सम्मेलन में यह घोषणा की। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, न्यूयॉर्क शहर के पूर्व मेयर ने गुरुवार को मैनहट्टन में जलवायु शिखर सम्मेलन में कहा कि 81 साल की उम्र हो चुकी




है। ऐसे में एक उत्तराधिकार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं कंपनी का सारा मुनाफा फाउंडेशन को देता हूं। ऐसे में जब वह मर जाएंगे तो फाउंडेशन को कंपनी विरासत में मिलेगी। इसके बाद उसे बेच दिया जाएगा। माइकल ब्लूमबर्ग की कंपनी में अभी 88 फीसदी हिस्सेदारी है।

**कौन हैं माइकल ब्लूमबर्ग?**

माइकल रूबेन्स एक अमेरिकी कारोबारी, राजनीतिज्ञ, परोपकारी और लेखक हैं। वह मीडिया दिग्गज ब्लूमबर्ग एलपी के मालिक, को-फाउंडर और सीईओ हैं। उन्होंने 1981 में वित्तीय जानकारी के लिए मीडिया कंपनी ब्लूमबर्ग की स्थापना की थी, जो आज दुनिया भर में अपनी एक अलग पहचान रखती है। माइकल ब्लूमबर्ग ने नवंबर 2019 में अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार के तौर पर सामने आए थे, लेकिन फिर मार्च 2020 में रेस से बाहर हो गए और 2020 में डोनाल्ड ट्रंप को हराने में लिए करोड़ों डॉलर का खर्च किया।

### फटकार — पीओके खाली करे पाकिस्तान, संयुक्त राष्ट्र में भारत ने दिया करारा जवाब

# पाक को घरेलू मामलों में बोलने का अधिकार नहीं

**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकड़ ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के खिलाफ जहर उगला। अपने संबोधन में उन्होंने जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच शांति के लिए कश्मीर अहम है। पाकिस्तान, बैठकों में चर्चा के एजेंडे और विषय की परवाह किए बिना लगातार संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मंचों पर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाता रहा है। संयुक्त राष्ट्र में अब भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए, आतंकवाद की दुकान बंद करने और अवैध तरीके से कब्जाए पीओके को खाली करने को कहा है। इसके अलावा पाकिस्तान को अल्पसंख्यकों के हालात भी याद दिलाए गए।




यूएनजीए की दूसरी समिति के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने कहा, 'हम दोहराते हैं जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से जुड़ा हर मामला भारत का आंतरिक विषय है। पाकिस्तान के पास हमारे घरेलू मामलों में टिप्पणी का कोई अधिकार नहीं है।' उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान की आदत है कि वह बहुपक्षीय मंचों का दुरुपयोग भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए करता है। पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों की स्थिति याद दिलाते हुए उन्होंने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश और अन्य बहुपक्षीय संगठन अच्छी तरह जानते हैं कि पाकिस्तान का रिकॉर्ड मानवाधिकारों पर बेहद खराब है। इससे ध्यान भटकाने के लिए वह ऐसा करता है।' इसके अलावा उन्होंने पाकिस्तान में हाल के दिनों में चर्च पर हुए हमलों पर भी प्रकाश डाला। कश्मीर का मुद्दा उठाने को लेकर भी उन्होंने पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पहले अपना घर संभालना चाहिए, जहां अल्पसंख्यक लड़कियों का जबरन अपहरण, धर्म परिवर्तन की घटनाएं बढ़ रही हैं। पाकिस्तान के खिलाफ सख्त बयान देते हुए उन्होंने आगे कहा, 'पाकिस्तान उन लोगों को संरक्षण देता है, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकी घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दक्षिण एशिया में शांति बनाने के लिए तीन कदम उठाए। पहला सीमा पर आतंकवाद रोके, दूसरा जबरन कब्जाए गए भारतीय इलाके पीओके को खाली करे और तीसरा पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा को रोके। अनवारुल हक ने कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा हटाने से जुड़ा बयान दिया था।

## पेज एक के शेष

### पीएम आज रांची-हावड़ा ...

प्रस्थान 10:32 बजे और हावड़ा आगमन 12:20 बजे होगा। ट्रेन संख्या 20897 हावड़ा-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस 27 सितंबर से सप्ताह में छह दिन (मंगलवार छोड़कर) हावड़ा से प्रस्थान करेगी। हावड़ा से प्रस्थान दोपहर 03:45 बजे, खड़गपुर से 05:20 बजे, टाटानगर से प्रस्थान 07:10 बजे, चांडिल से प्रस्थान 07:55 बजे, पुरुलिया से प्रस्थान 08:35 बजे, कोटशिला से प्रस्थान 09:15 बजे, मूरी से प्रस्थान 09:40 बजे और रांची आगमन रात 10:50 बजे होगा। इन ट्रेनों में वातानुकूलित चेयर कार के 07 कोच और वातानुकूलित चेयर कार के 01 कोच सहित कुल 08 कोच होंगे।

### मुख्यमंत्री नहीं ...

उन्होंने किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। बताया गया है कि सीएम की तरफ से ईडी को जो पत्र भेजा गया है, उसमें कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है और यह याचिका फिलहाल अदालत में लंबित है। इसलिए ईडी से यह आग्रह है कि जब तक हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई नहीं हो जाती और कोई फैसला नहीं आ जाता, तब तक कोई कार्रवाई ना की जाए। दूसरी ओर ईडी के समन के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को 11 बजकर सात मिनट पर हाई कोर्ट में याचिका दायर कर उन्होंने समन मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले मामले को लेकर हेमंत सोरेन सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी लेकिन वहां से राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई करते हुए पीठ ने कहा था कि हम इस मामले पर विचार नहीं करेंगे। मुकदमे की सुनवाई हाईकोर्ट से शुरू होनी चाहिए। लिहाजा आप झारखंड हाई कोर्ट जाएं।

### हाईकोर्ट ने ...

निदेशक ने कोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित जस्टिस एसबी सिन्हा एवं जस्टिस एससी अग्रवाल के आयोग की रिपोर्ट में याचिकाकर्ताओं का नाम नहीं था। इस कारण उन्हें पंचम पुनरीक्षित वेतनमान नहीं दिया जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि विश्वविद्यालय ने पंचम पुनरीक्षित वेतनमान के लिए उनके नाम की अनुशंसा करते हुए राज्य सरकार को भेजा था। इस पर कोर्ट ने कहा कि जब विश्वविद्यालय ने याचिकाकर्ताओं को पंचम पुनरीक्षित वेतनमान देने की अनुशंसा कर दी है तो उच्च शिक्षा निदेशक को भी अप्रूवल देना चाहिए था।





## NEWS इन ब्रीफ

### एनआईए ने अमृतसर और चंडीगढ़ में एसएफजे प्रमुख पन्नू की संपत्ति जब्त की



**नई दिल्ली।** प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पन्नू की दो संपत्तियों को जब्त कर लिया है। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया, हमने पंजाब के अमृतसर और चंडीगढ़ में पन्नू की दो संपत्तियों को जब्त कर लिया है। अधिकारी ने कहा कि एजेंसी ने पन्नू की जिन संपत्तियों को जब्त किया है, उनमे अमृतसर जिले के बाहरी इलाके में स्थित पैतृक गांव खानकोट में 46 कनाल कृषि संपत्ति भी शामिल है। अधिकारी ने यह भी कहा कि चंडीगढ़ के सेक्टर 15 इलाके में उनकी आवासीय संपत्ति भी जब्त कर ली गई है।

### पालघर के पास समुद्र में 3.8 तीव्रता का भूकंप

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के समुद्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.8 मापी गई। भूकंप आने की सूचना से स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक शुक्रवार शाम करीब 5.19 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.8 मापी गयी। भूकंप विज्ञानी जेएल गौतम ने शनिवार को मीडिया को बताया कि पालघर समुद्र तट से 10 किलोमीटर दूर तथा मुंबई से करीब 78 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में गहरे समुद्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### आतंकी निज्जर के घर एनआईए ने संपत्ति जब्त करने का नोटिस चपकाया

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कनाडा में मारे गए खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के पंजाब के जालंधर में स्थित आवास पर संपत्ति जब्त करने का नोटिस चस्पा कर दिया है। यह घर जालंधर जिला के गांव भारसिंहपुरा (फिल्लौर) में स्थित है। एनआईए की टीम ने शनिवार को यह नोटिस चिपकाया है। मोहाली स्थित एनआईए की विशेष अदालत से जारी हुए नोटिस में कहा गया है कि एनआईए ने हरदीप सिंह निज्जर की अचल संपत्ति को जब्त करने के लिए याचिका दी है। इस मामले में रिश्तेदार-नजदीकी 11 अक्टूबर को स्पेशल एनआईए कोर्ट मोहाली में पेश होकर अपना पक्ष रख सकता है।

### भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय साजिश के आरोप में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** म्यांमार स्थित आतंकी संगठनों के नेतृत्व द्वारा एक अंतरराष्ट्रीय साजिश में कथित संलिप्तता के आरोप में एनआईए ने एक व्यक्ति को इंफाल से गिरफ्तार किया है। मोइरांगथेम आनंद सिंह के रूप में पहचाने गए आरोपित पर 19 जुलाई, 2023 को एनआईए द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि यह व्यक्ति मणिपुर में मौजूदा जातीय अशांति का फायदा उठाकर भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की फिराक में था।

## प्रधानमंत्री ने दो दिवसीय 'अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन' का किया उद्घाटन, बोले

# 'विकसित भारत' के लिए निष्पक्ष न्यायिक प्रणाली जरूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विज्ञान भवन में बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन 2023' का उद्घाटन किया। इंग्लैंड के लॉर्ड चांसलर एलेक्स चाक और बार एसोसिएशन ऑफ इंग्लैंड के प्रतिनिधियों, राष्ट्रमंडल और अफ्रीकी देशों के प्रतिनिधियों और देशभर से आए लोगों की उपस्थिति पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक तरह से ये अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन भारत की वसुधैव कुटुंबकम की भावना का प्रतीक बन गया है। प्रधानमंत्री ने किसी भी देश के विकास में कानूनी बिरादरी की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्षों से न्यायपालिका और बार भारत की न्यायिक प्रणाली के संरक्षक रहे हैं। मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम में कानूनी पेशेवरों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने महात्मा गांधी, बाबा साहेब आंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, लोकमान्य तिलक और वीर सावरकर का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि कानूनी पेशे के अनुभव ने स्वतंत्र भारत की नींव को मजबूत करने का काम किया है और आज की निष्पक्ष न्यायिक प्रणाली ने भारत में दुनिया का विश्वास बढ़ाने में भी मदद की है।

प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब देश कई ऐतिहासिक निर्णयों का गवाह रहा है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन विधेयक को संसद की मंजूरी का उल्लेख करते हुए कहा कि महिला आरक्षण कानून महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को नई दिशा और ऊर्जा देगा। उन्होंने कहा कि एक दिन पहले ही संसद ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक पास किया है। नारी शक्ति वंदन कानून भारत में महिला नेतृत्व विकास को नई दिशा और ऊर्जा देगा।

प्रधानमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि नई दिल्ली में हाल ही में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन में दुनिया को भारत के लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और कूटनीति की झलक मिली। इसी दिन एक महीने पहले भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक उतारने वाला दुनिया का पहला देश बना था। इन उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आज का भारत जो आत्मविश्वास से भरा हुआ है, 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने एक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत में कानूनी प्रणाली के लिए मजबूत, स्वतंत्र और निष्पक्ष नींव की आवश्यकता भी व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन में प्रत्येक देश को अन्य देशों की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखने का अवसर मिलेगा।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने नवरात्रि का उत्साह कई गुना बढ़ा दिया

**वाराणसी।** पीएम ने शनिवार को कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने इस बार नवरात्रि के लिए उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया है।



यह महिलाओं के लिए विकास के नए मार्ग प्रशस्त करेगा। पीएम अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को मंजूरी के बाद काशी की पवित्र धरती पर पहुंचे मोदी ने देश की मातृ शक्ति को बधाई दी। उन्होंने कहा, इस कानून से देश के लिए महिला विकास के नए रास्ते खुलेंगे। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ेगी। मैं इस उपलब्धि के लिए आपको और देश की माताओं-बहनों को काशी की पवित्र धरती से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। पीएम ने कहा, संयोग से कुछ ही समय में दुर्गा पूजा का उत्सव भी शुरू होने वाला है। बनारस में जगह-जगह दुर्गा पंडाल की तैयारी चल रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने इस बार नवरात्रि के उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि महिला नेतृत्व बाकी दुनिया के लिए एक आधुनिक व्यवस्था हो सकती है, लेकिन हम वो हैं जो मां पार्वती और मां गंगा को प्रणाम करते आये हैं। पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला आरक्षण विधेयक तीन दशकों से रुका हुआ था, लेकिन इस बार, कई दल जो हमेशा विधेयक का विरोध करते थे, उन्होंने आपकी (महिलाओं) वजह से दोनों सदनों में इसका समर्थन किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम रिकॉर्ड वोटों से संसद में पारित हुआ है। आपके आशीर्वाद से इसका सौभाग्य आपकी काशी के इस सांसद को मिला है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक व्यापक विजन वाला कानून है। इस कानून की ताकत तब बढ़ेगी, जब समाज से लेकर परिवार तक, हर स्तर पर महिलाओं के लिए आगे बढ़ने के अवसर बढ़ेंगे।

### महिला आरक्षण विधेयक पारित करने में सभी दलों के प्रयासों पर गर्व होना चाहिए : सीजेआई

**भारत के** मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि महिला




आरक्षण विधेयक पारित होने के दौरान संसद में गूंजे सभी दलों के प्रयासों पर गर्व होना चाहिए। बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वकील सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी भावना संविधान के निर्माण के दौरान दिखी थी, जहां दलगत और परस्पर विरोधी विचारधाराओं से ऊपर उठकर सदस्य संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए एक स्वर में एक साथ आए। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि जहां न्यायपालिका कानून के शासन को बरकरार रखती है, वहीं बार एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वकील व्यावसायिक दक्षता और सीमा पार लेनदेन में मदद करते हैं और राष्ट्रीय कल्याण और आर्थिक विकास में योगदान देते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब वकीलों के लिए वैश्विक परिदृश्य में दुनिया भर में पहुंचने का समय आ गया है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण के लिए 7,000 करोड़ से अधिक का बजट आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संरचना कार्यपालिका और न्यायपालिका को अलग-अलग छोर पर खड़ा कर सकती है लेकिन दोनों का उद्देश्य एक ही है -- राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि। इससे पहले केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कोरोना महामारी के दौरान दुनिया में सबसे अधिक संख्या में वर्चुअल सुनवाई करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की सराहना की थी।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' समिति की पहली बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' समिति की पहली आधिकारिक बैठक शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में हुई। सदस्यों ने राजनीतिक दलों और दूसरे हितधारकों के साथ चर्चा करने और उनसे सुझाव मांगने का निर्णय लिया। पहली बैठक यहां जोधपुर हॉस्टल में हुई, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, समिति के सदस्य और राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद सहित अन्य लोग शामिल हुए।

इस बहुप्रतीक्षित बैठक में शनिवार को राजनीतिक दलों के साथ विचार-विमर्श करने और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार पर उनके विचार जानने पर चर्चा की गई। सूत्र ने कहा कि समिति के सदस्यों ने यह भी निर्णय लिया कि यदि कोई भी राजनीतिक दल समिति से मिलने का समय लेना चाहता है तो उसे अपने सुझाव देने की अनुमति होगी। सूत्र ने आगे कहा कि समिति के सदस्यों ने भारत के चुनाव आयोग और अन्य निकायों जैसे हितधारकों के सुझाव और विचार प्राप्त करने के लिए भी चर्चा की। सूत्र ने यह भी कहा कि बैठक के दौरान सदस्यों ने



मुख्य रूप से इस बात पर भी चर्चा की कि समिति कैसे काम करेगी और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार पर आम सहमति बनाने के लिए किन मुद्दों पर सभी के साथ विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। सूत्र ने कहा कि पैनल ने इस बात पर भी चर्चा की कि एक साथ मतदान के लिए विभिन्न परिदृश्यों की जांच कैसे की जाए और त्रिशंकु विधानसभा या अविश्वास प्रस्ताव को अपनाने जैसी स्थितियों से कैसे निपटा जाएगा, इस पर सिफारिशें की जाएंगी। यह बैठक नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने के बाद हुई है। कोविंद, आजाद और शाह के अलावा, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एन.के. सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी अन्य नाम हैं, जो आठ सदस्यीय पैनल का हिस्सा हैं। हालाँकि, चौधरी ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' अवधारणा की जांच के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित आठ सदस्यीय समिति का हिस्सा बनने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। गजट अधिसूचना के अनुसार, समिति न केवल लोकसभा और विधानसभा चुनाव, बल्कि नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव भी एक साथ कराने की व्यवहार्यता पर गौर करेगी। यदि त्रिशंकु सदन, अविश्वास प्रस्ताव, दलबदल या ऐसी कोई अन्य घटना होती है तो समिति एक साथ चुनाव से जुड़े संभावित समाधानों का विश्लेषण और सिफारिश करेगी। सरकार ने अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रीय, राज्य, नागरिक निकाय और पंचायत चुनावों के लिए वैध मतदाताओं के लिए एक एकल मतदाता सूची और पहचान पत्र की खोज की जाएगी।

## असम राइफल्स ने उपद्रवियों पर कार्रवाई की मांग की

**एजेंसी। इंफाल**

असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस से घाटी स्थित विद्रोहियों व उपद्रवियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की अपील की है। विद्रोहियों ने वाहन हासिल करके उन्हें केंद्रीय अर्धसैनिक बल द्वारा उपयोग किए जाने वाले वाहनों के समान मॉडिफाइड करा लिया है। असम राइफल्स के 27 सेक्टर के चुराचांदपुर स्थित मुख्यालय ने चुराचांदपुर जिले के पुलिस अधीक्षक को एक गोपनीय पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि किसी भी प्रकार की प्रतिकूल घटना से बचने के लिए वाहनों के अवैध मॉडिफिकेशन के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। असम राइफल्स के 18 सितंबर के पत्र में कहा गया है, "यह पता चला है कि कुछ मैतेई बदमाशों ने वीबीआईजी की मदद से सिविल मार्केट से कई इस्तेमाल किए गए टाटा 407 वाहन हासिल किए हैं। वाहनों को मॉडिफाइड करके और असम राइफल्स का प्रतीक चिन्ह लगाकर असम राइफल्स द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे टाटा 407 वाहन जैसा बना दिया है। पत्र में कहा गया है कि ये वाहन काकचिंग के सामान्य क्षेत्र में स्थित हैं। नागरिक वाहन को असम राइफल्स वाहन के समान दिखने वाले वाहन में परिवर्तित करना स्पष्ट रूप से असम राइफल्स की छवि को खराब करने या राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए उसी वाहन का उपयोग करने के वीबीआईजी के नापाक इरादे को दशार्ता है। अनुरोध है कि कृपया इस इनपुट को एसपी, काकचिंग और अपने उच्च अधिकारियों तक प्रसारित करें ताकि किसी भी प्रकार की घटना को रोकने के लिए पूर्वव्यापी कार्रवाई की जा सके। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब मणिपुर पुलिस ने 16 सितंबर को छद्म वर्दी में अत्याधुनिक हथियारों के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को मणिपुर पुलिस ने एक फर्जी पहचान एक्स अकाउंट से पोस्ट कर लिखा, फर्जी आई-कार्ड। मणिपुर पुलिस ने ऐसा कोई कार्ड जारी नहीं किया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### सेंचुरी कंपनी में विस्फोट 5 की मौत की आशंका

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर शहर में स्थित सेंचुरी कंपनी में शनिवार को दोपहर भीषण विस्फोट होने से कम से कम पांच मजदूरों की मौत की आशंका है। इस घटना में कई लोग घायल भी हुए हैं। सभी घायलों को कल्याण स्थित सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस के अनुसार सेंचुरी कंपनी में दोपहर करीब 12 बजे अचानक विस्फोट हो गया। इस घटना के दौरान कंपनी में काम कर रहे कई मजदूरों की मौके पर मौत हो गई।

## FILMY हलचल

### अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म 'मिशन रानीगंज' का मोशन पोस्टर हुआ रिलीज

**अक्षय कुमार** स्टार अपकमिंग फिल्म 'मिशन रानीगंज' का मोशन पोस्टर




शनिवार को जारी किया गया। यह रियल लाइफ हीरो जसवंत गिल की कहानी को दिखाता है, जिन्होंने रानीगंज की कोयला खदान के अंदर फंसे खनिकों को बचाने के मिशन को अंजाम दिया। मोशन पोस्टर की शुरूआत बचाव दल के मिड क्लोज-अप शॉट्स से होती है, जिसमें अभिनेता कुमुद मिश्रा, पवन मल्होत्रा, दिब्येंदु भट्टाचार्य, मुकेश भट्ट, अक्षय वर्मा, इश्तियाक खान, दिनेश लांबा और वीरेंद्र सक्सेना शामिल हैं और खत्म बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार के निभाए गए मुख्य किरदार जसवंत गिल के साथ होता है। देश और दुनिया को हिलाकर रख देने वाली कोयला खदान दुर्घटना और जसवंत सिंह गिल के नेतृत्व में बचाव दल के अथक प्रयासों पर आधारित, 'मिशन रानीगंज' मानवीय भावना, दृढ़ संकल्प और वीरता का एक प्रतीक है। यह फिल्म 'रुस्तम' के बाद टीनू सुरेश देसाई की अगली थ्रिलर भी है।

### 'श्रावणी' में आरती सिंह का ट्रांसफॉर्मेशन उड़ाएगा फैंस के होश



**शो** 'श्रावणी' में चंद्रा की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस आरती सिंह ने खुलासा किया है कि वह शो 'श्रावणी' में अपने किरदार को मिलने वाले बदलाव का इंतजार क्यों कर रही हैं। पहले के एपिसोड में, चंद्रा का लुक हैवी एंब्रॉयडरी जैकेट के साथ ब्राइट कलर की साड़ी का था, जो घर की ठाकुरियन के रूप में उनकी भूमिका को प्रतिबिंबित करता था। उनके इस लुक के साथ हैवी जूलरी भी थे, जो उनकी प्रभावशाली उपस्थिति को बढ़ाते थे। हालांकि, एक नए चैप्टर में चंद्रा में लुक में बदलाव देखा जाएगा। वह अब प्लेन शिफॉन साड़ी में नजर आएंगी। मिनिमल जूलरी का उनका चयन लुक का आर्कषक बना रहा है।

### भोजपुरी फिल्म 'एक परिंदा' का ट्रेलर हुआ जारी

**कहते हैं** कि सिनेमा समाज का आईना होता है। ऐसे ही जीवन के सुख-दुःख को समेटे हुए हृदयस्पर्शी, मार्मिक फिल्म 'एक परिंदा' का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस फिल्म में एक्टर डायरेक्टर अवधेश मिश्रा ने जीवन की सच्चाई से परिपूर्ण किरदार निभाया है। वहीं माही श्रीवास्तव ने मां-बाप की दुलारी बेटी की भूमिका को बखूबी जिया है। इस फिल्म के ट्रेलर में बाप-बेटी का भावनात्मक रिश्ता देखकर आंखें पुलकित हो जाती




हैं और दिल द्रवित हो जाता है। अगाध प्रेम से भरा आदर्श पति-पत्नी की भूमिका में अवधेश मिश्रा और रागिनी मिश्रा ने दिल छू लेने वाला अभिनय किया है। भोजपुरी फिल्म जगत में अच्छी और हटके फिल्मों का निर्माण करने वाली म्यूजिक कंपनी वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स ने फिल्म एक परिंदा का निर्माण बड़ी शिद्दत से किया है। फिल्म के ट्रेलर में अभिनेता अवधेश मिश्रा, अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और रागिनी मिश्रा बहुत ही इमोशनल रोल में नजर आ रहे हैं। फिल्म का निर्माण भोजपुरी फिल्मों बेहतरी फिल्म निमार्ता रत्नाकर कुमार ने किया हैं। जिन्होंने अब तक कई सुपर-डुपर हिट फिल्मों का निर्माण किया है। वही इसके निर्देशन की कमान खुद अवधेश मिश्रा ने संभाल रखी है।

## राजनीति

### भाकपा की केरल इकाई नहीं चाहती राहुल वायनाड से लड़ें चुनाव

# इंडिया गठबंधन की बैठक में होगा तय

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

भाकपा की केरल इकाई कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से आगामी लोकसभा चुनाव में वायनाड से चुनाव नहीं लड़ने का अनुरोध कर सकती है। भाकपा की हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय नेतृत्व की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार, अब इस निर्णय से आधिकारिक तौर पर कांग्रेस को अवगत कराया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, भाकपा चाहती है कि गांधी भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ें। भाकपा का मानना है कि चूंकि वह कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' राजनीतिक मोर्चे की पूर्ण सहयोगी है, इसलिए सबसे पुरानी पार्टी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि गांधी वायनाड से चुनाव न लड़ें।



भाकपा केरल में माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी है। वह वर्ष 2009 में इसके गठन के बाद से वायनाड सीट पर चुनाव लड़ती रही है। पिछले तीनों चुनावों में, कांग्रेस उम्मीदवार को आसानी से जीत मिली थी, खासकर 2019 में जब गांधी ने 4.31 लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से जीत दर्ज की थी। हालांकि भाकपा अपना निर्णय बताने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन कांग्रेस सूत्रों ने अनुरोध पर विचार किए जाने पर संदेह व्यक्त किया है। संयोग से केरल की 20 लोकसभा सीटों में से भाकपा चार पर चुनाव लड़ेगी। उसे 2019 के चुनावों में भारी हार का सामना करना पड़ा था, जब कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने 19 सीटें जीती थीं। उनकी हार का एक कारण गांधी का वायनाड से चुनाव लड़ने का निर्णय लेना था। सुझाव को खारिज करते हुए माकपा की केंद्रीय समिति के सदस्य और पूर्व राज्य मंत्री ए.के. बालन ने कहा कि चुनाव लड़ने का निर्णय केवल संबंधित राजनीतिक दलों द्वारा लिया गया है। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. सुधाकरन ने कहा कि भाकपा या उस मामले में कोई भी 'सहयोगी' यह तय नहीं कर सकता कि अन्य पार्टियों को क्या करना चाहिए। उन्होंने कहा, "गांधी वायनाड से ही चुनाव लड़ेंगे।"